✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 222 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 8 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



हरियाणा एसटीएफ ने कुख्यात गैंगस्टर अमन भैंसवाल को अमेरिका से कराया डिपोर्ट

## बिहार के 57 सब रजिस्ट्रार को इनकम टैक्स का नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन रजिस्ट्री से जुड़े मामलों में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। उत्तर बिहार में लगभग 95 प्रतिशत जमीन की रजिस्ट्री कैश में हो रही है जिससे काले धन के प्रवाह की गंभीर आशंका जताई जा रही है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस मामले की जांच के बाद बिहार के 57 सब रजिस्ट्रार को नोटिस भेजा है। इसके साथ ही 2,552 रजिस्ट्रेशन को रिजेक्ट कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जमीन रजिस्ट्री में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। पैन कार्ड और फॉर्म-60 के बिना कई रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं जिससे इनकम टैक्स विभाग को वास्तविक लेन-देन की जानकारी नहीं मिल पा रही है। यही नहीं इस प्रक्रिया का उपयोग ब्लैक मनी को खपाने के लिए भी किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों के पास पैन कार्ड नहीं है, वे फॉर्म-60 का इस्तेमाल करके जमीन की रजिस्ट्री करवा रहे हैं। फॉर्म-60 उन लोगों के लिए अनिवार्य है जिनके पास पैन कार्ड नहीं है और यह बैंक अकाउंट खोलने, निवेश करने और प्रॉपर्टी खरीदने के लिए जरूरी है। अगर यह फॉर्म सही तरीके से भरा नहीं जाता तो रजिस्ट्रेशन करने वाले और खरीदने वाले दोनों के बारे में विभाग को कोई रिपोर्ट नहीं मिलती। इस मामले में इनकम टैक्स विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है तथा बिहार के कुल 11 जिलों में 57 सब रजिस्ट्रार को नोटिस भेजा गया है।

# हर सोमवार-शुक्रवार कार्यालय में जनता की समस्या सुनेंगे अधिकारी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के आम नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर और अफसरों की अनुपस्थिति से होने वाली परेशानी से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा और अहम फैसला लिया है। 'सबका सम्मान-जीवन आसान' को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से अब बिहार के सभी सरकारी अधिकारी हर सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय कक्ष में मौजूद रहकर आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मुख्यमंत्री ने इस फैसले की जानकारी अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2025 को नई सरकार के गठन के बाद राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए सात निश्चय-3 कार्यक्रम लागू किया गया है। इसका सातवां निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' आम नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने पर केंद्रित है। सीएम ने स्पष्ट किया कि कई बार यह शिकायत सामने आती रही है कि लोग अपनी समस्याएं लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं लेकिन अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं। इससे आमजनों को समय, पैसा और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत से लेकर थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला,



प्रमंडल और राज्य स्तर तक के सभी सरकारी कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस सोमवार और शुक्रवार को अधिकारी अपने-अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहेंगे। इन दिनों आम लोग सीधे संबंधित पदाधिकारी से मिलकर अपनी शिकायतें और समस्याएं रख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि अधिकारी लोगों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी बातों को संवेदनशीलता से सुनें और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिकायतों के बेहतर निष्पादन के लिए प्रत्येक कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी और प्राप्त शिकायतों के सतत अनुश्रवण की भी व्यवस्था सुनिश्चित होगी ताकि मामला सिर्फ सुना ही न जाए बल्कि उसका समाधान भी समयबद्ध तरीके से हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह नई व्यवस्था 19 जनवरी 2026 से पूरे राज्य में प्रभावी होगी। इससे न केवल आम लोगों को राहत मिलेगी बल्कि प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। सीएम नीतीश कुमार ने आम नागरिकों से इस पहल को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस व्यवस्था को लेकर कोई विशिष्ट सुझाव देना चाहता है तो वह 10 जनवरी 2026 तक अपने बहुमूल्य सुझाव दे सकता है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह कदम राज्य के नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा और वास्तव में उनके जीवन को आसान बनाने की दिशा में मील का पत्थर बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त 50 स्टेनो एएसआई की तैनाती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने नवनियुक्त 50 स्टेनो एएसआई (आशु सहायक अवर निरीक्षक) की तैनाती कर दी है। इनका पदस्थापन विभिन्न जिला, इकाई एवं वाहिनियों में हुआ है। डीआईजी कार्मिक ने बताया कि नवनियुक्त स्टेनो एएसआई को उनके योगदान की तिथि से वेतन एवं भत्ते की निकासी उनके पदस्थापन कार्यालय से होगा।

### रोहतास रोपवे मामले में सहायक अभियंता निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतासगढ़ में आकाशीय रज्जूमार्ग (रोपवे) के क्षतिग्रस्त प्रकरण में पथ निर्माण विभाग ने सहायक अभियंता कौशलेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि रोहतासगढ़ पर्वत पर बन रहे रोपवे के क्षतिग्रस्त होने पर समिति गठित की गई थी। समिति ने स्थल निरीक्षण के दौरान पाया कि संबंधित परियोजना अभियंता और कनीय अभियंता ने लापरवाही की। समिति ने इन दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबन की अनुशंसा की थी। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि ट्रायल रन के दौरान सहायक अभियंता कौशलेन्द्र कुमार को स्थल पर होना चाहिए था लेकिन वे नहीं थे।

### औरंगाबाद में पांचवीं तक के सभी स्कूल 10 जनवरी तक बंद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बढ़ रही ठंड एवं शीतलहर का देखते हुए जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पांचवीं तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। उनके द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश पारित किया गया है। आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा निजी कोचिंग संस्थानों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में कक्षा पांचवीं तक की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों पर 10 जनवरी तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### बिहार की सड़कों पर नहीं दिखेंगी जुगाड़ गाड़ियां

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की सड़कों पर अब जुगाड़ गाड़ियां नहीं दिखेंगी। इन पर रोक लगाने के संबंधित निर्देश परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पटना हाईकोर्ट ने जुगाड़ गाड़ियों पर प्रतिबंध लगानेका आदेश दिया है। इसे कड़ाई से लागू करने के लिए सभी डीटीओ अपने जिले में अभियान चलाएं। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

### चाकू से गोदकर पीएचईडी के कर्मचारी की हत्या

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** लहेरियासराय थाना क्षेत्र के टावर चौक के पास एक पीएचईडी के कर्मी पवन प्रसाद का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। शव देखने से प्रतीत होता है कि उनकी हत्या चाकू से गोदकर की गई है।

# बिहार में पांच स्टेट हाइवे के निर्माण के लिए 2900 करोड़ रुपये मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य में जल्द ही पांच प्रमुख स्टेट हाइवे के निर्माण का काम जोर-शोर से शुरू होने वाला है। इन परियोजनाओं के लिए एशियन विकास बैंक की ओर से लगभग 2900 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता को मंजूरी दे दी गई है। मंजूरी मिलते ही बिहार राज्य पथ विकास निगम ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य पथ विकास निगम ने हाल ही में एडीबी को पीबीई रिपोर्ट भेजी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर एडीबी ने इन पांचों स्टेट हाइवे परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। एडीबी की मंजूरी के बाद अब राज्य



सरकार को चरणबद्ध तरीके से फंड उपलब्ध कराया जाएगा और उसी के अनुरूप निर्माण कार्य भी फेज वाइज पूरा किया जाएगा। इन पांच स्टेट हाइवे परियोजनाओं के तहत लगभग 225 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया जाएगा। इनमें से कई सड़कें पहले टू-लेन की थीं जिन्हें अब चौड़ा कर सिक्स लेन बनाया जाएगा। इससे न केवल ट्रैफिक का दबाव कम होगा बल्कि यात्रा भी अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी। इन परियोजनाओं के लिए पहले ही डीपीआर तैयार कर ली गई थी। इसके साथ-साथ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है और टेंडर जारी किए जा चुके हैं। अब एडीबी से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा। राज्य सरकार ने इन सभी स्टेट हाइवे परियोजनाओं को दो साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। समयबद्ध तरीके से काम पूरा हो, इसके लिए निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परियोजनाओं की निगरानी भी नियमित रूप से की जाएगी ताकि गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का पालन हो सके। इन पांच स्टेट हाइवे के निर्माण से बिहार के 8 जिलों नालंदा, नवादा, गयाजी, सारण, भोजपुर, मुंगेर, बांका और मुजफ्फरपुर को सीधा लाभ मिलेगा। इन जिलों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से न सिर्फ स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी बल्कि व्यापार, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों को मुख्य सड़कों से जोड़ने में यह परियोजना अहम भूमिका निभाएगी।

## रिश्वतखोरी में कनीय अभियंता समेत तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई की सख्त कार्रवाई विभिन्न जिलों में जारी है। इसी क्रम में पटना से आई विशेष निगरानी इकाई की टीम ने बुधवार को मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज में विद्युत विभाग के एक जूनियर इंजीनियर समेत तीन लोगों को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आशापट्टी परसौनी गांव निवासी मोहम्मद जाहिद की लिखित शिकायत के आधार पर की गई। यह पूरा मामला बिजली कनेक्शन से जुड़ा हुआ है। शिकायत मिलने के बाद जाल बिछाकर रिश्वतखोरों को दबोचा गया। शिकायतकर्ता मोहम्मद जाहिद का आरोप है कि बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने के एवज में साहेबगंज विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर गौतम कुमार, एमआरसी कर्मी निशांत और लाइनमैन मुनचुन राय द्वारा कुल 12 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। आरोप है कि रिश्वत नहीं देने पर



बिजली कनेक्शन नहीं लगाने और प्राथमिकी दर्ज कराने की धमकी दी जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा दबाव बनाकर पहले पांच हजार लेने की पुष्टि हुई थी। शेष राशि आज देने के लिए कहा गया था। इसी आधार पर आज विशेष निगरानी इकाई की टीम ने जाल बिछाकर तीनों आरोपियों को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। विशेष निगरानी इकाई ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को गुरुवार को निगरानी न्यायालय, पटना में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जस्टिस संगम कुमार साहू बने पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जस्टिस संगम कुमार साहू ने पटना उच्च न्यायालय के 47वें मुख्य न्यायाधीश बन चुके हैं। बुधवार सुबह उन्होंने राजभवन में शपथ ली। राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. बी. बजंथ्री के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है। बिहार लोक भवन में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण, वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य महानुभावगण उपस्थित थे। जस्टिस साहू के मुख्य न्यायाधीश बनने से न्यायिक कार्यों में गति और प्रभावशीलता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## भूमि व बालू माफिया पर होगी सख्त कार्रवाई : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बीमारी का डोज हिसाब से दिया जा रहा है क्योंकि ज्यादा डोज अनर्थ या रिएक्शन भी कर सकता है। इसलिए थोड़ा-थोड़ा डोज देकर बीमारी ठीक करना चाहते हैं। देसी इलाज पर भी विश्वास करते हैं। ऑपरेशन की जरूरत पड़ेगी तो एलोपैथ की भी व्यवस्था रखते हैं। वे बुधवार को पत्रकारों से मुखातिब थे। वे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में सुधार की प्रक्रिया की चर्चा कर रहे थे। कहा कि सुधार की प्रक्रिया धीरे-धीरे हो रही है। इसलिए धीरे-धीरे डोज दे रहे हैं। पूर्ण विश्वास है कि 31 मार्च तक सुखद एवं स्वस्थ वातावरण का माहौल बनेगा। हर बिहारी गर्व महसूस करेगा सरकार की नई पहल से। बिहार में अराजकता फैलाने वाले नहीं बचेंगे। सीएम नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्देश है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर रहे हैं। भूमि माफिया हो या बालू माफिया। बालू माफिया के लिए तो और



नए एक्ट लाने जा रहे हैं। उसमें कई ऐसे प्रावधान हैं जिसमें पूरी पारदर्शिता के साथ स्थिति और बेहतर होगी। विभाग में लोगों की अपेक्षा बढ़ी है। उनकी अपेक्षा और विश्वास पर खरा उतरना हमारा लक्ष्य है। प्रेस वार्ता के दौरान डिप्टी सीएम ने विभाग के परिपत्र संग्रह का विमोचन भी किया। इसमें 2003 से 2023 तक के नियमों व दिशा-निर्देशों को चार भागों में रखा गया है। उन्होंने बताया कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद के तहत लंबित भूमि मामलों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। काम के निष्पादन में काफी गति आई है। मामलों में चार हजार से अधिक की कमी आई है। मकर संक्रांति के बाद विभाग की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने कहा कि निगरानी का दायरा अब अंचल स्तर तक बढ़ेगा। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह संदेश भी दिया गया कि विभागीय मामलों में लापरवाही, देरी या भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग अब पुराने ढर्रे और ढील-ढाले तरीके से नहीं चलेगा बल्कि सटीक और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## विधानसभा की तरह होगा पंचायत चुनाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि दिसंबर 2026 से पहले हर हाल में पंचायत चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। इस बार का पंचायत चुनाव कई मायनों में खास होने वाला है, क्योंकि पहली बार बिहार में पंचायत चुनाव ईवीएम के जरिए कराए जाएंगे। अब तक पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होते रहे हैं। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव के लिए एम-3 ईवीएम यूनिट खरीदने की तैयारी कर रहा है, जो एम-2 ईवीएम यूनिट से अधिक उन्नत मानी जाती है। आयोग 32 हजार से अधिक ईवीएम यूनिट खरीदने जा रहा है। इस ईवीएम की खासियत यह है कि इसमें 24 बैलेट यूनिट जोड़ी जा सकती हैं और एक साथ 384 प्रत्याशियों की सूची दर्ज की जा सकती है। मतदान के दौरान एक कंट्रोल यूनिट के साथ छह पदों के लिए छह बैलेट यूनिट आसानी से जोड़ी जा सकती हैं। इन ईवीएम की खरीद पर करीब 64 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### बिजली की कमी को दूर करने में नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना की निर्णायक भूमिका

# पूर्वी भारत की ऊर्जा केंद्र बनी नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्वी भारत में लंबे समय से चली आ रही बिजली की कमी को दूर करने में नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना ने निर्णायक भूमिका निभाई है। औरंगाबाद जिले के माझियान और अंकोरहा गांव में सोन नदी के तट पर स्थापित यह 1,980 मेगावाट क्षमता की कोयला आधारित सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना आज बिहार की ऊर्ज़ा सुरक्षा की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। तीन इकाइयों में विभाजित यह परियोजना, प्रत्येक 660 मेगावाट क्षमता के साथ, बिहार को बिजली अभाव वाले राज्य से बिजली संपन्न राज्य में बदलने में सफल रही है। परियोजना से उत्पादित कुल बिजली का लगभग 84.8 प्रतिशत यानी 1,677 मेगावाट बिहार को प्राप्त होता है, जिससे राज्य की राष्ट्रीय ग्रिड पर निर्भरता में भारी कमी आई है। शुरुआत में इस परियोजना का विकास नबीनगर पावर



जेनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया था, जो एनटीपीसी लिमिटेड और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड का पचास-पचास प्रतिशत संयुक्त उपक्रम था। बाद में स्वीकृत विलय योजना के तहत परियोजना का स्वामित्व एनटीपीसी को हस्तांतरित कर दिया गया। 19,412 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत वाली इस परियोजना के लिए हर वर्ष लगभग 1.125 करोड़ टन कोयला सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के नॉर्थ करणपुरा कोलफील्ड से प्राप्त किया जाता है जबकि बिजली की निकासी गया स्थित उपकेंद्रों से जुड़ी दो 400 केवी दोहरी सर्किट पारेषण लाइनों के माध्यम से की जाती है। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, सामग्री उपलब्धता, कानून व्यवस्था और अत्यधिक वर्षा व सोन नदी की बाढ़ जैसी चुनौतियां सामने आईं। भूमि अधिग्रहण में मुआवजा दरों, बीआरबीसीएल के समान दर की मांग और रोजगार संबंधी अपेक्षाओं को लेकर लंबी वार्ताएं चलीं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा बालू खनन पर रोक और लगातार बाढ़ से निर्माण कार्य भी प्रभावित हुआ। बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सहमति आधारित अधिग्रहण ढांचा तैयार किया गया। जिला (शेष पृष्ठ 11 पर)

## भगवान राम के नाम से विपक्ष को लगती है मिर्ची : एनडीए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जब से केंद्र सरकार ने लोकसभा में मनरेगा की जगह 'जी राम जी' बिल लाया है तब से विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। मोदी सरकार पर महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना का नाम बदलने का आरोप लगा रहा है। हालांकि एनडीए इसको लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं है। वहीं बिहार में सत्ता पक्ष के तमाम दलों ने एकजुटता दिखाते हुए इस विधेयक का समर्थन किया और विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। पटना में एनडीए ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बिल के फायदे गिनाए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो कानून लाया है वह गांव



और मजदूरों के हित में है लेकिन इस कानून में राम जी का नाम है, इसलिए विपक्ष को मिर्ची लग रही है। जी राम जी बिल में राम शब्द आता है। राम शब्द आ गया है तो भगवान श्रीराम के नाम पर भी विपक्षियों लगता है जैसे कुछ मिर्ची लगती होगी। हम तो यही कह सकते हैं कि ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए, गरीब किसानों-मजदूरों को और (शेष पृष्ठ 11 पर)

C M Y K

# महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है विकसित भारत-जी राम जी : संजय सरावगी

## विपक्ष 'विकसित भारत-जी राम जी' को लेकर जो दुष्प्रचार कर रहा, वह पूरी तरह भ्रामक : उमेश सिंह कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज विकसित भारत गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण यानी विकसित भारत-जी राम जी कानून को लेकर विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि विपक्ष कोई भी अच्छे कामों का विरोध करता है जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कानून में पिछले रोजगार कानून की कमियों को दूर किया गया है। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित एनडीए की संयुक्त प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एनडीए और पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प 2047 तक देश को विकसित बनाने का है। इसी के तहत गांव को भी विकसित करना जरूरी है जब गांव विकसित होगा तभी देश और बिहार विकसित होगा। बिहार में नीतीश



कुमार की सरकार गांव को विकसित करने के उद्देश्य से गांव में आधारभूत संरचनाओं के अलावा गांव के विकास के विस्तृत रूप से काम कर रही है। उन्होंने विकसित भारत-जी राम जी कानून में लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि पहले इसी तरह के कानून में 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान था जबकि इस कानून में 125 दिनों की रोजगार की गारंटी है। इसके अलावा रोजगार नहीं मिलने पर अलग से भत्ता देने का भी प्रावधान है। मानदेय प्रत्येक सप्ताह भुगतान का प्रावधान है। उन्होंने कहा एनडीए की सोच हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो। गरीब, जनजाति और पिछड़े वर्ग को रोजगार मिले, इसके लिए यह बिल लाया गया है। 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय मिशन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह पूरा बिल महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप है और राम राज्य की स्थापना के लिए है। उन्होंने स्पष्ट कहा इस कानून में निश्चित रूप से गांव की चिंता की गई है। विस्तृत रूप से इस कानून में गांव के गरीबों, किसानों और गांव को विकसित करने के लिए लाया गया है जबकि मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायतें बड़ी संख्या में मिलती थीं। मनरेगा एक तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बना रहता था। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इस कानून में यह कोशिश की गई है कि इस योजना की राशि उपयोगी तरीके से खर्च हो। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने में यह कानून उपयोगी साबित होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'विकसित भारत - जी राम जी' योजना का उद्देश्य पंचायतों को सशक्त बनाना है जहां ग्राम सभा (गांव की सभा) अपने विकास के काम खुद तय करेगी और उन्हें लागू करेगी। इससे गांव गरीबी मुक्त और आत्मनिर्भर बने और ग्रामीण रोजगार और विकास को बढ़ावा मिले। खासकर जल संरक्षण, बुनियादी ढांचे और आजीविका के कामों पर ध्यान हो। इसका लक्ष्य गरीबी मुक्त, रोजगार युक्त, स्वावलंबी और स्वयं पूर्ण गांव बनाना है। उन्होंने विपक्ष को लेकर तंज कसते हुए कहा कि मुझे तो लगता है कि विपक्ष को भगवान श्री राम के नाम से भी तकलीफ हो रही है, लेकिन यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लाभप्रद है।

# विधानसभा अध्यक्ष की मुख्यमंत्री से मुलाकात, विधायी गरिमा और विकास पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बुधवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक अणे मार्ग स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और समसामयिक विषयों के साथ-साथ विधानसभा की गरिमा बनाए रखने तथा विधायी कार्यों के सुगम और प्रभावी संचालन से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान विधानसभा सत्रों के दौरान स्वस्थ, मर्यादित और रचनात्मक बहस को प्रोत्साहित करने, सदन की परंपराओं और अनुशासन को और मजबूत करने तथा विधायी प्रक्रिया को अधिक सुचारु बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि लोकतांत्रिक



संस्थाओं की मजबूती के लिए सदन की गरिमा सर्वोपरि है और जनहित से जुड़े विधेयकों व प्रस्तावों पर समयबद्ध एवं व्यवस्थित चर्चा आवश्यक है। इसके साथ ही राज्य में संचालित विकास योजनाओं की विधायी समीक्षा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सरकार तथा विधानसभा के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी बातचीत हुई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सरकार और विधायिका के बीच सकारात्मक संवाद से न केवल कानून निर्माण की प्रक्रिया मजबूत होगी, बल्कि आम जनता तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच सकेगा। इस शिष्टाचार मुलाकात को विधायी व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सदन के सुचारु संचालन और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# फाइलेरिया की रोकथाम के लिए चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 34 जिलों में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत राज्य के 19 जिलों बांका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, कैमूर, मुंगेर, खगड़िया, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, पश्चिम चंपारण, बक्सर, भोजपुर, मधुबनी, नालंदा, नवादा, पटना में डीईसी और एल्वेंडाजोल यानी दो तरह की फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जाएंगी जबकि 15 जिले औरंगाबाद, गया, बेगूसराय, जमुई, मुजफ्फपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सहरसा, वैशाली, दरभंगा, लखीसराय, रोहतास, पूर्णियां और समस्तीपुर में डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन यानी 3 तरह की फाईलेरिया रोधी दवाएं दिए जाएंगे। श्री पांडेय ने बताया कि अभियान के तहत पहले 14 दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी एवं वालंटियर्स घर-घर जाकर अपने सामने दवा खिलाएंगे। घर-घर भ्रमण के बाद 3 दिवसीय विद्यालय स्तरीय बूथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों एवं छूटे हुए लाभार्थियों को स्वास्थ्यकार्यकर्ता अपने सामने दवा सेवन कराएंगे जबकि सभी सरकारी चित्सिकीय संस्थान तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल एवं जिले में स्थित सरकारी एवं गैर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक कुल 17 दिनों तक बूथ लगाया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रखंडों में पड़ने वाले कारागृह, सरकारी दफ्तर, एसएसबी एवं सीआरपीएफ कैंप, कल-कारखाने, छात्रावास, ईंट भट्ठों इत्यादि को विशेष कार्ययोजना बनाकर मोबाइल टीम द्वारा कवर किया जाएगा। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मध्याह्न भोजन /पूरक पोषाहार के बाद ही दवा खिलाई जाएगी।

# नैक मान्यता की तैयारी को लेकर पटना विश्वविद्यालय में अहम बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय में नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल की नयी बाइनरी आधारित ग्रेडिंग प्रणाली की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नमिता सिंह की अध्यक्षता में जय प्रकाश अनुषद भवन, पटना विश्वविद्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पटना विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, संस्थानों के निदेशक, नैक समन्वयक तथा विश्वविद्यालय के अधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं उससे जुड़े महाविद्यालयों की नैक मान्यता से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक के एजेंडे में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा एनुअल क्वालिटी एश्योरेंस रिपोर्ट की स्थिति की समीक्षा, नैक द्वारा प्रस्तावित नई बाइनरी एवं मैच्योरिटी आधारित ग्रेडिंग प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक बिंदुओं पर प्रस्तुति, नैक निदेशक प्रो बीरेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया तथा विभागों एवं महाविद्यालयों द्वारा तैयार किए जाने वाले दस्तावेजों पर भी चर्चा की गयी जिसमें नैक द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदम शामिल हैं। साथ ही नैक के महत्वपूर्ण आयामों में से नैक ए पर जिसे दिल्ली विश्वविद्यालय के समर्थ टीम एवं पटना विश्वविद्यालय के समर्थ टीम के सहयोग से प्रस्तुतीकरण किया गया।

# राष्ट्रपिता का अपमान कर रही एनडीए सरकार : रौशन सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पटना जिला के पर्यवेक्षक रोशन कुमार सिंह ने कहा कि देश की एनडीए सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान कर रही है और उनके सपने को चकनाचूर कर रही है। श्री सिंह पटना महानगर कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता पटना महानगर कांग्रेस अध्यक्ष शशि रंजन ने किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से महात्मा गांधी जी के नाम पर नेशनल रोजगार गारंटी योजना कांग्रेस सरकार के द्वारा शुरू की गई थी उसका नाम बदलकर न जी राम जी करना यह साबित करता है कि




भाजपा और एनडीए सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरोधी है और देश से उनके नाम को मिटाना चाहती है जिस तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्थक नाथूराम गोडसे ने राष्ट्रपिता गांधी जी की हत्या की थी उसी तरह आरएसएस के लोग गांधी जी के इतिहास को मिटाकर उनके अस्तित्व को खत्म करना चाह रही है। भाजपा के नेताओं के द्वारा धर्म के नाम पर प्रदेश के नाम पर संप्रदाय के नाम पर एवं पौराणिक धरोहरों का नाम बदलकर देश में अलगाववाद को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस पार्टी उनके मन सुबह को कभी सफल होने नहीं देगी और पूरे देश में इनके खिलाफ आंदोलन को मजबूत करेगी। इस मौके पर कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्रदीप चंद्रवंशी, शमीम अख्तर, चंदन कुमार, शिवम राज, कमलेश पांडेय, विकास कुमार सिंह, हेमंत चतुर्वेदी, राजेश कुमार पावन कुमार केसरी सहित सभी जिला पदाधिकारियों के साथ प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

# रेल मुख्यालय हाजीपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में आज नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय छमाही (संयुक्त) बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हाजीपुर नगर राजभाषा नियम 1976 के तहत 'क' क्षेत्र में आता है यानी यह पूर्णतः हिंदी भाषी क्षेत्र है अतः यह स्वभाविक है कि यहां शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही किया जाना अपेक्षित है। इसके लिए हम सभी मिलजुल कर एक ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमें हिंदी में कार्य करने में कोई झिझक नहीं हो बल्कि हिंदी में कार्य करना रोचक, सुगम एवं स्वभाविक हो। इस अवसर पर अपने संबोधन में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार




प्रेरणा, प्रोत्साहन और पुरस्कार पर आधारित है। हमें उत्साहवर्धक वातावरण का निर्माण करते हुए अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को अपना मूल कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित करना होगा। मौके पर उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में हम राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर सचेष्ट हैं और हमारी कोशिश है कि विभिन्न माध्यमों से सदस्य कार्यालयों के प्रमुख व कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए एवं राजभाषा के विकास के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जाए। बैठक में कोलकाता से पधारे उप निदेशक (कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय डा. विचित्रसेन गुप्त ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि भारत सरकार की राजभाषा नीति कैसे कारगर तरीके से कार्यान्वित हो। अपने संबोधन में उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के विविध पहलुओं पर गहराई से प्रकाश डाला और उम्मीद व्यक्त की कि हाजीपुर नराकास एक दिन देश के शीर्षस्थ नराकासों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा। हाजीपुर नगर स्थित 22 केंद्र सरकार के कार्यालयों के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित थे और उन्होंने भी अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के संबंध में समिति को अवगत कराया। महत्वपूर्ण बैठक का संचालन करते हुए केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने सभी से आग्रह किया कि वे राजभाषा प्रयोग के सभी प्रावधानों को अपने कार्यालयों में लागू कराने के प्रति निरंतर सजग रहें और अपने कार्यालयी कार्यों को शत-प्रतिशत हिंदी में ही निष्पादित करना सुनिश्चित करें।

# तकनीकी दक्षता का उपयोग कृषि क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप करें अभियंता : रामकृपाल

## कृषि मंत्री ने अभियंत्रण छात्रों को सौंपे प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, कृषि नवाचार को मिलेगा युवा नेतृत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि भवन, पटना स्थित कार्यालय कक्ष में कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बिहार के विभिन्न अभियंत्रण महाविद्यालयों के 20 छात्र-छात्राओं को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव तथा अपर सचिव मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य सरकार की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, नवाचार और इलेक्ट्रॉनिक शासन को सशक्त किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से अभियंत्रण छात्रों



को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, कृषि अभियंत्रण और डिजिटल व्यवस्था से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं को वास्तविक प्रशासनिक और मैदानी कार्यों से जोड़ना है। ताकि वे अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग कृषि क्षेत्र की जमीनी जरूरतों के अनुरूप कर सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्रों को सरकारी कार्यप्रणाली की समझ के साथ-साथ कृषि क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों, समाधान आधारित नवाचारों और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ है। कृषि मंत्री ने बताया कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम भूमि संरक्षण निदेशालय, कृषि अभियंत्रण संभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी संभाग के अंतर्गत संचालित किया गया। इसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली और कृषि स्टैक से जुड़े कार्य भी शामिल रहे। प्रशिक्षण में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक कृषि यंत्रों, सिंचाई संरचनाओं, डिजिटल डाटाबेस प्रबंधन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली और कृषि से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कृषि मंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि ये युवा अपनी तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता और डिजिटल कौशल का उपयोग राज्य के कृषि विकास को गति देने में करेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेती को अधिक सशक्त, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए अपने ज्ञान और कौशल का समर्पित भाव से उपयोग करें। ताकि प्रदेश की समृद्धि को नई दिशा मिल सके। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में सैकड़ों मरीजों का ऑपरेशन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी में निः शुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में मोतियाबिंद के मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ-साथ मरीजों को मुफ्त चश्मा भी दिया गया। हर साल सुरेश चंद्र फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद शिविर लगाया जाता है। अभी तक हजारों मरीजों का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा चुका है साथ ही मरीजों को आने-जाने और रहने खाने की भी व्यवस्था की जाती है। डॉ सत्यजीत सिन्हा के द्वारा लगातार सफल ऑपरेशन किया जा रहा है।

# शाद की नज्मों में मुल्क का दिल धड़कता है : कमलनयन श्रीवास्तव

## शाद अजीमाबादी की 99वीं पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि,चादरपोशी और गुलपोशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** कालजयी शायर खान बहादुर सैय्यद मोहम्मद शाद अजीमाबादी की 99वीं पुण्यतिथि को सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों ने स्मृति समारोह में स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। बुधवार की सुबह शाद अजीमाबादी पथ, लंगर गली, हाजी गंज स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी और गुलपोशी कर फतेहा के साथ उन्हें नमन किया गया। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नवशक्ति निकेतन के तत्वावधान में आयोजित स्मृति



सभा में मौजूद कवि और शायरों ने अपनी प्रस्तुति से शाद को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि रमेश कवल एवं वरिष्ठ शायर खुर्शीद अकबर को 'शाद अजीमाबादी सम्मान' तथा कवयित्री पूनम सिन्हा 'प्रेयसी' एवं शायरा जीनत शेख को 'साहित्य और समाज सेवा सम्मान' से शॉल, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि विधायक रत्नेश कुशवाहा ने शाद को कालजयी शायर बताया और कहा कि अजीमाबाद साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही है। कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि शाद की नज्मों में मुल्क का दिल धड़कता है। वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने शाद की दुलर्भ रचनाओं को हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित कराने की मांग सरकार से की।

# आईटीसी होटल्स ने किया वेलकम होटल बोधगया, होटल एवं कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने वेलकम होटल बाई आईटीसी होटल्स, बोधगया, होटल एवं कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन की घोषणा की। 18 एकड़ के शांत प्राकृतिक परिसर में फैली यह संपत्ति 98 सुसज्जित कमरों और सुइट्स के साथ अत्याधुनिक बैंक्वेट और कन्वेंशन सुविधाओं से युक्त कई वेन्यू प्रदान करती है जो बिहार राज्य में एमआईसीई गतिविधियों को नयी दिशा देने के लिए तैयार हैं। वेलकमहोटल बोधगया अपनी कन्वेंशन सुविधाओं के लिए विशिष्ट पहचान रखता है जो बिहार और पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सुविधाओं में शामिल हैं। कॉर्पोरेट बैठकों, सम्मेलनों, शादियों, आध्यात्मिक रिट्रीट्स और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए डिज़ाइन किये गये ये वेन्यू बहुउपयोगी स्थान उपलब्ध कराते हैं। समकालीन वास्तुकला, आकर्षक इंटीरियर और बिना स्तंभ वाले डिजाइन से युक्त उत्पला हॉल आधुनिक बैंक्वेट सुविधाओं के साथ छोटे और बड़े दोनों प्रकार के आयोजनों के लिए लचीलापन प्रदान करता है। नालंदा हॉल और विशाल स्तूप ऑडिटोरियम के साथ मिलकर यह कन्वेंशन सेंटर 500 से 2,000 प्रतिभागियों की मेजबानी करने में सक्षम है जो बड़े सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और भव्य समारोहों के लिए उपयुक्त है।

# आईटीसी ने किया 'विटामिन-डी' वाला सनफीस्ट मैरी लाइट लान्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ओड़िया संस्कृति में सूर्य का पवित्र और स्थायी स्थान है। यहां के लोगों के लिए यह मात्र प्रकृति नहीं-भावना है। कोणार्क के सूर्य मंदिर की भव्यता से लेकर सुबह की पहली किरण को देखते हुए नमस्कार करने की परंपरा तक, ओडिशा ने हमेशा सूर्य से स्नेह, शक्ति और आशा पाई है। पर आज, अधिकतर लोगों को भरपूर मात्रा में सूर्य से मिलने वाला प्राकृतिक और आवश्यक उपहार 'विटामिन-डी' नहीं मिल रहा है। बदलती जीवनशैली के कारण घर से बाहर खुले में बिताये जाने वाले समय में कमी आई है। विटामिन-डी युक्त प्राकृतिक आहार भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा। इन सब कारणों से अधिकतर लोगों में विटामिन-डी की कमी हो गई है। इससे हड्डियों और मांसपेशियों के कमजोर होने, थकान होने और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी परेशानियां सामने आ रही हैं। हाल का एक अध्ययन बताता है कि पूर्वी भारत में 39% लोगों में विटामिन-डी की कमी पाई गई। ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आईटीसी ने विटामिन-डी के साथ सनफीस्ट मैरी लाइट बिस्कुट लॉन्च किया है। अपना जाना-पहचाना और बहुत पसंद किया जाने वाला स्वाद बरकरार रखते हुए ये बिस्कुट अब ग्राहकों को अपने पसंदीदा मैरी बिस्किट के साथ विटामिन डी के लाभ प्राप्त करने का एक अतिरिक्त तरीका दे रहा है। मैरी लाइट राज्य के सूर्य के प्रकाश के प्रति अटूट श्रद्धा से प्रेरित है और ब्रांड अपने इस उत्पाद के साथ ओडिशा के साथ अपने सांस्कृतिक बंधन को और मजबूत कर रहा है। लॉन्च के साथ ही, ब्रांड ने ओम्निकॉम द्वारा तैयार किया गया एक नया विज्ञापन भी जारी किया है। यह दिल को छू लेने वाले पारिवारिक पल के माध्यम से ब्रांड के विचार को जीवंत करता है। मासूमियत और सहजता से भरपूर इस फिल्म में एक बच्चा खेल-खेल में कांच के जार में सूरज की रोशनी को कैद करने की कोशिश करता है। यह फिल्म दर्शाती है कि सनफीस्ट मैरी लाइट अब विटामिन डी के साथ भी उपलब्ध है और इसका मनचाहा स्वाद बरकरार है। फिल्म का अंत ब्रांड के संदेश के साथ होता है, जो यह बताता है कि स्वादिष्ट सनफीस्ट मैरी लाइट अब विटामिन डी से भरपूर है।

# सीजीआईटी वन धनबाद में लंबित मामलों के निपटारे के लिए चलेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निदेर्शानुसार केंद्रीय सरकार औधोगिक न्याधिकारण सह न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निपटारे के उदेश्य से विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य लंबे समय से लंबित औधोगिक विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। ताकि नियोक्ता एवं श्रमिक दोनों को त्वरित न्याय प्राप्त हो सके। इस संबंध में सभी संबंधित प्रतिष्ठानों / नियोक्ताओं से अनुरोध है कि वे विशेष अभियान के दौरान निर्धारित तिथि पर कर्मचारी भविष्य निधि प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सीजीआईटी वन में उपस्थित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करे। यह ओरिएंटेन्सन कार्यक्रम नौ जनवरी को अपराहन 2 बजे से संध्या 5 बजे तक भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ऑडिटोरियम, कोयला नगर, धनबाद, झारखंड में धनबाद में लंबित मामलों के लिए है। विशेष जानकारी / स्पष्टीकरण के लिए नोडल अधिकारी (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) का विवरण निम्नलिखित है। सभी नियोक्ताओं/प्रतिस्थानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस विशेष अभियान में सक्रिय सहभागिता कर भविष्य निधि से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे में सहयोग प्रदान करे।

# सिल्क इंडिया प्रदर्शनी सह बिक्री का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** त्योहारों और वेडिंग सीजन के आगमन को लेकर उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट अपने सिल्क इंडिया प्रदर्शनी के साथ एक बार फिर बिहारवासियों को लुभाने के लिए तैयार है। वेडिंग समारोह सहित अन्य विविध कार्यक्रमों के अनुकूल सिल्क साड़ियों की व्यापक श्रृंखला एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट ने पटना के इस्कॉन मंदिर में सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस ग्यारह दिवसीय प्रदर्शनी में ग्राहकों को त्योहारों और वेडिंग के लिए साड़ियों व ड्रेस के कई स्पेशल वेराइटीज मिलेंगे। प्रदर्शनी में 13 राज्यों की विशेष हैंडलूम साड़ियां ग्राहकों के



लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी के पश्चात युवतियों ने भारत के विभिन्न राज्यों के 150 से अधिक बुनकरों और डिजाइनरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का रैंप वॉक के माध्यम से प्रदर्शन किया। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने कहा कि हमारी संस्था सिल्क बुनाई कला को जीवित रखने के लिए पिछले कई सालों से निरंतर काम कर रही है। इस प्रदर्शनी में देश के कोने-कोने से आए बुनकरों और डिजाइनरों द्वारा सिल्क की बहुत सारी वैरायटियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मानस ने बताया कि 7 जनवरी से 18 जनवरी, 2026 तक आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक ग्राहकों को अपनी सेवा देगी। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में देश के विविध स्थानों की लोकप्रिय वैरायटी की मनमोहक साड़ियां एवं ड्रेस मटेरियल पेश किए गए हैं।

# बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा का अधिकार करें सुनिश्चित : जिला परियोजना प्रबंधक

## चौखंडी पथ हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** चौखंडी पथ हाई उच्च स्कूल में महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के तत्वावधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं, महिलाओं व शिक्षकों की उपस्थिति रही। निगम के जिला परियोजना प्रबंधक मो शमीम अंसारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक व जिला परियोजना प्रबंधक ने छात्राओं और उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, बेटियों के महत्व, समान अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र सहित




महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उनके भविष्य से भी खिलवाड़ है। इसलिए समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद करे और बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करे। जिला मिशन समन्वयक डॉ फरहत दुर्रानी ने सभी छात्राओं और समुदाय को बाल विवाह न करने, बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त बेटी ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव है। कार्यक्रम का संचालन जिला महिला सशक्तीकरण केंद्र की वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कुमारी मेघा ने किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, सही निर्णय लेने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूक बेटी ही सशक्त समाज की पहचान है। वहीं कार्यक्रम में छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें बेटियों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गये। प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लाने वाली 20 छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगोयुक्त बैग और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन किट देकर सम्मानित किया गया। इससे छात्राओं में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बालिकाओं और महिलाओं को शपथ दिलीय गयी। कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तीकरण केंद्र के लेखा सहायक, स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिका सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# मंत्री जमा खान ने कैमूर में आपदा पीड़ितों के बीच बांटे चार लाख के चेक

### नीतीश कुमार के निर्णय से आपदा पीड़ितों का सरकारी खजाने पर पहला हक, बिहार में अनोखी व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान कैमूर पहुंचे जहां उन्होंने आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। मंत्री ने बताया कि भगवानपुर प्रखंड में आपदा से हुई तीन मौतों के मामलों में पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। मंत्री जमा खान ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट में निर्णय लिया है कि आपदा में सरकारी खजाने पर पहला हक पीड़ितों का है। यह व्यवस्था बिहार के अलावा किसी अन्य राज्य में नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आपदा में मुख्य रूप




से गरीब लोगों की ही मौत होती है, इसलिए त्वरित सहायता जरूरी है। जमा खान ने अपने विधानसभा क्षेत्र चैनपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि पिछले कार्यकाल में उन्होंने 350 लोगों को आपदा सहायता प्रदान की थी। इस बार मंत्रालय संभालने के बाद उनके क्षेत्र में तीन लोगों को सहायता दी गई है। चुनाव जीतने के बाद यह पहला मौका है जब वे स्वयं आपदा सहायता का वितरण कर रहे हैं। मंत्री ने नीतीश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन में बिहार ने अन्य राज्यों से बेहतर व्यवस्था बनाई है। पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्होंने संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला प्रशासन कैमूर के तत्वावधान में समाहरणालय स्थित मां मुण्डेश्वरी सभागार में 'जल-जीवन-हरियाली' दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह द्वारा की गई। 'क्रियान्वयन और प्रभाव' पर कार्यशाला केंद्रित रही। इस माह के जल-जीवन-हरियाली दिवस का मुख्य विषय 'जल-जीवन-हरियाली अभियान का क्रियान्वयन और प्रभाव' रखा गया। कार्यशाला के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी ली और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जल संचयन तथा वृक्षारोपण की महत्ता पर जोर दिया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पीएचईडी, विद्युत, भवन निर्माण और लघु सिंचाई प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद् भभुआ और नगर पंचायतों (मोहनियां/रामगढ़/कुदरा/हाटा) के कार्यपालक पदाधिकारी, कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग के अधिकारी और जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता में निहारिका और शिवानी ने मारी बाजी। जागरूकता अभियान हेतु शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के परिणामों की भी घोषणा कर दी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी सूची के अनुसार रामपुर प्रखंड के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया है। विजेताओं में प्रथम स्थान पर निहारिका कुमारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनांव (रामपुर) - 6000 की राशि, द्वितीय स्थान पर शिवानी कुमारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनांव (रामपुर)- 5000 और तृतीय स्थान पर आए अभय दूबे, पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय, भगवानपुर को 4000 की राशि से पुरस्कृत किया गया। उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने सभी तकनीकी और विकास विभागों को निर्देश दिया कि वे जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल और हरियाली के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, इसलिए यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बनना चाहिए। इसमें सरकारी तंत्र के साथ आम जनता की भागीदारी भी अति आवश्यक है।

# जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निर्देशन में जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। 'उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना' के अंतर्गत हुई इस प्रतियोगिता में कैमूर जिले के विभिन्न स्कूलों-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी भाषाई दक्षता तथा तर्कशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में उर्दू भाषा के प्रति रुचि जगाना, अभिव्यक्ति क्षमता को निखारना तथा भाषाई कौशल को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता एवं स्थापना उप समाहर्ता ने विजेताओं को पुरस्कार, मेडल और प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि उर्दू हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है और ऐसे आयोजन भाषा को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों- मैट्रिक, इंटरमीडिएट और स्नातक में हुई। मैट्रिक स्तर पर रोजी खातून प्रथम जबकि इंटरमीडिएट में मंतशा परवीन और स्नातक स्तर पर तौफीक आलम ने पहला स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, पदाधिकारी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन उर्दू शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# आरपीएफ ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन ने यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन राम विलास राम के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक अमरजीत दास, आरक्षी शम्मी कुमार, आरक्षी उमेश कुमार सिंह एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान द्वारा रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन- सोन के सर्कुलेटिंग एरिया में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी एवं रोकथाम हेतु गश्त की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक को संदेहास्पद स्थिति में पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू कुमार, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता स्वर्गीय सनोज महतो, ग्राम महाराजपुर बाजार नया टोला कल्याणचक, थाना तालझारी, जिला-साहिबगंज (झारखंड), वर्तमान पता इसलामगंज डिहरी, थाना नगर डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं एक अदद की-पैड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# आरपीएफ ने यात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन एवं ट्रेनों में आरपीएफ डिहरी ऑन सोन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार, प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार, प्रधान आरक्षी वीर बहादुर सिंह एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान शामिल रहे। आरपीएफ जवानों ने यात्रियों को यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं। उन्हें किसी भी समस्या पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करने, बिना कारण एसीपी न करने, चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी न करने, रेलवे ट्रैक पर सेल्फी न लेने तथा रेल लाइन पार न करने की अपील की गई। इसके साथ ही अनजान व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने, उनके द्वारा दिया गया खाने-पीने का सामान ग्रहण न करने, प्लेटफॉर्म बदलने के लिए पैदल उपरगामी पुल का उपयोग करने एवं ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा न करने के प्रति जागरूक किया गया। आरपीएफ ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# नाट्य प्रतियोगिता के सफल संचालन पर अकस ने मनाया जश्न

### आयोजन में सहयोग के लिए शहरवासियों को दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इं. ललन सिंह स्पोटिंग क्लब में अकस द्वारा आयोजित 34वें अखिल भारतीय बहुभाषयीय नाट्य प्रतियोगिता के सफल संचालन सदस्यों ने बुधवार को इंद्रपुरी बराज पर बैठक कर सभी को शुभकामनाएं दी। इंद्रपुरी बराज पर पहुंचकर बैठक किया। गीत गाकर व पिकनिक मनाकर खुशी का इजहार किया। अकस के संरक्षक संजय सिंह बाला के अनुसार सभी सदस्यों के सहयोग से नाट्य प्रतियोगिता शानदार ढंग से संपन्न हुआ। नाट्य प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से लगभग 40 टीमों ने भाग लिया। अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नए वर्ष में नाट्य प्रतियोगिता का



विस्तार होगा। नाट्य एवं संस्कृति की पहचान अकस के सदस्यों से विचार विमर्श के बाद मकर संक्रांति के दिन चूड़ा दही व होली मिलन समारोह करने पर सहमति बनी। कमेटी के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि अकस का विस्तार प्रतिदिन हो रहा है। कई लोग स्वतः अकस से जुड़ने को इच्छुक है। उन्हें जोड़ने के साथ योग्यता अनुसार स्थान दिया जा रहा है। उन्होंने अकस को सहयोग करने के लिए शहरवासियों को धन्यवाद दिया। मौके पर डिहरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, बंटी पटेल, जीतू सिंह, पिंटू सिंह, सिंटू सिंह, सादिक, आकाश कुमार, राहुल सिंह गहलोत, दीपक कुमार, रवि तिवारी, विजय कुमार, कलाम हाशमी आदि मौजूद थे।





## कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

**अतिअल्पकालीन अभिरूचि का अभिव्यक्ति आमंत्रण**

**EOI सूचना संख्या – 03 /2025-26**

मानीय NGT द्वारा O.A. No.- 606/2018 में दिनांक– 14.12.2020 को पारित आदेश के अनुपालन में तथा मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक– 03/न्या०–14–18/2018/1018, पटना दिनांक– 11.04.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक– 1325 दिनांक– 24.05.2019 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के तहत Material recovery Facilities + Windrow Compost Plant विकसित करने हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 99 के द्वारा नगर निकायों को भूमि क्रय काने की प्राप्त भाक्ति के अधीन एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 5808 दिनांक– 26.11.2015 नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 3503 दिनांक– 22.09.2025 तथा विभागीय ज्ञापांक–2018, दिनांक– 15.03.2024 द्वारा केन्द्रीय भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–104 के अधीन प्रदत भाक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एतद् द्वारा आवश्यकतानुसार लोक उद्देश्य के कार्यो तथा अधारभूत संरचना एवं लोक प्रयोजन के परियोजनाओं हेतु रेयतो से भूमि लीज पर प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मूल्य पंजी पर रैयती भूमि लीज करने की स्वीकृति के तहत नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छूक भूस्वमियों से अधिसीमा में जिला निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर एवं बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के अनुसार लीज पर लेने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० सं० | विवरणी | जमीन की आव यकता | भाहर से भूमि की मान्य दूरी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sanitary Landfill विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि का रकवा (एकड़ में) | 2 एकड | 05 किलो मीटर (जनसंख्या रहित) | भूमि का प्रकार रैयती भूमि लीज पर लेने कि स्थिति में न्यूनतम दस वर्शो के लिए लीज किया जायेगा |
| 2 | Material recovery Facilities + Windrow Compost Plant विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि (एकड़ में) | 1.55 एकड | | |

**नियम व भार्ते :–**

1.भूमि के उपर से हाईटेंशन विद्युत तार नहीं गुजरा हो। 2. भूमि पर पहुंच पथ कम से कम 16 फीट का होना चाहिए। 3. भूमि सभी प्रकार के विवाद से मुक्त होना चाहिए एवं भूमि का स्वमित्व स्पश्ट होना चाहिए। 4. भू–स्वामी से प्राप्त दस्तावेज एवं भूमि के भौतिक सत्यापन के पश्चात भूमि क्रय/लीज करने का निर्णय लिया जाएगा। 5. भूमि का क्रय एवं लीज हेतु निर्णय नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–13/SBM-14/2025-**3505** में वर्णित जिलास्तरीय द्वारा किया जायेगा।

6.भू–स्वामी को भूमि की कीमत का भुगतान आर०टी०जी०एस०/एकाउन्ट पेयी चेक (Account Payee Cheque) PFMS/CFMS के माध्यम से किया जाएगा।

7.भूमि की स्थिति गंगा एवं उसकी भााखा नदी से 500 मीटर, अन्य नदी से 100 मीटर तालाब से 200 मीटर तथा राजमार्ग, आवास स्थलों, सार्वजनिक उद्यानों और जल आपूर्ति कुओं से 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए।

8.भूमि जल जमाव से ग्रसित नहीं होना चाहिए।

9.गैर कृशि भूमि एवं न्यूनतम बाजार दर पर उपलब्ध भू–खण्ड को प्राथमिकता दी जाएगी।

उक्त भार्तो के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छुक भू–स्वामी दिनांक– 22.01.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में परिि ाश्ट–1 में दिये गये प्रारूप में मांगी गयी सूचना और आव यक कागजातों के साथ आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। बन्द लिफाफे पर पता के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2025-26 तथा लिफाफे के उपर आवेदन का विशय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए। भू–स्वामियों से प्राप्त आवेदन/प्रस्तावों को **दिनांक– 27.01.2026 को 04:00 बजे अपराहन** में नगर पंचायत, रफीगंज कार्यालय में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष खोला जाएगा। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को पूर्व निर्धारित समय पर आवेदन/प्रस्तावों को खोला जाएगा। विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र हेतु इच्छूक भू–स्वामी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यवधि में नगर पंचायत, रफीगंज में स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है।

**परिशिष्ट – 1 आवश्यक दस्तावेज**

1.(क) भू–स्वामी का नाम एवं पूरा पता (ख) भू–स्वामी का मोबाईल न० (ग) भू–स्वामी का आधार कार्ड संख्या।
2.भूमि निबंधन प्रमाण–पत्र/खतियान की कॉपी
3.भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल०पी०सी०) की प्रति
4.भू–स्वामी द्वारा भापथ पत्र जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि भूमि सभी प्रकार से विवाद मुक्त है।
5.आव यकतानुसार दाखिल खारिज दस्तावेज यदि दाखिल खारिज नहीं हो तो अंचलाधिकारी से निर्गत परिवारिक सूची/वंशावली एवं वर्तमान वंशज की सहमति पत्र।
6.संबंधित भूमि भू–हदबंदी पर्चा, भू–दान पर्चा सैरात एवं कैसरे हिन्द से मुक्त होना का भापथ–पत्र।
7.संबंधित भूमि किसी बैंक/वित्तीय संस्था मो मार्टगेज नहीं किये जाने का भापथ–पत्र।
8.चयनित भूमि के स्वामी को लीज/क्रय हेतु निबंधित डीड सम्पादित करना होगा।
9.भूमि का इंडेक्स मैप/नजरी नक्शा जिसमें लैण्ड मार्क व पहुंच पथ दर्शाया गया हो।
10. सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित होना चाहिए।

**नोट :–** उल्लिखित दस्तावेजों में से किसी एक के भी अनुपब्ध होने की स्थिति में भू–स्वामी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्रकाशित सूचना में परिवर्तन करने या रद्द का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, रफीगंज।**

PR- 021224 ( B & C ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# ऊषा श्याम फाउंडेशन ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भीषण शीत लहर को ध्यान में रखते हुए ऊषा श्याम फाउन्डेशन द्वारा एक मानवीय पहल के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। उषा श्याम फाउंडेशन के संस्थापक सह मनो चिकित्सक डा. उदय कुमार सिन्हा ने बताया कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। संस्था लगातार 5 वर्षों से कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेगी। कहा कि पिछले कुछ दिनों से ठंड के कारण कामकाज ठप पड़ा है। लोग अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं और जो




निकल भी रहे हैं, वे ठंड से बुरी तरह ठिठुरे हुए हैं। ऐसे हालात को देखकर सम्वेदना संस्था के निदेशक का मन द्रवित हो उठा। इसके बाद तत्काल एक सर्वे कराया गया जिसमें यह सामने आया कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कई लोग खुले आसमान के नीचे ठंड से कांपते हुए जीवन व्यतीत कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए त्वरित पहल करते हुए कंबलों की व्यवस्था की गई और उन्हें जरूरतमंदों के बीच वितरित किया गया। यद्यपि यह प्रयास 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान है, फिर भी इससे कई लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली। यह कार्य सम्वेदना न्यूरोसाइकियाट्रिक प्राइवेट लिमिटेड की सामाजिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। ऊषा श्याम फाउन्डेशन सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और आगे भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड से बचाव कर जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना था। यह वितरण शहर के बस पड़ाव, रेलवे स्टेशन एवं सड़क के किनारे जैसे स्थानों पर किया गया जहां कई बेसहारा और असहाय लोग ठंड में बिना पर्याप्त कपड़ों के रात गुजारने को मजबूर हैं। मौके पर ब्रह्मदेव यादव, महेंद्र यादव, अशरफ अंसारी, चंदन कुमार, सिकन्दर जी सहित कई शामिल थे।

## अपहृता बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना से शादी की नीयत से अपहृत इंटरमीडिएट की एक छात्रा को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार आरोपित युवक लवकुश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नितेश कुमार के अनुसार एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है।

## शपथ पत्र

मैं सुनीला देवी, पति-सुनील कुमार, ग्राम+पो.- कोईलवां, थाना- हसपुरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) का निवासी हूं। मैं सत्य एवं निष्ठापूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं मेरा आधार सं.- 8952 1445 4724 है।
यह कि माला कुमारी मेरी पुत्री है। मेरी पुत्री डी. पी. एस. पब्लिक स्कूल गया का नवम वर्ग का छात्रा है मेरी पुत्री के स्कूल पंजी में मेरा भूलवश सुनीला कुमारी दर्ज हो गई है जो त्रुटीपूर्ण है। मेरा निर्गत आधार कार्ड में मेरा नाम सुनीला देवी अंकित है। जो सही है।
मेरी पुत्री के स्कूल पंजी में दर्ज मेरा नाम सुनीला कुमारी के जगह पर सुधार कर मेरी सही नाम सुनीला देवी अंकित करने हेतु शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 15625 दिनांक 29.12.25

**शपथकर्ता**
**सुनीला देवी**

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डिलिया निवासी मनोज पाल ने अपने दो नाबालिक पुत्रों अमन पाल व अमर पाल को लोहे के रॉड से पिटाई के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सोनू कुमार व डालमियानगर थाना के मकराइन निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना ने पहलेजा बनकोड रोड स्थित एक खलिहान में शराब बेच रहे तस्कर रामु कुमार को पांच लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार वह पूर्व में भी शराब बेचने के आरोप में जेल जा चुका है।

# नगर क्षेत्र के आठ कि.मी. दायरे के शिक्षकों को मिलेगा आवास भत्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नगर निगम, नगर पर्षद और नगर पंचायत सीमा से आठ किलोमीटर के दायरे में स्थित स्कूलों में पदस्थापित शिक्षकों के लिए बड़ी राहत और खुशी की खबर है। अब इस परिधि के अंदर आने वाले प्राथमिक स्कूल, मध्य स्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय और प्लस टू स्कूल के कार्यरत शिक्षकों को संबंधित शहरी निकाय के समतुल्य आवास भत्ता देय होगा। यह आदेश शिक्षा विभाग, पटना के अपर मुख्य सचिव के पूर्व निर्देश के आलोक में जिले में लागू किया गया है। इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आधिकारिक पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जो सुविधा अभी केवल शहरी सीमा के अंदर कार्यरत शिक्षकों को मिल रही थी, वहीं सुविधा अब नगर निकाय सीमा से आठ किलोमीटर तक के दायरे में आने वाले शिक्षकों को भी मिलेगी। हालांकि इसके लिए तय प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा। निर्देश के अनुसार लाभ केवल उन्हीं शिक्षकों को दिया जायेगा जिनके स्कूल के लिए कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल द्वारा विधिवत दूरी प्रमाणपत्र निर्गत किया गया हो। प्रमाणपत्र में यह साफ उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित स्कूल नगर निगम, नगर पर्षद या नगर पंचायत सीमा से आठ किलोमीटर के अंदर स्थित है। इसी प्रमाणपत्र के आधार पर आवास भत्ता की स्वीकृति और भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यक कागजात संलग्न कराने का निर्देशडीइओ ने जिले के सभी प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि पत्र की तिथि के आधार पर पात्र शिक्षकों का प्रस्ताव यथाशीघ्र तैयार कर जमा करें, ताकि समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी आवश्यक कागजात नियम के अनुरूप संलग्न कराने का भी निर्देश दिया गया है। ताकि किसी भी शिक्षक को लाभ से वंचित न होना पड़े। डीइओ ने यह भी स्पष्ट कहा है कि देर होने या नियमों के पालन में लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय की जायेगी।

## एक नजर

### 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर होगी मैराथन दौड़

**कौआकोल।** प्रखण्ड के गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर युवाओं में देश प्रेम की चेतना लाने की दृष्टि से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन दौड़ गायत्री मंदिर से शुरुआत की जाएगी। जो कौआकोल बाजार,थाना रोड होते हुए ब्लॉक मोड़ से बिझो होते हुए सोखोदेवरा जेपी फील्ड पर जाकर सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को फर्ज व कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मैराथन में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील किया,ताकि देश प्रेम का संदेश दिया जा सके। मौके पर बजरंग दल के मुकेश कुमार,अभिमन्यु सिंह,राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं

**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में बुधवार को स्थानीय विधायक बिनीता मेहता की अध्यक्षता में कौआकोल प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी माध्यमिक एवं इंटर कक्षा के विद्यालयों की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना,विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाना और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर रणनीतियां तैयार करना रहा। मौके पर मौजूद विधायक बिनीता मेहता ने सर्वप्रथम द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इसके बाद उन्होंने सभी विद्यालयों के प्राचार्यो/प्रभारी प्राचार्यो का परिचय प्राप्त कर विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनलोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है और हम इसे बेहतर बनाने के लिए निरंतर संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। मौके पर 20सूत्री अध्यक्ष दिलिप कुशवाहा,उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, बापू इंटर विद्यालय के अजय कुमार, गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय के संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रजौली।** बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग की टीम लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में, उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन और उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार के नेतृत्व में समेकित जांच चौकी रजौली पर चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उत्पाद विभाग की टीम ने झारखंड से बिहार आ रही एक यात्री बस की तलाशी के दौरान विदेशी शराब बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रांची से पटना की ओर जा रही 'श्री साईं' नामक यात्री बस को जब जांच के लिए रजौली चेकपोस्ट पर रोका गया, तो तलाशी के दौरान उसमें से अवैध विदेशी शराब की खेप मिली। उत्पाद विभाग द्वारा पकड़े गए व्यक्ति की पहचान धर्मवीर कुमार के रूप में की गई है, जो रांची के बरियातु थाना अंतर्गत मोराबादी क्षेत्र का रहने वाला है। उसकी उम्र करीब 36 वर्ष बताई जा रही है और वह सहदेव राय का पुत्र है।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से मैजिक मोमेंट्स रिमिक्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोदका की 180 मिलीलीटर वाली 8 बोतलें और 500 मिलीलीटर की गॉडफादर बीयर की एक कैन बरामद की गई है। इस कार्रवाई को धरातल पर उतारने में अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार और सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार और की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल उत्पाद विभाग ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष, में जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक शराबबंदी से संबंधित कुल छापामारी की संख्या 25,722 है। इस अवधि में कुल 5,172 मामले दर्ज किए गए, 5,950 गिरफ्तारियां की गई। जब्त देशी शराब की मात्रा 2,34,174 लीटर, विदेशी शराब 26,337.479 लीटर तथा कुल जब्त शराब 2,60,511.479 लीटर रही। इसके अतिरिक्त 3,05,375 लीटर जावा महुआ जप्त किया गया। मद्य निषेध नीति के अंतर्गत उत्पाद एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक कुल 6,279 वाहन जब्त किए गए, जिनमें से 3,460 वाहन अधिहृत किए गए। 2,793 वाहनों की नीलामी की गई, 1,145 वाहन जुर्माना पर छोड़े गए, जबकि 275 वाहन न्यायालय द्वारा मुक्त किए गए। जिलाधिकारी ने शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा आपसी समन्वय के साथ त्वरित सूचना साझा करने का निर्देश दिया। अवैध खनन के संबंध में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01.04.2025 से 31.12.2025 तक कुल वार्षिक लक्ष्य 13,657.04 लाख रुपये के विरुद्ध 8487.30 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति की गई है। अप्रैल से नवंबर 2025 तक की कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि इस अवधि में 1,201 छापेमारियां की गईं, 176 प्राथमिकी दर्ज की गईं, 52 गिरफ्तारियां हुई, 336 वाहन जब्त किए गए तथा 441.04 लाख रुपये की वसूली की गई। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरेंडर किए गए घाटों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखने को कहा, जिससे जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशु मल्लिक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर हुलास कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रजौली गुलशन कुमार, वरीय उपसमाहर्ता सह विधि शाखा प्रभारी डॉ. राजकुमार सिंहा, जिला खनन पदाधिकारी प्रत्यय अमन सहित संबंधित विभागों के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीडीसी ने लंबित कार्यों को पूरा करने और पंजियों के संधारण का दिया निर्देश

## डीडीसी ने किया रजौली प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने और प्रशासनिक कसावट के उद्देश्य से नवादा की उप विकास आयुक्त (डीडीसी) आईएएस निलीमा साहू ने बुधवार को रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी ने विभिन्न विभागों की कार्यशैली का सूक्ष्म अवलोकन किया और अधिकारियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर पंजियों के रखरखाव की स्थिति देखी। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कैशबुक और रोकड़ पंजी को प्रतिदिन अद्यतन रखा जाए। उन्होंने चेताया कि वित्तीय लेन-देन और अभिलेखों के संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।योजनाओं की समीक्षा करते हुए आईएएस निलीमा साहू ने मनरेगा और पंचायती राज विभाग के तहत चल रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि खेल के मैदान चिरैला समेत अन्य जगहों पर निर्माणाधीन खेल मैदानों समेत सभी नली-गली जो भी कार्य अधूरे पड़े हैं, उन्हें युद्धस्तर पर अभियान चलाकर पूर्ण किया जाए। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई स्वच्छता मिशन के तहत बन रहे डब्ल्यूपीओ के कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि कचरा प्रबंधन सुचारू हो सके। उन्होंने कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने पर जोर देते हुए कहा कि आम जनता के लिए कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक होना चाहिए। बैठक के दौरान डीआरडीए निदेशक धीरज कुमार, मनरेगा डीपीओ विकेश कुमार,बीडीओ संजीव कुमार झा और सीओ गुफरान मजहरी, पीओ मनरेगा विजय परमार की उपस्थिति में डीडीसी ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने को कहा। निरीक्षण के अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता जनसेवा और विकास है।यदि विकास कार्यों की गुणवत्ता या समय-सीमा में समझौता हुआ, तो जवाबदेही तय की जाएगी। इस औचक निरीक्षण से पूरे कार्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही और कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने की नई ऊर्जा मिली।

# सरकारी योजनाओं और सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ द्वारा रहुई प्रखंड में सरकारी कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसान रजिस्ट्री शिविर, पंचायत सरकार भवन और जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान की जांच की गई, जिससे संबंधित कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसडीओ ने रहुई प्रखंड अंतर्गत पंचायत कृषि, दोसूत में चल रहे किसान रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में किसानों की उपस्थिति, पंजीकरण की स्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन, ग्राम पंचायत राज सुपासंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायोमैट्रिक उपस्थिति पंजी की जांच की गई, जिसमें केवल पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक और किसान सलाहकार ही उपस्थित पाए गए। अन्य कर्मी— राजस्व कर्मचारी, कृषि समन्वयक, पंचायत लेखापाल, ग्रामीण आवास सहायक, कचहरी सचिव, पंचायत तकनीकी सहायक और विकास मित्र अनुपस्थित मिले। इस मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ ने रहुई प्रखंड के ग्राम पंचायत राज दोसूत में स्थित राजीव रंजन कुमार की जन वितरण प्रणाली दुकान का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड की तुलना में दुकान में खाद्यान्न भंडारण अधिक पाया गया। इस अनियमितता को लेकर संबंधित पीडीएस विक्रेता से स्पष्टीकरण किया गया है और आगे की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं में लापरवाही और अनियमितता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने और जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस व गणतंत्र दिवस को लेकर टी.एस. कॉलेज हिसुआ में स्वच्छता व पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के तत्वावधान में तथा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान के निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय युवा दिवस और गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता अभियान सह पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 7 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों को दो समूहों में विभाजित किया गया। छात्राओं के समूह का नाम 'रानी लक्ष्मीबाई' रखा गया, जिसकी नेतृत्वकर्ता लक्ष्मी कुमारी थीं, जबकि छात्रों के समूह को 'महाराणा प्रताप' नाम दिया गया, जिसका नेतृत्व कार्तिक कुमार ने किया। दोनों ही समूहों के स्वयंसेवकों ने उत्साह और समर्पण भाव से श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ




ही प्रत्येक स्वयंसेवक ने अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा रोपित किया और उसके संरक्षण व नियमित देखरेख की शपथ भी ली। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व और समाज के प्रति युवाओं की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी और ऐसे सकारात्मक प्रयासों से ही "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

# राजगीर स्टेशन का जीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने अधिकारियों की टीम के साथ राजगीर रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और ट्रेन परिचालन को सुचारु बनाए रखना है। महाप्रबंधक ने अपने निरीक्षण की शुरुआत कोचिंग डिपो से की। यहां मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कोचों की मरम्मत, तकनीकी स्थिति और रख-रखाव की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। जीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया



कि सभी कोचों की नियत अंतराल पर जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि ट्रेन परिचालन के दौरान किसी भी तरह की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने स्पष्ट कहा कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोचों के रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य करने और तय मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इसके बाद जीएम ने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, प्लेटफार्मों की स्थिति, यात्री प्रतीक्षालय, संकेत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ, डीएनएचएम सुमित कुमार, एएमई सुधीर कुमार झा, डिपो प्रभारी दिलीप कुमार, एसएसई आनंद प्रकाश और स्टेशन प्रबंधक चंद्र भूषण सिन्हा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सदर अस्पताल में अब एआई कैमरों से रखी जायेगी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाने और मरीजों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराने के उद्देश्य से नालंदा जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। सदर अस्पताल बिहार शरीफ में एआई आधारित कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे अस्पताल परिसर में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर सीधी नजर रखी जा सकेगी। यह निर्णय उस समय लिया गया है, जब लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि अस्पताल परिसर में अनधिकृत व्यक्ति सक्रिय हैं और मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिकों में ले जाया जा रहा है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह को सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लेबर रूम, ओटी,




इमरजेंसी और अन्य संवेदनशील स्थानों पर एआई आधारित निगरानी प्रणाली से अनावश्यक प्रवेश करने वालों की पहचान की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसर में किसी भी तरह की दलाली या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदर अस्पताल में लंबे समय से मरीजों को निजी क्लीनिकों में ले जाने वाले दलालों की शिकायतें सामने आ रही थीं। इन गतिविधियों से न सिर्फ अस्पताल की छवि धूमिल हो रही थी, बल्कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक शोषण का भी शिकार होना पड़ रहा था।

जिला प्रशासन का मानना है कि एआई कैमरों की मदद से बार-बार आने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान की जा सकेगी और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के साथ-साथ डीएम ने अस्पताल की कार्यप्रणाली में सुधार पर भी जोर दिया है। सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं कि सभी डॉक्टर समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सरकारी योजनाओं के तहत मरीजों को मुफ्त जांच और उपचार का पूरा लाभ मिले। सर्दियों के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी सरकारी अस्पतालों में ठंड से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन को ठंड से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एआई कैमरों की स्थापना की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल न केवल अस्पताल में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाएगी, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर आम लोगों का भरोसा भी मजबूत करेगी।

### शीतलहर के बीच नगर पंचायत कार्यालय में उमड़ी भीड़

# डीडीसी और डीआरडीए निदेशक ने असहायों के बीच बांटे 70 कंबल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** कड़ाके की ठंड और बढ़ती कनकनी के बीच मानवता की सेवा का संकल्प लेते हुए रजौली नगर पंचायत कार्यालय में आपदा प्रबंधन की ओर से एक विशेष राहत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी सह उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू ने स्वयं उपस्थित होकर लगभग सत्तर गरीब और असहाय लोगों के बीच गर्म कंबलों का वितरण किया।भीषण शीतलहर के इस दौर में प्रशासन की इस सक्रियता से समाज के वंचित तबके को बड़ी राहत मिली है।इस महत्वपूर्ण अवसर पर डीडीसी के साथ डीआरडीए निदेशक धीरज कुमार और डीपीओ विकेष कुमार की उपस्थिति ने प्रशासनिक तत्परता को और मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्तर पर कमान संभाल रहे प्रभारी नगर पंचायत सह अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी और प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराया।नगर पंचायत की स्वच्छता और व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार समेत नगर पंचायत के तमाम कर्मचारी वहां मुस्तैद रहे, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक सहायता पहुंच सके।कंबल वितरण की इस कड़ी में अधिकारियों ने न केवल ठंड से राहत प्रदान की, बल्कि बुजुर्गों और निशक्तों से संवाद कर उनकी अन्य मूलभूत समस्याओं को भी समझा। कार्यक्रम के अंत में नगर प्रशासन ने प्रतिबद्धता जताई कि भविष्य में भी आपदा और विपरीत मौसम की स्थिति में आम जनमानस की सुरक्षा के लिए ऐसे राहत कार्य जारी रखे जाएंगे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम ने चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बुधवार को बिहार शरीफ शहर में नगर निगम ने अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान करीब दो टन सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया, जबकि कई अवैध ठेलों को हटाकर जब्त कर लिया गया। निगम की इस सख्त कार्रवाई से पूरे शहर में हड़कंप मच गया।

नगर निगम की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। पोस्ट ऑफिस एरिया से पुलपर और खंदकपर होते हुए सदर अस्पताल के मुख्य गेट तक कार्रवाई की गई।अधिकारियों के अनुसार यह अभियान लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया जा रहा था। उपनगर आयुक्त शम्स रजा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने



से पहले कई बार माइक से घोषणा कराई गई थी और दुकानदारों को पूर्व में चेतावनी भी दी गई थी। उन्होंने कहा हम लोगों ने पहले भी सूचना दी थी और जुर्माना भी लगाया था, लेकिन इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया गया। मजबूरन आज कड़ी कार्रवाई करनी पड़ी। सदर अस्पताल के मुख्य गेट पर लंबे समय से अवैध ठेलों के कारण यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। कार्रवाई के दौरान इन सभी ठेलों को हटाकर जब्त कर लिया गया।

उपनगर आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई के दौरान दो से तीन ट्रैक्टर भर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। साथ ही प्लास्टिक बेचने वाली दुकानों पर जुर्माना भी लगाया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के तहत चलाया गया। उन्होंने बताया कि ठेला लगाने के लिए आनंद पथ को निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद कुछ लोग चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों पर ठेला लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु टीम गठित

## स्क्रीनिंग, रेफर, ट्रीट एवं ट्रैक प्रकिया से रखी जाएगी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिरदला (नवादा)।** प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजीव कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय टीम का गठन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम चलाई जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे गर्भकाल में कम से कम एक बार संस्थान में विस्तृत प्रसव पूर्व जॉच को सुनिश्चित किया जा सके एवं दूसरी और तीसरी तिमाही की सभी गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9वी तारीख को प्रसव पूर्व जॉच के लिए बुलाया जाता है इस दौरान उन सभी गर्भवती महिलाओं में से कुछ ऐसी गर्भवती महिलाएं होती हैं जो अत्यधिक एनीमिक रहती हैं या उच्च रक्तचाप आदि रहने पर उनका अलग लाइन लिस्ट बनाकर 15 एवं 21 तारीख को फॉलो अप करके उनका सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर मातृ मृत्यु दर की संभावना को और कम करने पर जोर देने के लिए सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया। इस फॉलोअप प्रकिया को और सुदृढ़ीकरण करने के लिए प्रखण्ड स्तरीय टीम का गठन किया गया है जिसका मुख्य कार्य उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार द्वारा बताया गया कि प्रायः देखा जा रहा था कि उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं की सूचना समय पर आशा तक नहीं पहुंच पा रही थी जिसके कारण समय पर फॉलोअप प्रकिया पूरी नहीं हो पा रही थी जिसे पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर फॉलोअप प्रकिया को सुनिश्चित करने के लिए आपसी सहयोग के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर ध्यान देने की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। इस टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य प्रबंधक, बीसीएम, बीएमएनई, लेबर रूम इंचार्ज, आशा फैसलिटेटर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, प्रखंड लेखापाल, परिवार नियोजन सलाहकार आदि के द्वारा फॉलोअप प्रकिया को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका पर चर्चा की गई।

## जिलाधिकारी ने फार्मर आइडी व ई-केवाईसी कैंप का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ओरैना में लगाए गए किसान फार्मर आई.डी. कैंप का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फार्मर आई.डी. निर्माण, ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाते हुए सभी पात्र किसानों का फार्मर आई.डी. एवं ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।


## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

बिहार सरकार

कार्यालय :—वन प्रमण्डल पदाधिकारी
औरंगाबाद वन प्रमण्डल,औरंगाबाद

### आम नीलामी की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद वन प्रमण्डल के अन्तर्गत अदरी नदी, औरंगाबाद वन परिसर, उमगा मदनपुर वन परिसर, मंझिआवॉ, नवीनगर वन परिसर, सण्डा, महाराजगंज वन परिसर एवं पीपरा बंगला, अरवल वन परिसर में स्थापित वनागार में रखे गये अधिग्रहित/संग्रहित काष्ठो (वन पदार्थो) की आम निलामी निर्धारित तिथियों को 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी।

विस्तृत जानकारी एवं निलामी की आवश्यक शर्त वन प्रमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमण्डल के कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी कार्यक्रम

| माह /वर्ष | नीलामी स्थल एवं तिथि | | | |
|---|---|---|---|---|
| | औरंगाबाद वन प्रक्षेत्र (अदरी नदी, औरंगाबाद, वनागार) | मदनपुर वन प्रक्षेत्र। (उमगा वनागार) | महाराजगंज वन प्रक्षेत्र ( मंझिआवॉ एवं सण्डा वनागार) | अरवल वन प्रक्षेत्र। (पीपरा बंगला, वनागार) |
| जनवरी 2026 | 15.01.2026 | 17.01.2026 | 20.01.2026 | 28.01.2026 |
| फरवरी 2026 | 12.02.2026 | 17.02.2026 | 20.02.2026 | 27.02.2026 |
| मार्च 2026 | 11.03.2026 | 17.03.2026 | 19.3.2026 | 24.03.2026 |
| अप्रैल 2026 | 10.04.2026 | 16.04.2026 | 21.04.2026 | 28.04.2026 |
| मई 2026 | 16.05.2026 | 20.05.2026 | 23.05.2026 | 26.05.2026 |
| जून 2026 | 13.06.2026 | 16.06.2026 | 19.06.2026 | 23.06.2026 |
| जुलाई 2026 | 14.07.2026 | 17.07.2026 | 22.07.2026 | 25.07.2026 |
| अगस्त 2026 | 13.08.2026 | 18.08.2026 | 22.08.2026 | 25.08.2026 |
| सितम्बर2026 | 15.09.2026 | 18.09.2026 | 22.09.2026 | 25.09.2026 |
| अक्टुवर 2026 | 13.10.2026 | 15.10.2026 | 22.10.2026 | 27.10.2026 |
| नवम्बर 2026 | 13.11.2026 | 20.11.2026 | 24.11.2026 | 26.11.2026 |
| दिसम्बर2026 | 11.12.2026 | 17.12.2026 | 19.12.2026 | 22.12.2026 |

(रूचि सिंह,भा0व0से0)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
औरंगाबाद वन प्रमण्डल

PR- 021213 (Forest) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# मगध विश्वविद्यालय में छह वर्ष बाद शिक्षकेतर कर्मचारियों की प्रोन्नति परीक्षा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में लंबे अंतराल के बाद शिक्षकेतर कर्मचारियों की प्रोन्नति के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन बुधवार को गणित विभाग में किया गया। यह परीक्षा पूरी तरह कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने स्वयं परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और पारदर्शिता का जायजा लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार शिक्षकेतर कर्मचारियों की यह प्रोन्नति परीक्षा पिछले छह वर्षों से लंबित थी। लंबे इंतजार के बाद परीक्षा आयोजित होने से कर्मचारियों में संतोष और राहत देखी गई। इस परीक्षा में कुल 200 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्रशासन ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सफल अभ्यर्थियों की प्रोन्नति की प्रक्रिया तत्काल आगे बढ़ाई जाएगी। परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक के रूप में मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ निभा सिंह उपस्थित रहीं। इसके साथ ही कुलानुशासक प्रो उपेंद्र कुमार, सीसीडीसी प्रो संजय तिवारी, प्रतिकुलपति प्रो ब्रजराज कुमार सिन्हा तथा कुलसचिव प्रो विनोद कुमार मंगलम की भी उपस्थिति रही। कुलपति के निर्देश पर परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। विश्वविद्यालय में पिछले कुछ वर्षों से प्रोन्नति प्रक्रियाओं में देरी को लेकर कर्मचारियों की ओर से शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि अब विश्वविद्यालय प्रशासन इन लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की दिशा में सक्रिय नजर आ रहा है। इससे पूर्व भी विभिन्न विभागों में शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण, अनुशासित और पारदर्शी व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की सराहना की। यह परीक्षा आयोजन विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी प्रक्रियाओं को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बना रहे और समय पर उन्हें प्रोन्नति का लाभ मिल सके।



# शराब माफिया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोंच थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब माफिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 6 जनवरी 2026 को सूचना मिली थी कि कोंच थाना कांड संख्या 578/25 में नामजद तथा लंबे समय से फरार अभियुक्त कार से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टिकारी सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से कार सहित पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश कुमार उर्फ कुटुम, पिता श्रीकांत शर्मा, ग्राम-एरारी, थाना-उपहारा, जिला-औरंगाबाद बताया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 9 दिसंबर 2025 को कोंच बाजार के एक गोदाम में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई थी जिसमें उक्त अभियुक्त की संलिप्तता पाई गई थी। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। शराब माफिया को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।

# चांपि दोहरे हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चांपि गांव में बीते एक सप्ताह पूर्व हुए सनसनीखेज डबल हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी शेरघाटी के एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। प्रेस वार्ता में एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चांपि गांव में हुए डबल मर्डर कांड की जांच के लिए पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, चाकू, टांगी तथा खून से सना हुआ टी-शर्ट भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रघुनी मांझी ने पूछताछ के दौरान इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अभियुक्त ने बताया कि मृतक प्रदीप यादव का मनोज मांझी की पत्नी से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर मनोज मांझी और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद और झगड़ा होता रहता था। इसी रंजिश के कारण मनोज मांझी ने रघुनी मांझी एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रदीप यादव की हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत खलिहान में सो रहे प्रदीप यादव की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना के समय प्रदीप यादव के साथ सो रही उनकी पत्नी केसरी देवी ने सभी अभियुक्तों को पहचान लिया। पहचान उजागर होने के भय से अपराधियों ने केसरी देवी की भी गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। इस मामले में मनोज मांझी (पिता कैलाश मांझी), ग्राम छपी तथा रघुनी मांझी (पिता धनु मांझी), ग्राम-महुआडीह, शेरघाटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी ने बताया कि इस कांड के उद्भेदन में गठित टीम में शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर नयाज अहमद एवं रूपा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## उत्तर कोयल नहर परियोजना का मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने किया निरीक्षण

# नहर निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नव-निर्माणाधीन कोयल नहर परियोजना को लेकर प्रत्यय अमृत ने आमस और गुरुआ प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमस-गुरुआ होकर गुजरने वाली कोयल नहर के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में नहर के प्रस्तावित मार्ग, खुदाई कार्य, तटबंध निर्माण और जल प्रवाह की व्यवस्था सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। प्रत्यय अमृत ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों और कार्य एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नहर निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्य के दौरान स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान प्रत्यय अमृत ने स्थानीय ग्रामीणों और किसानों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की अपेक्षाएं, सुझाव और समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि कोयल नहर के निर्माण से आमस और गुरुआ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा सुदृढ़ होगी जिससे खेती को सीधा और दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। किसानों ने उम्मीद जताई कि नहर चालू होने से फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और वर्षा पर निर्भरता कम होगी। प्रत्यय अमृत ने कहा कि कोयल नहर परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे न केवल सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर साझा की जाए। इसके बाद प्रत्यय अमृत गंगटी खेल मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर भी पहुंचे जहां गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, मगध प्रमंडल के आयुक्त ए.एन. सफिना, डीआईजी आनंद कुमार सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों की मौजूदगी में विकास कार्यों और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशासन ने क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार, कार जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चौकी डोभी से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब की तस्करी का खुलासा किया है। इस दौरान एक हुंडई एसेंट कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुंडई एसेंट कार से अवैध विदेशी शराब का परिवहन किया जा रहा था। जांच के क्रम में पुलिस ने कार को रोका और तलाशी के दौरान कुल 185 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शैलेश कुमार सिंह (उम्र करीब 27 वर्ष), पिता विनय सिंह, साकिन डुल्ला, थाना-राजपुर, जिला- चतरा (झारखंड) के रूप में की गई है। पुलिस ने शराब के साथ-साथ वाहन को भी जब्त कर लिया।

# गया में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण

## दो चरणों में 311 शिविरों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत गया जिले में किसानों का पंजीकरण यानी फार्मर रजिस्ट्री कार्य व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, गया तथा अपर समाहर्ता (राजस्व), गया द्वारा विभिन्न प्रखंडों में लगाए गए फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण किया गया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिले के सभी 22 प्रखंडों की प्रत्येक पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री कार्य के लिए कुल 311 कैम्प दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम चरण के तहत 6 जनवरी से 9 जनवरी तक कैम्प लगाए गए हैं जबकि द्वितीय चरण 18 जनवरी से 21 जनवरी तक आयोजित होगा। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से पात्र किसानों का ई-केवाईसी एवं भूमि से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कर फार्मर आईडी तैयार की जा रही है। जिले के सभी प्रखंडों में प्रतिदिन 311 कैम्प संचालित किए जा रहे हैं जहां प्रखंड कृषि पदाधिकारी, संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों का पंजीकरण कर रहे हैं। खबर भेजे जाने तक कुल 1717 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। जिले में अब तक 23022 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 15775 लाभुक शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे, वे योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे। फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार पर्यवेक्षण किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी समस्या के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया टीम का गठन भी किया गया है।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनयरिंग, गया के स्टार्टअप सेल द्वारा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग एवं बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग के सहयोग से बुधवार को आयोजित ड्रोन टेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह कार्यशाला राजउद्यान एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड के औद्योगिक सहयोग से आयोजित की गई जिसमें कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य वक्ता सुमित कुमार ने विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उनके साथ कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर अभिनय कुमार भी उपस्थित रहे जिन्होंने तकनीकी सत्र के दौरान ड्रोन के संचालन, तकनीकी संरचना, हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर प्रणाली तथा फील्ड एप्लीकेशन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को ड्रोन की संरचना, उड़ान नियंत्रण आप्रणाली, सेंसर तकनीक तथा कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग के बारे में अवगत कराया गया। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से छात्रों को ड्रोन तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ जिससे उनमें विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने ड्रोन टेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तकनीक भविष्य में कृषि, सुरक्षा, सर्वेक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को नवीन एवं उभरती तकनीकों से जोड़ने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेगा।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।**

**–: वितीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना में चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2023–24 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2024 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु अब तक 02 वर्ष के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनान्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में 15 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल नम्बर पर भी दी गई है एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

डीप बोरिंग की योजना के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि डीप बोरिंग कराकर लाभुक के साथ बोरिंग का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके।

चयनित लाभुकों द्वारा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके।

**दो दुधारू गाय की योजना में लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं–**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उमा कुमारी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 835088310022 |
| 2 | पुष्पा देवी | शम्भु सिंह | चपरवार | दलपतपुर | पिपरा | 9934553787 | 730862620041 |
| 3 | नुरैशा खातुन | क्यूम अंसारी | खैरादोहर | खैरादोहर | नौडीहा बाजार | 9693602493 | 848200620924 |
| 4 | सीमा देवी | पवन कुमार राम | मुरमा कला | गुरहा कला | विश्रामपुर | 6207823478 | 206108725580 |
| 5 | सावित्री देवी | रामसागर राम | मुरमा खुर्द | गुरहा कला | विश्रामपुर | 9304150806 | 652930447216 |
| 6 | मनिता देवी | बबलु मोची | रेवारातु | रेवारातु | सतबरवा | 8521914732 | 568571246920 |
| 7 | शैरा बानो | मकसूद खान | बारी | बारी | सतबरवा | 7479584357 | 526036620943 |
| 8 | सवीता देवी | विनोद यादव | माहुर | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 9006652662 | 611794882046 |
| 9 | चिन्ता देवी | जयमोहन ठाकुर | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 9570917174 | 817630147387 |
| 10 | सुमित्रा देवी | कंचन राम | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 8840136711 | 690587941231 |
| 11 | संजू देवी | अजीत कुमार सिंह | गणेशपुर | नौडीहा–2 | पांकी | 6200394028 | 796637511525 |
| 12 | प्रभा देवी | चन्द्रदेव मांझी | गणेशपुर | नौडीहा–2 | पांकी | – | 914810349709 |
| 13 | तारो देवी | सुदामा सिंह | बरवारी | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 9973965151 | 879385140393 |

**05 दुधारू गाय की योजना में लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं–**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजेन्द्र महतो | रामपृत महतो | पोंची | पोंची | सतबरवा | 9110111549 | 465139640998 |
| 2 | मो0 जुबेर अंसारी | सेराज अंसारी | फुलवरीया | सकलदीपा | पांकी |  | 629540413412 |
| 3 | प्रतिमा कुंवर | जनेश्वर सिंह | सरईडीह | सरईडीह | नौडीहा बाजार | 9319284993 | 868919015199 |
| 4 | सत्यम कुमार सिंह | राज दुलार सिंह | सुआ | सुआ | सदर मेदिनीनगर | 9709811300 | 222950014011 |

**डीप बोरिंग योजना में चयनित लाभुकों की सूची जो लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं और ना ही बोरिंग अभी तक करायें हैं–**

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ललीता देवी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 657054546626 |
| 2 | गोपाल महतो | स्व0 जयराम महतो | चिल्ही | छिछौरी | पण्डवा | 7004767822 | 496351434454 |
| 3 | जितेन्द्र कुमार यादव | रामजी यादव | छतरपुर | नौडिहा | छत्तरपुर | 8789617172 | 584756111004 |
| 4 | रितेश कुमार वर्मा | स्व0 कृष्णा राम | ढेला | कुराईनपतरा | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9308531019 | 483468588064 |
| 5 | सुमन महतो | राधेश्याम महतो | बैदाकला | उताकी | पाटन | 6299074369 | 571231464417 |
| 6 | उमेश कुमार सिंह | स्व0 जगदीश्वर सिंह | हिसरा पोखराहा | सरजा | सदर मेदिनीनगर | 9801303650 | 369097201703 |

उक्त के आलोक में लाभुक अंशदान की राशि जमा कर शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो हस्तलिखित अधोहस्ताक्षरी को आवेदन देना चाहेंगे ताकि दूसरे लाभुक को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

**जिला गव्य विकास पदाधिकारी**
**पलामू।**

PR 370174 (Animal Husbandry) 25-26 (D)


# ददरेजी-आंती-रफीगंज पथ पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों से राहगीरों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के ददरेजी-आंती-रफीगंज पथ पर सड़क किनारे बड़े-बड़े घास व खरपतवार उग जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के तीखे मोड़ों पर झाड़ियां इतनी घनी हो गई हैं कि सामने से आने वाले वाहनों की दृश्यता बाधित हो रही है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन अब हर समय अनहोनी का डर बना रहता है। इस संबंध में स्थानीय राजद युवा नेता आकिब आलम, मो. शाहिद उर्फ साहु, मो. जिशान, सुभाष चंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने बुधवार दोपहर करीब तीन बजे प्रशासन से सड़क किनारे लगे घास व खरपतवार को अविलंब साफ कराने की मांग की है। ताकि आवागमन सुचारू और सुरक्षित हो।



# वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) के तहत वांछित अभियुक्त राजेश मंडल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश मंडल, पिता रामजनम को उसके घर पड़री, थाना डोभी से पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट निर्गत था।


**पूर्व मध्य रेल**

**ओपन ई– टेंडर सूचना**

सूचित किया जाता है की भण्डार सामग्रियों कि आपूर्ति हेतु भारतीय रेलवे के वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रियों कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गयी है;– **क्रम सं. (01) निविदा संख्या :** 36255988, **संक्षिप्त विववरण :** पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोको के लिए 1745/1750 लीटर प्रति मिनट की उच्च क्षमता वाला कंप्रेसर, आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/ 2018/ ईएल/ स्पेक/ 0137 संशोधन 0 और नवीनतम तथा आरडीएसओ/ 2007/ईएल/ एसटीआर/ 0015 संशोधन 1 और नवीनतम के अनुसार बेस फ्रेम पर ऑनबोर्ड माउंटिंग के लिए। [ निविदा बंद होने की तिथि तक प्रचलित विनिर्देश को अंतिम माना जाएगा], **मात्रा :** 20 Nos., **समापन तिथि :** 13.01.2026. मुख्य कंप्रेसर /1750/1745 एलपीएम मोटर सहित डब्ल्यूएपी 4 लोकोमोटिव में उपयोग के लिए आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/ 2018/ईएल/स्पेक/0137 संशोधन '0' और एसटीआर संख्या आरडीएसओ/ 2007/ ईएल/ एसटीआर/0015 संशोधन '1' के अनुसार। [ निविदा बंद होने की तिथि को प्रचलित विनिर्देश को अंतिम माना जाएगा ], **मात्रा :** 29 Nos., **समापन तिथि :** 13.01.2026. **क्रम सं. (02) निविदा संख्या :** 36255281A, **संक्षिप्त विववरण :** छत पर लगाया जाने वाला एयर कंडीशनिंग सिस्टम बिना "ट्रफ" के विनिर्देश संख्या RDSO/ 2007/ EL/SPEC/0055 संशोधन '2' के अनुसार।, **मात्रा :** 80 Nos., **समापन तिथि :** 13.01.2026, **संक्षिप्त विववरण :** छत पर लगाया जाने वाला एयर कंडीशनिंग सिस्टम बिना "ट्रफ" के विनिर्देश संख्या RDSO/ 2007/ EL/SPEC/ 0055, REV '2' के अनुसार।, **मात्रा :** 114 Nos., **समापन तिथि :** 13.01.2026. सभी निविदाओं के लिए समापन समय 14:00 बजे है। पात्र प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव केवल IREPS के ई– प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल –www.ireps.gov.in के माध्यम से समापन तिथि और समय से पहले प्रस्तुत करना होगा। प्राप्तकर्ता के बारे में अन्य विवरण और स्टोर का विस्तृत विवरण उपरोक्त पोर्टल पर निविदा नोटिस में निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/ डी॰डी॰यू॰**
**पीआर/1571/डी॰डी॰यू॰/स्टोर/टी/25–26/56**


# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

## बंगलामुखी मंदिर प्रांगण से निकली भव्य जलभरी यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर में धार्मिक आस्था और भक्ति के वातावरण के बीच सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य जलभरी यात्रा के साथ हुआ। यह जलभरी यात्रा बुधवार की सुबह बांगलामुखी मंदिर के समीप से प्रारंभ होकर पितामहेश्वर घाट तक निकाली गई जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र पितामहेश्वर घाट से जल भरकर पुनः बांगलामुखी मंदिर परिसर में पहुंचकर यात्रा का समापन किया है। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया है। जलभरी यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर भक्ति गीतों और जयघोष के साथ आगे बढ़ती रहीं। 'हर-हर महादेव' और 'जय मां बंगलामुखी' के नारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए आयोजकों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। जलभरी यात्रा के सफल समापन के बाद बांगलामुखी मंदिर समीप अयोजकर्ता रंजीत पाठक के आवास पर अयोजित भागवत कथा का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया जिसके साथ ही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का औपचारिक शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान प्रतिदिन विद्वान कथावाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, गोवर्धन पूजा और रासलीला जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। साथ ही भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन भी प्रतिदिन किया जाएगा। आयोजकर्ता रंजीत पाठक ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और सद्भावना का प्रसार करना है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार 12 जनवरी को बनारस से जगतगुरु शंकराचार्य का गया आगमन प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जगतगुरु शंकराचार्य के प्रवचन और आशीर्वाद से कार्यक्रम की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ेगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है। जलभरी यात्रा में वीणा देवी, पुरोहित अरुण मिश्रा, गौरव पाठक, ज्ञान नयन उर्फ अंशु सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं।



संपादकीय

# यह अमेरिका की दादागिरी है...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर वहां की डेल्टा फोर्स ने जिस तरह वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को रातों रात उनके घर से उठा लिया और अब न्यूयॉर्क में जेल में रखा है, उसने सारी दुनिया को हैरत और चिंता में डाल दिया है। अमेरिका में उन पर ड्रग तस्करी को लेकर मुकदमा चलाया जाएगा। लेकिन जो हुआ, वह तो शुद्ध रूप से अंतरराष्ट्रीय दादागिरी है, जिसमें किसी भी देश की संप्रभुता का कोई अर्थ नहीं है। इस घटना से उन तमाम देशों में घबराहट है, जो अमेरिका विरोधी हैं या उसके पिछलग्गू नहीं हैं। ट्रंप का संदेश साफ है कि जो अमेरिकी का गुलाम नहीं बनेगा, वह जी नहीं सकता। हालांकि अमेरिकी सेना की इस कार्रवाई से वेनेजुएलावासियों में गहरा आक्रोश है। वहां की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज़ को अंतरिम राष्ट्रपति का पदभार को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोड्रिग्ज़ को यह ज़िम्मेदारी सौंपना 'प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने और देश की रक्षा सुनिश्चित करने' के लिए ज़रूरी है। इस बीच भारत ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है, लेकिन इसकी निंदा नहीं की है। भारत सरकार ने भारतीयों से कहा कि वो फिलहाल वेनेजुएला की यात्रा से बचें। जाहिर है कि भारत भी अमेरिका के साथ अपने रिश्ते बिगाड़ना नहीं चाहता। यह तो माना ही जा रहा था कि जिस तरह अमेरिका ने वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति मादुरो पर शिकंजा कस दिया था, उसका अंजाम यही होना था। हालांकि यह इतनी आसानी और बिना किसी खास विरोध के हो जाएगा, यह नहीं सोचा था। इस घटनाक्रम से यह भी साफ हुआ कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने राष्ट्रपति के अंगरक्षकों तक अपनी घुसपैठ कर ली थी और वो सीआईए के हाथों बिक गए थे। यह खुलासा भी चौंकाने वाला है कि मादुरो की सुरक्षा में ज्यादा सुरक्षाकर्मी पड़ोसी देश क्यूबा के थे। इससे यह भी पता चलता है कि मादुरो भले ही अमेरिका को चुनौती देने की कितनी ही डींगे हांक रहे हों, लेकिन उनका घर कितना कमजोर था। अमेरिका मादुरो पर ड्रग तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाता रहा है। इसी बुनियाद पर वह उन्हें हटाना चाहता था। दूसरी तरफ न्यूयॉर्क के मेयर और ट्रंप विरोधी जोहरान ममदानी ने मादुरो की इस तरह गिरफ्तारी को 'युद्ध की कार्रवाई' और 'संघीय और अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों का उल्लंघन' बताया है। उधर ट्रंप ने कहा कि जब तक वेनेजुएला में कोई ठीक सरकार नहीं बनती, तब तक अमेरिका ही वेनेजुएला को चलाएगा। अब यह पूरी तरफ साफ हो चुका है अमेरिका अपने आसपास के देशों में अपना दबदबा कायम रखना चाहता है। कोई उसकी तरफ आंख उठाकर भी देखे, यह अमेरिका को मंजूर नहीं है। दूसरे, वेनेजुएला में जिस कुशलता से तख्ता पलट हुआ है, वह वेनेजुएला के हमदर्द रूस और चीन के लिए भी कड़ी चेतावनी है, क्योंकि ये दोनों देश मादुरो को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सके। इस घटना के बाद चीन भी ताइवान पर हमले के बारे में दस बार सोचेगा। ट्रंप ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि उनकी लड़ाई अब दुनिया भर में खनिज संसाधनों पर कब्जे को लेकर है। अमेरिका वेनेजुएला के तेल भंडारों पर कब्जा चाहता है। इसी तरह उसकी नजर ताइवान के लीथियम भंडार और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खनिज भंडारों पर भी है। भविष्य में अमेरिका की इस लालची वृत्ति के खिलाफ दुनिया भर में देशों की नए सिरे से गोलबंदी होगी। यह 2026 में तीसरे विश्वयुद्ध की आहट है। वेनेजुएला के बाद अगला नंबर उसके दोस्त क्यूबा, कोलंबिया, पनामा का भी हो सकता है। लेकिन अमेरिका जो कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नैतिकता के खिलाफ है। इसका विरोध होना चाहिए।

# राम रहीम को पैरोल बनाम न्याय प्रक्रिया में देरी

**पारिवारिक और मानवीय कारणों से पैरोल दी जाती है, लेकिन राजनीतिक अवसरों और व्यक्तिगत उत्सवों के लिए बार-बार पैरोल देना न्याय और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ती है, और यह संदेश जाता है कि समाज में कुछ लोग कानून से अलग विशेषाधिकार पा सकते हैं।गुरमीत राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने के सिलसिले ने यह भी उजागर किया कि सज़ा का वास्तविक अर्थ और जेल का उद्देश्य क्या है, इसे आम जनता और पीड़ित परिवार सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। अदालत और प्रशासन के निर्णयों में समानता और पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखा जा सके। सामाजिक दृष्टि से यह भी देखा गया है कि ऐसे अपराधियों के बार-बार जेल से बाहर आने से समुदायों की भावनाएं आहत होती हैं और समानता का संदेश कमजोर होता है।**

**अजय कुमार**

हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बलात्कार और हत्या के गंभीर आरोपों में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 15वीं बार पैरोल मंजूर कर दी गई है। इसके तहत वह करीब 40 दिनों के लिए जेल से बाहर सिरसा डेरा में रहेंगे। 2017 में सजा मिलने के बाद अब तक यह सबसे निरंतर और लंबा पैरोल सिलसिला है, जिसने न केवल न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि पीड़ित परिवारों और समाज में नाराजगी भी पैदा की है।गुरमीत राम रहीम ने सोमवार को जेल से बाहर आते ही अपने समर्थकों के स्वागत में पहुंची बड़ी संख्या में गाड़ियों के काफिले के बीच सिरसा डेरा सच्चा सौदा के लिए प्रस्थान किया। पैरोल अवधि के दौरान वह वहीं रहेंगे। रिकॉर्ड्स के अनुसार, 2017 से अब तक वह कुल 405 दिन से अधिक समय जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी सिर्फ 8 साल और 4 महीने की सज़ा में उन्होंने लगभग एक पूरा साल जेल की सुरक्षा से बाहर गुज़ारा है।पहली बार उन्हें 24 अक्टूबर 2021 को बीमार मां से मिलने के लिए सिर्फ एक दिन की पैरोल दी गई थी। इसके बाद 21 मई 2021 को भी मां की बीमारी के कारण एक दिन की पैरोल मिली। लेकिन तीसरी बार, 7 फरवरी 2022, उन्हें 21 दिन के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति मिली, उस समय पंजाब में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। चौथी बार 17 जून 2022, उन्हें 30 दिन के लिए पैरोल मिली, हरियाणा में निकाय चुनाव के दौरान। पांचवीं बार 15 अक्टूबर 2022 को उन्हें 40 दिन के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति मिली, उसी दौरान आदमपुर उपचुनाव था।

इसके बाद भी सिलसिला लगातार चलता रहा। छठी बार 21 जनवरी 2023 को शाह सतनाम जयंती के मौके पर 40 दिन, सातवीं बार 20 जुलाई 2023 को जन्मदिन के समय 30 दिन, आठवीं बार 21 नवंबर 2023 को राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 21 दिन, नौवीं बार 19 जनवरी 2024 को



लोकसभा चुनाव के समय 50 दिन, दसवीं बार 13 अगस्त 2024 को जन्मदिन के आसपास 21 दिन, ग्यारहवीं बार 1 अक्टूबर 2024 हरियाणा चुनाव में 21 दिन, बारहवीं बार 28 जनवरी 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय 30 दिन, तेरहवीं बार 9 अप्रैल 2025 डेरा सच्चा सौदा स्थापना दिवस के मौके पर 41 दिन, चौदहवीं बार 5 अगस्त 2025 जन्मदिन के आसपास 40 दिन और अब पंद्रहवीं बार 3 जनवरी 2026 को 40 दिन के लिए पैरोल मिली। इस लगातार पैरोल सिलसिले को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर अपराध में सज़ायाफ्ता के प्रति प्रशासन और सरकार की नरमी का कारण राजनीतिक दबाव या सामाजिक स्थिति है। पैरोल नियमों के अनुसार कैदी को केवल परिवार में मौत, गंभीर बीमारी, करीबी की शादी या किसी अन्य अत्यावश्यक मानवीय कारण से ही अस्थायी रूप से जेल से बाहर आने की अनुमति मिल सकती है। लेकिन गुरमीत राम रहीम को जन्मदिन, चुनाव या धार्मिक आयोजन जैसे अवसरों पर बार-बार जेल से बाहर भेजा जाना नियमों की सीमाओं के परे है।

सामाजिक संगठनों और पीड़ित परिवारों ने इस बार-बार की पैरोल की अनुमति को न्यायिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है। ज्ञानी राम सिंह खासला ने इसे जख्मों पर नमक छिड़कने के समान बताया। उनका कहना है कि सरकार लंबे समय से जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दे पर चुप है, लेकिन बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिल रही है, जिससे समाज और समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इस सिलसिले में आँकड़े भी हैरान कर देने वाले हैं। आठ साल और चार महीने की सज़ा में गुरमीत राम रहीम कुल 387 दिन जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी वह इस सज़ा का एक वर्ष से अधिक समय जेल की दीवारों से दूर गुज़ार चुके हैं। वहीं, आसाराम बापू को जेल से बाहर आने में एक दशक से अधिक समय लग गया और उन्हें हाल ही में मेडिकल ग्राउंड पर छह महीने की अंतरिम जमानत मिली। कुलदीप सेंगर को बलात्कार के लिए उम्रकैद मिली थी, जिसे हाईकोर्ट ने सस्पेंड किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पलट दिया। इस तुलना से यह स्पष्ट होता है कि गुरमीत राम रहीम को दी जाने वाली रियायत असाधारण और विवादास्पद है। सामाजिक और राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि पैरोल का बार-बार मिलना केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक और सामाजिक कारणों का असर भी देखा जा सकता है। चुनाव के समय, जन्मदिन या धार्मिक आयोजन के मौके पर पैरोल देना न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और समानता पर सवाल खड़ा करता है।

पारिवारिक और मानवीय कारणों से पैरोल दी जाती है, लेकिन राजनीतिक अवसरों और व्यक्तिगत उत्सवों के लिए बार-बार पैरोल देना न्याय और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ती है, और यह संदेश जाता है कि समाज में कुछ लोग कानून से अलग विशेषाधिकार पा सकते हैं।गुरमीत राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने के सिलसिले ने यह भी उजागर किया कि सज़ा का वास्तविक अर्थ और जेल का उद्देश्य क्या है, इसे आम जनता और पीड़ित परिवार सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। अदालत और प्रशासन के निर्णयों में समानता और पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखा जा सके। सामाजिक दृष्टि से यह भी देखा गया है कि ऐसे अपराधियों के बार-बार जेल से बाहर आने से समुदायों की भावनाएं आहत होती हैं और समानता का संदेश कमजोर होता है। कई लोग कहते हैं कि अगर पैरोल केवल कानूनी औचित्य के आधार पर दी जाए, तो न्याय की मर्यादा और समाज में विश्वास दोनों बनाए रखा जा सकता है।इस बार-बार पैरोल मिलने के सिलसिले ने यह साबित कर दिया है कि पैरोल केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय बहस का विषय भी बन गई है। न्यायपालिका और प्रशासन को इसे और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाना चाहिए, ताकि किसी भी अपराधी को विशेषाधिकार प्राप्त न हो और सभी पीड़ितों को न्याय मिले।

अध्यात्म

## दान इतना गुप्त हो कि देते समय आपके दूसरे हाथ को भी पता न चले

एक सेठ ने अन्नसत्र खोल रखा था। उनमें दान की भावना तो कम थी, पर समाज उन्हें दानवीर समझकर उनकी प्रशंसा करे यह भावना मुख्य थी। उनके प्रशंसक भी कम नहीं थे। थोक का व्यापार था उनका। वर्ष के अंत में अन्न के कोठारों में जो सड़ा, गला अन्न बिकने से बच जाता था, वह दान के लिए भेज दिया जाता था। प्रायः सड़ी ज्वार की रोटी ही सेठ के अन्नसत्र में भूखों को प्राप्त होती थी। सेठ के पुत्र का विवाह हुआ। पुत्रवधू घर आयी। वह बड़ी सुशील, धर्मज्ञ और विचारशील थी। उसे जब पता चला कि उसके ससुर द्वारा खोले गये अन्नसत्र में सड़ी ज्वार की रोटी दी जाती है तो उसे बड़ा दुःख हुआ। उसने भोजन बनाने की सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। पहले ही दिन उसने अन्नसत्र से सड़ी ज्वार का आटा मँगवाकर एक रोटी बनायी और सेठ जब भोजन करने बैठे तो उनकी थाली में भोजन के साथ वह रोटी भी परोस दी। काली, मोटी रोटी देखकर कौतुहलवश सेठ ने पहला ग्रास उसी रोटी का मुख में डाला। ग्रास मुँह में जाते ही वे थू-थू करने लगे और थूकते हुए बोले- बेटी ! घर में आटा तो बहुत है। यह तूने रोटी बनाने के लिए सड़ी ज्वार का आटा कहाँ से मँगाया? पुत्रवधू बोली- पिता जी ! यह आटा परलोक से मँगाया है। ससुर बोले- बेटी ! मैं कुछ समझा नहीं। पिता जी ! जो दान पुण्य हमने पिछले जन्म में किया वही कमाई अब खा रहे हैं और जो हम इस जन्म में करेंगे वही हमें परलोक में मिलेगा। हमारे अन्नसत्र में इसी आटे की रोटी गरीबों को दी जाती है। परलोक में केवल इसी आटे की रोटी पर रहना है। इसलिए मैंने सोचा कि अभी से हमें इसे खाने का अभ्यास हो जाये तो वहाँ कष्ट कम होगा। सेठ को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने अपनी पुत्रवधू से क्षमा माँगी और अन्नसत्र का सड़ा आटा उसी दिन फिंकवा दिया। तब से अन्नसत्र से गरीबों, भूखों को अच्छे आटे की रोटी मिलने लगी। आप दान तो करो लेकिन दान ऐसा हो कि जिससे दूसरे का मंगल-ही-मंगल हो। जितना आप मंगल की भावना से दान करते हो उतना दान लेने वाले का भला होता ही है, साथ में आपका भी यह लोक और परलोक सुधर जाता है। दान करते समय यह भावना नहीं होनी चाहिए कि लोग मेरी प्रशंसा करें, वाह-वाही करें। दान इतना गुप्त हो कि देते समय आपके दूसरे हाथ को भी पता न चले।

# विकास की दौड़ में पीछे छूटता बचपन

**कुपोषण की जड़ें सिर्फ थाली की मात्रा में नहीं, उसकी गुणवत्ता और घर-समाज की कुप्रथाओं में भी छिपी हैं। सुरक्षित पेयजल, शौचालय, सीवर और स्वच्छता की कमी बच्चों के पोषण को सीधे चोट पहुँचाती है। जहाँ गंदा पानी और खराब स्वच्छता व्यवस्था है, वहाँ दस्त, निमोनिया और बार-बार होने वाले संक्रमण बच्चों के शरीर से पोषक तत्वों को लगातार खींचते रहते हैं, और बच्चा चाहे जो भी खाए, शरीर उसे ठीक से पकड़ ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि कुपोषण-बीमारी-गरीबी का दुष्चक्र टूटने के बजाय और कसता जाता है। नीतिगत स्तर पर भी देश ने लंबा सफ़र तय किया है। आईसीडीएस के बाद 2018 में 'पोषण अभियान' शुरू हुआ, जिसका लक्ष्य 0-6 वर्ष के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं में स्टंटिंग, अंडरवेट, एनीमिया और कम जन्म-वज़न को तेज़ी से घटाना है।**

**डॉ. मनीष जैसल**

दुनिया भले ही विकास की रफ़्तार पर गर्व कर रही हो, लेकिन बच्चों का पोषण आज भी मानवता की सबसे बड़ी चिंता बना हुआ है। 2023 के यूनिसेफ़ आँकड़े बताते हैं कि पाँच साल से कम उम्र के लगभग 48 लाख बच्चे हर साल दुनिया भर में जान गंवा देते हैं। इनमें से लगभग 45 प्रतिशत मौतों में कुपोषण एक प्रमुख जोखिम कारक के रूप में मौजूद रहता है।

आज़ादी के बाद के शुरुआती दशकों में यह तस्वीर और भी भयावह थी। 1970-80 के दशक तक राष्ट्रीय पोषण सर्वे बताते हैं कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-स्कूल आयु के आधे से ज़्यादा बच्चे कम वज़न और ठिगने कद के शिकार थे, कई सर्वे में यह अनुपात 55-60 प्रतिशत तक दर्ज हुआ। यह वह दौर था जब अकाल की यादें ताज़ा थीं, परिवारों का लक्ष्य सिर्फ पेट भर अनाज जुटाना था । थाली में दाल, दूध, फल-सब्ज़ियों की विविधता तो दूर की बात थी, कई घरों में एक समय का ठीक से खाना मिलना भी चुनौती था।

1990 के दशक के बाद राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस) और 2016-18 के व्यापक राष्ट्रीय पोषण सर्वे (सीएनएनएस) ने तस्वीर को और साफ़ किया। सीएनएनएस के अनुसार भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के लगभग 34.7 प्रतिशत बच्चे ठिगने (स्टंटेड) और 33.4 प्रतिशत कम वज़न वाले पाए गए - यानी हर तीसरा भारतीय बच्चा विकास की उस ऊँचाई तक नहीं पहुँच पा रहा, जो उसकी उम्र के अनुसार होनी चाहिए, जबकि अर्थव्यवस्था के ग्रोथ-रेट के आँकड़े चमकते दिखते हैं।

यह संकट पूरे देश में एक जैसा नहीं है। एनएफएचएस-5 के विश्लेषण बताते हैं कि मेघालय में ठिगने बच्चों की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत के आसपास है, बिहार में 42-43 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश और झारखंड में भी यह आँकड़ा 40 प्रतिशत के करीब है। इसके विपरीत सिक्किम और पुडुचेरी जैसे राज्यों में यह दर लगभग आधी है। गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कई आदिवासी बहुल ज़िलों में भी स्टंटिंग और कम वज़न का बोझ राष्ट्रीय औसत से बहुत ज़्यादा है। हाल के पोषण ट्रैकर और संसद में दी गई जानकारियाँ दिखाती हैं कि कई बड़े राज्यों में आज भी 40-50 प्रतिशत तक आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चे ठिगने दर्ज हो रहे हैं। उत्तराखंड जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्यों के कुछ ज़िलों में भी स्टंटिंग 30 प्रतिशत से ऊपर पाई गई है। यह बताता है कि कुपोषण अब सिर्फ 'गरीबी' की समस्या नहीं, बल्कि क्षेत्रीय असमानता, प्रशासनिक क्षमता और सामाजिक व्यवहार- इन सबका मिला-जुला संकट है।

कुपोषण की जड़ें सिर्फ थाली की मात्रा में नहीं, उसकी गुणवत्ता और घर-समाज की कुप्रथाओं में भी छिपी हैं। सुरक्षित पेयजल, शौचालय, सीवर और स्वच्छता की कमी बच्चों के पोषण को सीधे चोट पहुँचाती है। जहाँ गंदा पानी और खराब स्वच्छता व्यवस्था है, वहाँ दस्त, निमोनिया और



बार-बार होने वाले संक्रमण बच्चों के शरीर से पोषक तत्वों को लगातार खींचते रहते हैं, और बच्चा चाहे जो भी खाए, शरीर उसे ठीक से पकड़ ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि कुपोषण-बीमारी-गरीबी का दुष्चक्र टूटने के बजाय और कसता जाता है।

नीतिगत स्तर पर भी देश ने लंबा सफ़र तय किया है। आईसीडीएस के बाद 2018 में 'पोषण अभियान' शुरू हुआ, जिसका लक्ष्य 0-6 वर्ष के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं में स्टंटिंग, अंडरवेट, एनीमिया और कम जन्म-वज़न को तेज़ी से घटाना है। अब 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के तहत पोषण, स्वास्थ्य, जल-स्वच्छता, शिक्षा और कृषि जैसे 18 मंत्रालयों को एक मंच पर लाने की कोशिश हो रही है। फोर्टिफाइड अनाज, मोटे अनाज (मिलेट्स), समुदाय-आधारित उपचार मॉडल और आंगनवाड़ी नेटवर्क को मज़बूत करना इस प्रयास का हिस्सा हैं। लेकिन काग़ज़ पर बनी अच्छी योजनाएँ तभी असर दिखाती हैं, जब उनके साथ व्यवहार-परिवर्तन, जवाबदेही और स्थानीय स्तर पर नवाचार भी जुड़े हों। इसी बीच एक नया सवाल भी सामने है, क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस लड़ाई की साथी बन सकती है? कई राज्यों में आंगनवाड़ी केंद्रों के पास अब स्मार्टफोन और ग्रोथ-मॉनिटरिंग उपकरण हैं। 'पोषण ट्रैकर' जैसे डिजिटल टूल बच्चों के वज़न, कद और उपस्थिति का रियल-टाइम डेटा दर्ज कर रहे हैं। इस डेटा पर एआई आधारित मॉडल काम करके यह संकेत दे सकते हैं कि किस ज़िले या बस्ती में स्टंटिंग या वेस्टिंग बढ़ने के शुरुआती लक्षण दिख रहे हैं, ताकि समय रहते अतिरिक्त भोजन, स्वास्थ्य शिविर या घर-घर परामर्श की व्यवस्था की जा सके। ज़मीनी स्तर पर एआई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरह एक 'डिजिटल सहकर्मी' बन सकती है, जो स्थानीय भाषा में सरल तरीके से बताए कि किस बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास रेफ़र करना है, किन माताओं को एनीमिया या किशोर गर्भावस्था के कारण अधिक निगरानी की ज़रूरत है, और किस घर में बार-बार दस्त या बुखार की वजह से पोषण का नुकसान हो रहा है। चेहरे की पहचान और डिजिटल उपस्थिति से यह भी देखा जा सकता है कि जो राशन काग़ज़ पर बँट रहा है, वह सच में बच्चों तक पहुँच भी रहा है या नहीं। लेकिन इसके साथ यह सच भी स्वीकार करना होगा कि जहाँ इंटरनेट नहीं, जहाँ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानदेय ही मुश्किल से मिलता है, वहाँ तकनीक अगर बिना तैयारी के थोपी गई तो वह मददगार के बजाय बोझ बन जाएगी। कुपोषण के खिलाफ़ जंग सिर्फ तकनीक, सिर्फ योजना या सिर्फ नारेबाज़ी से नहीं जीती जा सकती। आज़ादी के बाद हमने अकाल और व्यापक भुखमरी पर काफ़ी हद तक काबू पा लिया है, लेकिन 'छिपी हुई भूख' - यानी कुपोषण अब भी हमारी सबसे बड़ी राष्ट्रीय चुनौती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

मेष राशि के लिए आज का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहने वाला है। आपको आज नौकरी में कोई लाभदायक मौका मिलेगा। दोस्तों से आप सहयोग पाएंगे।

**वृषभ**

आपको आज प्रेमी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलगा। नौकरी में आपका दिन आज उत्साहवर्धक रहेगा। आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन**

आज अपनी कार्ययोजना का लाभ मिलेगा। कुछ नए अवसर भी मिलेंगे। पहले से चली आ रही आपकी समस्याओं का समाधान होगा।

**कर्क**

सेहत के साथ ही साथ अपने खर्च पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अनचाहे खर्च भी करने होंगे। पारिवारिक जीवन में कुछ उलझन का सामना करना होगा।

**सिंह**

आपको पिता और घर परे वरिष्ठजनों से सहयोग मिलेगा। कोई पुरानी चाहत आपकी पूरी होगी। आर्थिक लाभ का भी संयोग बनेगा।

**कन्या**

कन्या राशि के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज आर्थिक लाभ मिलेगा। और आपका कामकाज भी आज अच्छा चलेगा।

**तुला**

आज का दिन भाग्यशाली रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में साहसिक फैसले से लाभ मिलेगा। नौकरी में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन उलझन भरा हो सकता है। आपके ऊपर आज काम का दबाव रहेगा। कुछ अटके पुराने काम को भी निपटाना होगा।

**धनु**

धनु राशि के जातको के लिए आज चंद्रमा का गोचर शुभ रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ का मौका मिलेगा। आप आज अपनी बुद्धि और कार्यकुशलता से कार्यक्षेत्र में सफलता पाएंगे।

**मकर**

आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहना होगा। बैंकिंग से संबंधित काम में आपको आज सफलता मिलेगी। आपका पैसा फंसा है तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**कुंभ**

आपकी किसी दुविधा और उलझन का समाधान होगा। आप आज किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपको मान प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**मीन**

आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा मौका मिलेगा। अधिकारी वर्ग के साथ साथ आपको आज सहकर्मियों से भी पूरा सहयोग मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बुर्का नकाब और हेलमेट पहनकर स्वर्ण दुकान में प्रवेश पर प्रतिबंध का दुकानदारों ने किया स्वागत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय व्यवसाईयों ने सुरक्षा कारणों से बुर्का, नकाब, मास्क, और हेलमेट पहनकर ज्वेलरी दुकानों में आने पर प्रतिबंध लगाया है। यह निर्णय ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड फेडरेशन के निर्देश पर लिया गया है, जिसका उद्देश्य चोरी और लूट की घटनाओं को रोकना है इस प्रतिबंध के तहत, ज्वेलरी दुकानों में प्रवेश करने वाले ग्राहकों को अपना चेहरा दिखाना होगा। दुकानदारों का कहना है कि यह कदम किसी समुदाय या वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है इस निर्णय के बाद, पटना जिला के ज्यादातर ज्वेलरी दुकानों में नोटिस और सूचना लगाए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि मास्क, हेलमेट, बुर्का, या नकाब पहनकर दुकान के भीतर आना मना है। वही बाढ़ के व्यावसायिक संघ के सदस्य का कहना है कि यह कदम बेहतर है जबकि भाजपा के महिला पर पोस्ट की जिला अध्यक्ष ने भी इसका स्वागत किया है लेकिन एक जाति समूह के भीतर यह निर्णय एक आग की तरह धीरे-धीरे सुलग रही है धीरे-धीरे सुलग रही है।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के माया बीघा गांव में बीती रात्रि थाना की पुलिस ने थाना अध्यक्ष शत्रुघन कुमार के नेतृत्व में जमकर छापेमारी अभियान चलाया जिसमें तीन गैर जमानती आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी में पहलाद राम, समीर राम और सुग्रीव कुमार शामिल है पुलिस सभी को न्यायिक रियासत के तहत जेल भेज दिया है।

### गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुलाब बाग और बालीपुर मोहल्ला में मंगलवार के दिन जम कर आज सामाजिक तत्व के लोगों गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया दो समाज के लोगों के बीच बालीपुर मोहल्ले में तनाव की भी स्थिति पैदा हुई इसके बावजूद भी पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी 24 घंटा बीत जाने के बाद नहीं कर पाई है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस मामले में निष्क्रिय साबित हुई देर रात तक सामाजिक तत्व के लोग और उनके परिवार थाना के आसपास घूमते नजर आए पुलिस भी मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### ई रिक्शा पलटने से कई लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमानाथ इलाके के रहने वाले एक ई रिक्शा चालक आज खराब सड़क के चलते हादसा का शिकार हो गया। हालत यह था कि सड़क ई-रिक्शा पलट जाने के चलते ई रिक्शा पर सवार चालक और उसे पर बैठे यात्री जख्मी हो गए। ड्राइवर को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दी गई ।अन्य यात्रियों को हल्की चोट लगी थी जो प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज करने के बाद घर चलेगए।

### दवा वितरण गाड़ी को धक्का लगाते हैं कर्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल परिसर में बुधवार के दिन बाढ़अनुमंडल के राणा बीघा बेलछी पंडारक अथमलगोला स्वास्थ्य केंद्र में दवा पहुंचने वाली गाड़ी का हाल बेहाल है हालत यह है कि ड्राइवर और खलासी के द्वारा घंटा धक्का मार कर स्टार्ट करने का प्रयास किया गया लेकिन गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई ड्राइवर ने बताया कि 4 महीने से उनका मानदेय बाकी था। जिसके चलते वह काम नहीं कर रहे थे लिहाजा गाड़ी ठंड के मौसम में पड़ी हुई थी। जिसके चलते बैटरी का सेल्फ ठंडा हो जाने के चलते धक्का लगाने की नौबत है राधिका कंपनी के द्वारा यह गाड़ी संचालित होती है लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में या हाल हो रखा है।

### ट्रेनों के ठहराव को लेकर विधायक ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा के भाजपा पार्टी के नव निर्वाचित विधायक डाक्टर सियाराम सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर दानापुर मंडल के बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में कई ट्रेनो के ठहराव की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत बाढ़ स्टेशन पर राज्यरानी,हिमगिरि,कोलकाता व जयनगर गरीब रथ तथा कुंभ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है,वहीं अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में ट्रेन संख्या 18183/84 टाटानगर बक्सर व 13331/32 पटना धनबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। इस आशय की जानकारी देते हुए बाढ भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य आशुतोष कुमार अमीत ने कहा की - इन ट्रेनों के ठहराव से बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के व्यापार, रोजगार, पर्यटन और आमजन के आवागमन को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा की इस संदर्भ में स्थानीय विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह से अनुशंसा पत्र के आलोक में रेल मंत्री से मिलकर इसे अनुमोदित करने की मांग की गई है,जिसपर विधायक ने जल्द रेलमंत्री से मिलने की बात कही है। बहरहाल स्थानीय विधायक की मांग के बाद बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की वर्षों पूरानी मांग पुनः पुनर्जीवित हो गई है।

### अज्ञात चोरों ने घर में की चोरी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा एक घर में चोरी करने का मामला सामने आया है। वहीं पुलिस इस मामले में जांच कर कार्रवाई की बात बता रही है। बताया जाता है कि सिंघाड़ा गांव निवासी परीक्षण राय के घर लोग कहीं अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में रखें संदूक बक्से का ताला तोड़कर नकद 3 लाख रुपए और करीब 2 लाख रुपए के गहने चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में लिखित शिकायत अब तक नहीं मिली है। लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली चोरी में साढ़े तीन लाख का जुर्माना

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को ग्यासपुर पंचायत के अहियापुर- गयासपुर गांव में बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ बिहटा और कन्या विद्युत अभियंता मनेर के द्वारा सीताराम प्रसाद बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की गई। इसके अलावा विभाग ने जांच करते हुए उनके घर में भी बिजली बाईपास करते हुए मीटर से चोरी कर बिजली इस्तेमाल करते हुए पाया गया। जिसमें 22137 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए मनेर थाने में विद्युत अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

### 50 पुड़िया स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर विजय नगर में छापेमारी कर 50 पुडिया स्मैक के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार लक्ष्मी देवी पति अभिषेक सिंह विजय नगर रोड 3 निवासी है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि विजय नगर रोड 3 में स्मैक की बिक्री किया जा रहा है.

# गया के गौरव, समाज के शिल्पकार हैं: बिपिन सिंह

## शिक्षा से सशक्त भारत की नींव




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिपिन सिंह, गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, आज शिक्षा जगत में एक प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित हैं। वे केवल एक सफल शिक्षाविद ही नहीं, बल्कि समाज के ऐसे शिल्पकार हैं जो निरंतर अपने समर्पित टीम के साथ मिलकर भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में जुटे हैं। उनकी सोच, दृष्टि और अथक परिश्रम ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया है। बिपिन सिंह को समाज के उन अग्रदूतों में गिना जाता है जिन्होंने जरूरतमंदों का हाथ थामकर उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। वे मानते हैं कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र, कौशल और आत्मविश्वास का निर्माण है। यही कारण है कि उन्होंने बिहार, झारखंड और पूरे पूर्वी भारत में शिक्षा व कौशल विकास की मजबूत नींव रखी है। गया के लिए उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। गोल स्किल डेवलपमेंट स्कूल के माध्यम से वे सैकड़ों वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निःशुल्क तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ ड्रेस, आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्होंने इन विद्यार्थियों के सपनों को पंख दिए हैं। यह पहल गया के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम है। हाल ही में आयोजित एक प्रेरक कार्यक्रम में गोल स्किल डेवलपमेंट स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए बिपिन सिंह ने उन्हें बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके भविष्य की स्पष्ट दिशा बताई और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायी रहा, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर कोई भी युवा अपनी किस्मत बदल सकता है। निस्संदेह, बिपिन सिंह आज गया की शान और पूर्वी भारत की उम्मीद हैं—एक ऐसे शिक्षाविद, जिन्होंने शिक्षा को सेवा, संवेदना और सशक्तिकरण से जोड़कर समाज के भविष्य को गढ़ने का संकल्प लिया है।

### अस्पताल में ऑपरेटर के अभाव में चार साल से ऑक्सीजन प्लांट बंद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में चार साल से ऑपरेटर के अभाव में ऑक्सीजन प्लांट बंद पडा हुआ है. अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार है लेकिन ऑपरेटर के अभाव में धूल फांक रहा है.अस्पताल जानकारों के अनुसार कोविड से निपटने के लिए अस्पताल परिसर में 280 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था और प्लांट को सुचारू से संचालित करने के लिए 200 केवी का जनरेटर भी स्थापित किया गया था. साथ ही ऑक्सीजन प्लांट से इमरजेंसी समेत सभी वार्ड मे ऑक्सीजन सिस्टम लगाया गया था और मॉडल अस्पताल भवन में भी ऑक्सीजन सिस्टम लगाया गया है.

## तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिनांक 07 जनवरी 2026 से 13 जनवरी 2026 तक सात दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ. इस प्रतियोगिता में तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आई. आर. के. जे. मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं इस्लामिया टीचर्स कॉलेज की टीमें भाग ले रही हैं. प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन और आई. आर. के. जे. मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीच खेला गया. बेहद रोमांचक मुकाबले में तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की. उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आई. आर. के. जे. मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे. उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल को अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी. समारोह के दौरान खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और राष्ट्रगान का गायन किया गया. कॉलेज के डायरेक्टर इकबाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना और अनुशासन बनाए रखने की अपील की. इस अवसर पर तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. सविता सिन्हा ने स्वागत भाषण में सभी टीमों और खिलाड़ियों का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग का विकास होता है. कार्यक्रम में आई. आर. के. जे. मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एच.ओ.डी. डॉ. एम. एस. शमशाद निजामी सहित दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

## टीसीएच एडुसर्व के सैकड़ों छात्रों ने एसटीईटी परीक्षा में रच दिया सफलता का अध्याय




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा के हालिया घोषित परिणामों में टी सी एच एदुसर्व के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष टी सी एचएदुसर्व से जुड़े सैकड़ों विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संस्थान के निदेशक सौरव सर ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा अनुभवी शिक्षकों की टीम के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि टी सी एच एदुसर्व हमेशा से ही रिजल्ट ओरिएंटेड पढ़ाई, नियमित टेस्ट, पर्सनल गाइडेंस और संपूर्ण सिलेबस कवरेज पर विशेष ध्यान देता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सक्षम और आत्मविश्वासी शिक्षक बनाना है। सफल छात्रों एवं अभिभावकों में इस शानदार परिणाम को लेकर काफी उत्साह है और उन्होंने टी सी एच एदुसर्व की शिक्षण प्रणाली की खुले दिल से सराहना की है। टीसीएच एदुसर्व भविष्य में भी इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टीचर्स ऑफ द मंथ अवॉर्ड से फिर सम्मानित हुई शिक्षिका नीतू शाही, शिक्षा के प्रति समर्पण को मिली स्वीकार्यता



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षिका नीतू शाही को एक बार फिर माह नवंबर के लिए टीचर्स ऑफ द मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. यह प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र एवं शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति-पत्र के रूप में प्रदान किया गया. यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पण, निष्ठा और उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण माना जा रहा है. बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीईओ साकेत रंजन ने शिक्षिका नीतू शाही को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर शिक्षिका नीतू शाही ने डीईओ को पौधा भेंट किया और अपने विद्यालय पर लिखी गई पुस्तक देकर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शिक्षिका नीतू शाही को बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है. वह फुलवारी शरीफ प्रखंड कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय बालक में पदस्थापित हैं. नीतू शाही बच्चों को पढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नवाचार को विशेष महत्व देती हैं. कक्षा में पेंटिंग, सिंगिंग और गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से वह बच्चों की रुचि को बढ़ाने का कार्य करती हैं. गीतों के जरिए पढ़ाई, चित्रकला के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया और रोज नए-नए तरीकों से बच्चों को शिक्षित करना उनकी शिक्षण शैली की खास पहचान है. उनके प्रयासों से बच्चे न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं. शिक्षा विभाग का यह सम्मान शिक्षिका नीतू शाही के कार्यों की सराहना के साथ-साथ अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है.

## मंत्री ने धान अधिप्राप्ति मद् में विभिन्न दरों के पुनर्निधारण हेतु आश्वस्त किया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 06.01.2026 को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष बिस्कोमान एवं एनसीसीएफ विशाल सिंह एवं अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक रमेश चंद्र चौबे जी के नेतृत्व में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक गोपालगंज अध्यक्ष महेश राय पाटलिपुत्र अध्यक्ष रितेश कुमार पूर्णिया अध्यक्ष अली रेजा एवं वैशाली अध्यक्ष सुधी रंजन प्रसाद का शिष्टमंडल माननीय मंत्री भारत सरकार खाद आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्रालय प्रहलाद जोशी से मिलकर ज्ञापन में दिए गए बिंदुओं पर विस्तृत रूप से अपना पक्ष रखा, वार्ता के क्रम में विचार करते हुए मंत्री ने धान अधिप्राप्ति मद् में विभिन्न दरों के पुनर्निर्धारण हेतु पूर्णतः अस्वस्त किया गया एवं साथ ही लक्ष्य बढ़ोततरी हेतु, पैक्सों के मिल टैगिंग में स्वतंत्रता, सहमति, रूट औपटिमाईजेशन में सुविधा तथा अन्य मुद्दों पर संज्ञान लेते हुए जल्द ही उनके निदान एवं कल हीं दिनांक 07.01.2026 को सचिव,खाद्य आपूर्ति, भारत सरकार से शिषटमंडल को मिलने हेतु निर्देशित किया! यह सार्थक पहल बिहार के शिष्ट मंडल द्वारा राज्य के किसानों एवं सहकारी समितियों हेतु बहुत ही सार्थक रही एवं आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी मुद्दों पर शीघ्र सफलता मिलेगी! आप सभी के सहयोग एवं कामनाओं के साथ आप सभी को सादर सूचित!

## 'शाद' की 100 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित होगा शताब्दी-समारोह

### 99वीं पुण्यतिथि पर 'शाद' की मजार पर चादर-पोशी के बाद हुई सभा में लिया गया निर्णय



**पटना सिटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगले वर्ष, ऊर्दू और हिन्दी के महान शायर 'शाद' अजीमाबादी की 100वीं पुण्यतिथि पर एक भव्य आयोजन किया जाएगा, जिससे देश के लोगों को मालूम हो कि बिहार की राजधानी पटना में 'शाद' जैसे एक महान शायर हुए थे, जिन्हें 'गालिब' और 'मीर' भी अदब की नजर से देखते थे। बुधवार को 'नव शक्ति निकेतन' के तत्त्वावधान में, नगर के लंगर गली, जिसका नाम अब 'शाद' अजीमाबादी पथ' हो चुका है, में स्थित 'शाद' के मजार पर चादर-पोशी के बाद आयोजित हुई सभा में यह निर्णय लिया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि 'शाद' जैसे महान शायर को संप्रदाय और जाति के तंग नजरिए से देखा जाना एक गुनाह है, पाप है। कवियों-शायरों की एक अलग जाति होती है और ये दुनिया के दीनो-धरम से बहुत ऊपर होते हैं। सबके होते हैं। उन्होंने इस महान शायर की ओर समाज की बेरुखी पर दुःख प्रकट किया और कहा कि साल में एक बार होने वाले इस मौके को भी लोग भूल जाएँगे, यदि 'नव शक्ति निकेतन' और इसके सचिव कमल नयन श्रीवास्तव याद न दिलाएँ। मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक रत्नेश कुशवाहा ने वरिष्ठ पत्रकार रेहान गनी के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि शाद की 100वीं पुण्य तिथि को इस रूप में मनाया जाए कि दुनिया याद रखे। पटना की महापौर सीता साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि इस गली में 'शाद' की प्रस्तर-पट्टिका' शीघ्र लगा दी जाएगी। जब इस गली का नाम उनके नाम से निगम द्वारा किया जा चुका है तो पट्टिका अवश्य ही लगनी चाहिए। साहित्य सम्मेलन के साहित्यमंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने 'शाद' को बिहार का गौरव बताया। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र, रेहान गनी, शाद के प्रपौत्र शकील अहमद, मधुरेश नारायण तथा संस्था के अध्यक्ष रामा शंकर प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के सचिव कमल नयन श्रीवास्तव ने सरकार से मांग की कि शतब्दी-समारोह के पूर्व शाद की मजार को 'राष्ट्रीय-स्मारक' घोषित करे तथा उनके सम्मान में स्मृति डाक-टिकट जारी हो। इस अवसर पर, कवि रमेश कँवल (हिन्दी), डा अकबर खुरशीद (ऊर्दू), पूनम सिन्हा श्रेयसी तथा जीनत शेख को (साहित्य एवं समाज सेवा के लिए) 'शाद अजीमाबादी स्मृति सम्मान' से विभूषित किया गया। कवि सुनील कुमार, शुभ चंद्र सिन्हा और फरीदा अंजुम ने अपनी रचनाओं से समारोह को यादगार बनाया। मंच का संचालन संस्था के सचिव कमल नयन श्रीवास्तव ने तथा धनयवाद-ज्ञापन प्रेम किरण ने किया।

### नामजद अभियुक्त कांति महतो गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. गौरीचक थाना कांड संख्या 914/25 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त कांति महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त कांति महतो, पिता लालबाबू महतो, ग्राम काजीबीघा, थाना गौरीचक, जिला नालंदा का निवासी बताया गया है. पुलिस के अनुसार कांति महतो उक्त गोलीबारी कांड में संलिप्त था और घटना के बाद से फरार चल रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर गौरीचक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

## बाढ़ अनुमंडल लोक शिकायत कार्यालय के द्वारा त्वरित कार्रवाई पर पीड़ित ने खुशी जाहिर की

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय के पदाधिकारी लगातार शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने में लगातार कामयाब साबित हो रही हैं। मंगलवार के दिन लोक शिकायत पदाधिकारी श्रीमती शहला मुस्तफा ने बताई की समय अवधि के भीतर जब आवेदन करने वाले व्यक्ति को जब न्याय और उसका वाजिब हक मिल जाता है तो सबसे ज्यादा खुशी उनके द्वारा लिखे गए कॉमेंट्स पढ़कर होता है उन्होंने बताया कि अथमलगोला प्रखंड के दो मामले हाल के दिनों में आया जिसमें रामनगर दियारा पंचायत के पंप चालक शिवकुमार मोची को कई महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ था। शिकायत के एक पखवाड़े के भीतर जब पीड़ित को उनका मानदेय प्राप्त हो गया तो उन्होंने खुशी जाहिर की और धन्यवाद भी दिया। वहीं करजान पंचायत के एक युवक कुंदन कुमार पिता अनिल सिंह ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई की वह गंभीर बीमारी से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में इलाज चल रहा है लेकिन उन्हें अंत्योदय योजना का राशन कार्ड नहीं होने के चलते उन्हें इलाज में रियायत नहीं मिल रही है। पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके अंतोदय राशन कार्ड बनवाकर उन्हें महैया कर दिया गया। तभी पीड़ित व्यक्ति ने पत्राचार करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया जिससे सुकून मिलता है।

## 23 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, 14 जनवरी तक नहीं मिलेगी ठंड से राहत

### दिन में धूप खिलने के बावजूद सुबह और शाम ठंड से ठिठुरा जनजीवन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को राजधानी पटना सहित अधिकांश जिलों में सुबह और शाम भयंकर ठंड का एहसास हुआ. दिन में धूप के लिए बावजूद धूप का असर नहीं के बराबर रहा .बफीली हवाओं ने धूप के असर को बेअसर कर दिया और लोग कांपते रहे. धूप में भी ठंडी हवा लोगों को शरीर को भेदती रही. सूई सी चुभती बहुती बफीर्ली हवाओं के झोंका से हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है. दरअसल, पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी के बाद सक्रिय हुई पछुआ हवाओं ने पूरे बिहार को कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में ले लिया है. जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ के असर से गिरी बर्फ का सीधा प्रभाव अब मैदानी इलाकों में महसूस किया जा रहा है. पाकिस्तान की ओर से आ रही सर्द हवाएं पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से गुजरते हुए बिहार तक पहुंच रही हैं, जिसके कारण राज्य में कोल्ड डे और घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है. पटना सहित सभी जिलों में 10 डिग्री से नीचे तापमान के चलते ठंड में विकराल रूप धारण कर लिया है. मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बिहार के 23 जिलों में कोहरे और शीत दिवस को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगले चार से पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट संभव है. इसका असर सुबह और रात के समय ज्यादा देखने को मिलेगा, जब ठंड कंपकंपी पैदा कर रही है. राज्य के उत्तरी जिलों में ठंड का सबसे ज्यादा असर दर्ज किया गया है. समस्तीपुर में न्यूनतम तापमान गिरकर करीब 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि भागलपुर के सबौर में तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मधुबनी और बांका में बफीर्ली हवाओं के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा. सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. राजधानी पटना में भी हालात कुछ अलग नहीं रहे. मंगलवार की अहले सुबह तापमान करीब 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दिन में धूप निकलने के बावजूद तेज पछुआ हवाओं ने ठंड का असर कम नहीं होने दिया. शाम ढलते ही फिर से ठिठुरन बढ़ गई और लोग जल्दी घरों में सिमटने को मजबूर हो गए. घने कोहरे ने यातायात व्यवस्था को भी बुरी तरह प्रभावित किया है. पिछले 24 घंटों के दौरान पटना, बेगूसराय, दरभंगा, पूर्णिया और मधुबनी समेत कई जिलों में दृश्यता 100 मीटर तक सिमट गई. हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए. कई जगहों पर रेल और बस सेवाएं भी देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 8 जनवरी से कोहरे की तीव्रता और बढ़ सकती है और 14 जनवरी तक कोल्ड वेव जैसी स्थिति बनी रह सकती है. खासकर सुबह और रात के समय ठंड का असर ज्यादा रहेगा. बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है.

## नाबालिक लड़की के मेडिकल टेस्ट के दौरान हाई वोल्टेज ड्रामा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमलगोला थाना क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की करीब एक महीना पहले अपने ही गांव के एक युवक के साथ घर से फरार हो गई थी। पुलिस में मामले की लिखित शिकायत लड़की के परिजनों ने की थी। जिसके बाद पुलिस लड़की को लड़का पक्ष के अधिवक्ता विनय कुमार के द्वारा पटना से खोज कर अथमल गोला थाना लाया गया। इसके बाद पुलिस ने लड़की को वकील के ही गाड़ी से बाढ़ न्यायालय में प्रस्तुत किया व्यवहार न्यायालय किया गया फिर लड़की का मेडिकल कराए जाने को लेकर पुलिस लड़की को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन लड़का पक्ष के वकील के गाड़ी में लड़की को ले जाने पर परिजनों ने कड़ा विरोध किया। इस दौरान लड़की की मां लड़की का मेडिकल कराए जाने को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। नाबालिक लड़की अपना मेडिकल करवाना नहीं चाहती थी लेकिन लड़की की मां का कहना था कि जब मैं लड़की को अपने पास ले जाऊंगी तो हर हालत में मेडिकल होना चाहिए। अनुमंडल अस्पताल में करीब 5 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पहले विरोध तो पुलिस की कार्यशाली को लेकर किया गया परिजनों का कहना था कि लड़की को पुलिस की गाड़ी से लाना चाहिए ना की लड़का पक्ष के वकील की गाड़ी से , मामले की गंभीरता को देखते हुए वकील विनय कुमार गाड़ी से उतरकर भाग निकला और वकील का मुंशी सुजीत कुमार नामक व्यक्ति जो की पटना से बाढ़ तक नाबालिक लड़की को लेकर आया था।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानिय थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत से नाबालिग लड़की को अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने मैनाटांड थाने में केस दर्ज कराया है। पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि बिते 4 जनवरी की रात हम सब अपने अपने कमरे में सोने चले गये। देर रात जब मेरी नींद खुली तो देखा कि मेरी लड़की अपने कमरे में नहीं थी। बहुत खोजबीन किया पर कुछ अता पता नहीं चला। पिडीत पिता ने आवेदन में उल्लेख करते हुए लड़की के मोबाइल पर चार मोबाइल नं से फोन आने का जिक्र किया है। पिडीत पिता का कहना है इन्ही चार मोबाइल नं से फोन करने वाले युवक ने लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। इधर एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### बीपीआरओ ने की संचालित योजनाओं की समीक्षा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीपीआरओ विवेक आर्या ने पंचायती राज विभाग अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारी ने पंचायत सचिवों से पंचायतों में सामुदायिक भवनों, पंचायत कार्यालय के संचालन, किराए के मकान में संचालित हो रहे पंचायत कार्यालय आदि की भी जानकारी ली। समीक्षा के दौरान प्रखंड अंतर्गत कुल 16 पंचायतों में किराए के मकान में पंचायत कार्यालय चलने की बात सामने आई। इसपर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यालयों को पंचायत में स्थित सामुदायिक भवनों में स्थांतरित कर पंचायत कार्यालय का संचालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने सोलर स्ट्रीट लाईट के भुगतान की भी समीक्षा किया। बीपीआरओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लगभग 22 पंचायतों में पीएसबी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें पंचायत सचिवों से अद्यतन रिपोर्ट की मांग किया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य करवा रहें एजेंसी को भी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

### बुल्डोजर की आहट, दो झोपड़ी जमींदोज

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के जमीन पर बने झोपड़िनुमा घर को बुल्डोजर से हटाये जाने की सूचना है, मालूम हो कि आदापुर थाना क्षेत्र के बरैया टोला लतियाही खाता संख्या 5,खेसरा 1299, पर वर्षो से बना घर को बुल्डोजर चला कर मुक्त किया गया, इस पहल में आदापुर थाना प्रभारी पप्पु पासवान,सीओ अनामिका सिंह,के निगरानी में की गई, कारवाई में राम बाबू चौरसिया,रामजी ठाकुर है जिनका वाद संख्या 04/2022,23 है,इस मौके पर थाना क्षेत्र के सभी जवान मौजूद थे।



### महापौर ने नाला निर्माण का किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-12 मठिया जीरात ईदगाह रोड में चल रहे मुख्य नाला निर्माण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी नगर आयुक्त निशांत सिहारा, नगर प्रबंधक नागमणि सिंह एवं विक्रम प्रशांत द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। यह विकासात्मक परियोजना क्षेत्र में बेहतर जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत खोदा नगर, मठिया जीरात एवं अम्बेडकर नगर के नागरिकों को जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी, जिससे पानी निकासी, स्वच्छता एवं आवागमन में भी सुधार होगा। नगर निगम मोतिहारी शहर के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

### 90 बोतल नेपाली शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सैनिक रोड के बिचला पुल के पास से बुधवार की अहले सुबह बाइक के साथ नब्बे बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक कारोबारी को दबोच लिया गया उक्त कारोबारी की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के गोलापकरिया गाँव निवासी राहुल मिश्रा पिता देवव्रत मिश्रा के रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कर अग्रतर करवाई की जा रही हैं वही दूसरी और जितना थाना अंतर्गत वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया उक्त अभियुक्त की पहचान नेपाल के चिकनी गाँव निवासी सुबोध कुमार पिता लक्ष्मी साह के रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।



### नशीला पदार्थ बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वीं वाहिनी एसएसबी अठमोहान और झारौखर पुलिस ने संयुक्त करवाई मे मंगलवार की रात्रि मे पीलर संख्या 359 से दो सौ मीटर की दुरी पर 2.940 किलो गांजा बरामद किया वही कारोबारी ने पुलिस को देख कर अंधेरा का फायदा उठकर कारोबारी भागने मे सफल रहा बरामद गांजा को कानूनी करवाई के लिए झारौखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।



### जल जीवन हरियाली अभियान की समीक्षात्मक बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. राधाकृष्णन भवन मोतिहारी समाहरणालय परिसर में उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जल-जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई जिसमें वित्तीय वर्ष-2019-20 से 2025-26 तक के प्राप्त लक्ष्य तथा उसके विरूद्ध प्राप्त उपलब्धि एवं शेष बचे लक्ष्य की प्राप्ति पर गहन समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रथ को डीएम ने किया रवाना



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन के लिए बेतिया में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों का पालन करना है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताते हुए हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, और शराब पीकर वाहन न चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने की अपील भी की। सड़क सुरक्षा माह के तहत यह अभियान 7 से 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान जागरूकता रैलियां, शपथ कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राकेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम और मोटरयान निरीक्षक अनुप कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कैंप में 487 किसानों की ईकेवाईसी और 118 की फॉर्मर रजिस्ट्री

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि से संबंधित योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसको लेकर विभाग द्वारा सभी पंचायत के किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी को लेकर प्रखंड अंतर्गत 12 पंचायतों में बुधवार को फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में संबंधित पंचायत के कृषि कॉर्डिनेटर, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिन पंचायतों में कैंप बुधवार को उनमें राजपुर तुमकड़िया, चमुआ, भभटा, गोखुला, शिकारपुर, बनवरिया, भसुरारी, धूमनगर, कुकुरा, सेमरी, डुमरिया, बिनवलिया पंचायत शामिल रहा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रोहित गौतम ने बताया कि मंगलवार की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रखंड के 487 किसानों का ई केवाईसी हुआ है। वही 118 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री किया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन भी एग्री स्टेक एप्प के सर्वर पर तकनीकी की समस्या बनी रहीं। जिससे फॉर्मर रजिस्ट्री करने में परेशानी सामने आई है। कई जगहों पर सर्वर स्लो होने के चलते भी समस्या आयी है। जिसका रिपोर्ट विभाग को भेजा गया है। उन्होंने ये भी कहा कि विभागीय समीक्षा में उक्त समस्या से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया है।बीडीओ सह कैंप के प्रखंड स्तरीय नोडल सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर,बीसीओ अनिल कुमार और सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने कैंप का निरीक्षण किया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर सभी पंचायतों में किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

# अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से किसान की मौत, गांव में पसरा मातम

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गरखा थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा फोरलेन गांव के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान विष्णुपुरा गांव निवासी स्वर्गीय रामदेव सिंह के 40 वर्षीय पुत्र अजय सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय सिंह बाइक से कृषि मशीन लेकर खेत में दवा का छिड़काव करने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जख्मी किसान को आनन-फानन में छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही अजय सिंह ने दम तोड़ दिया। अजय सिंह अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में एक पुत्र और दो नाबालिग पुत्रियां हैं। वे खेती-बाड़ी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी स्थान पर करीब एक वर्ष पूर्व उनके पिता रामदेव सिंह की भी ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। एक ही परिवार में दूसरी बार हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि अब इस परिवार का भविष्य कैसे चलेगा। घटना के बाद देर शाम तक घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। इधर हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने ले गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।



## विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर विशेष कार्यक्रम की तैयारी तेज

**2 फरवरी को सरैयामन में पहली बार होगा आयोजन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले के सरैयामन में 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाएगा। उदयपुर सरैयामन को रामसर आर्द्रभूमि के रूप में अधिसूचित किए जाने के बाद यह पहला अवसर होगा, जब यहां यह दिवस आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वन प्रमंडल पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि आर्द्रभूमि दिवस रामसर (ईरान) में हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की स्मृति में मनाया जाता है। सरैयामन सूबे का दूसरा रामसर आर्द्रभूमि क्षेत्र है। कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा उन्हें स्थानीय जलीय ईको सिस्टम और आर्द्रभूमि संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जाएगी।उन्होंने बताया कि उदयपुर सरैयामन क्षेत्र की खासियत यह है कि यहां रामसर आर्द्रभूमि, ईको पर्यटन क्षेत्र और वन्यजीव आश्रयणीकृतीन महत्वपूर्ण ईको सिस्टम एक साथ मौजूद हैं। यह क्षेत्र जैव विविधता से भरपूर है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाता है।

# सीएनजी कार-बाइक की टक्कर में डॉक्टर सहित तीन घायल, कार में लगी आग से मचा हड़कंप





**धू-धू कर जली सीएनजी कार**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर मंगलवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। माने गांव के समीप एक सीएनजी कार से बाइक बाइक में टक्कर के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। इस हादसे में कार चालक डॉक्टर सहित बाइक पर सवार पति-पत्नी जख्मी हो गए। बताया गया है कि सिवान जिला के हुसैनगंज बाजार निवासी डॉ पंकज कुमार चौरसिया, जो पेशे से चिकित्सक हैं, मंगलवार की सुबह अपनी ड्यूटी के लिए जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे। इसी दौरान माने गांव के पास उनकी सीएनजी कार ने आगे छपरा की तरफ चल रही बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार व बाइक दोनों सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। इसके तुरंत बाद कार पेड़ से टकराई व उसमें आग लग गई। हादसे के दौरान कार का गेट अचानक खुल जाने के कारण चिकित्सक की जान बच गई। बताया जा रहा है कि यदि गेट नहीं खुलता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं बाइक पर सवार घायल दंपति की पहचान एकमा के हंसराजपुर टोला गोपाली निवासी रसीद हुसैन व उनकी पत्नी नुसरत जहां के रूप में की गई है। बताया गया है कि पतिझ्पत्नी छपरा शहर बीमारी का इलाज कराने किसी डॉक्टर के पास जा रहे थे, जो माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर नीलगाय के अचानक आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई, वहीं पीछे से कर सवार भी अनियंत्रित हो गए जिससे कर से बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें वे इस दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी मौके पर पहुंचे और कार खुद ड्राइव करने वाले घायल चिकित्सक डॉ पंकज कुमार चौरसिया को तत्काल जलालपुर सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। वहीं बाइक सवार पतिझ्पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया गया। इधर घटना की जानकारी पाकर एकमा थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस जली हुई कार को हटवाने व यातायात को सुचारू कराया। इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए एनएच-531 पर अफराझ्तफरी का माहौल रहा। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह दुर्घटना घने कोहरे व धुंध के कारण हुई है।

# 22वीं किस्त के लिए ई-केवाईसी नहीं फार्मर आईडी जरूरी



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के करोड़ों किसानों की आमदनी दोगुना करने के मकसद से केंद्र सरकार की ओर से पीएम किसान सम्मान निधि चलाई जा रही है। इस योजना के जरिए किसानों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को अब तक 21 किस्तों में फायदा मिल चुका है। 3600 किसान अब 22वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए किसानों को ी-ङउ कराना पड़ता है, लेकिन अब इससे काम नहीं चलेगा। किसानों को अब फार्मर आईडी बनाना जरूरी है। बिना इसके 22वीं किस्त फंस सकती है। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राम कुमार पासवान का साफ कहना है कि जिन किसानों के पास यूनिक ऋ्र१ क्ळ नहीं होगी उनकी आने वाली किस्त रुक सकती है।बता दें कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना 6000 रुपये मुहैया कराए जाते हैं। ये पैसे किसानों को तीन किस्तों में मिलते हैं। हर एक किस्त में 2000रुपये मिलते हैं। हर 4 महीने में एक किस्त जारी की जाती है। अब तक प्रखण्ड के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 21 किस्तों में फायदा मिल चुका है। पीएम किसान योजना को केंद्र सरकार की ओर से साल 2019 में शुरू किया गया था।

### यूनिक किसान आइडी अनिवार्य

सरकार ने पीएम किसान योजना में यूनिक ऋ्र१ क्ळ को अनिवार्य कर दिया है। इसे किसान की डिजिटल पहचान माना जा रहा है। इसमें किसान की जमीन की जानकारी, कौन सी फसल बोई जाती है, खाद का इस्तेमाल, पशुपालन से जुड़ा डेटा और आमदनी से जुड़ी जानकारी जुड़ी रहती है। सरकार का मकसद है कि सही किसान तक ही योजना का लाभ पहुंचे और फर्जी रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाना है।

## 10 जनवरी को क्रिकेट खिलाड़ी सकीबुल गनी का होगा अभिनंदन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के लाल विश्व रिकार्ड धारी क्रिकेट खिलाड़ी साकीबुल गनी का 10 जनवरी को 2 बजे दिन में अभिनंदन होगा। जिला स्कूल मोतिहारी के मैदान में चंपारण चैंपियन क्रिकेट ट्रॉफी के फाइनल में अभिनंदन किया जायेगा।अभिनंदन समारोह में सांसद राधामोहन सिंह, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, महात्मा गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आशुतोष शरण, सचिव एवं उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद, जिला स्कूल के प्राचार्य रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं मोतिहारी वासी उपस्थित रहेंगे। वहीं 3 बजे चरखा पार्क मोतिहारी में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के उपरांत महात्मा गांधी फाउंडेशन द्वारा सकीबुल गनी के अभिनंदन में एक भोज का भी आयोजन किया गया है। बतादे कि साकिबुल गनी मोतिहारी अगरवा के निवासी हैं। उनके नाम कई रिकार्ड दर्ज हैं और हाल ही में अपना नया विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है।

# संस्कार भारती ने की अखिल भारतीय 'भरतमुनि सम्मान 2025' की घोषणा

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने अखिल भारतीय 'भरतमुनि सम्मान 2025' लोककला एवं दृष्यकला के कला विद्वानों को देने की घोषणा की। लोककला के अंतर्गत छत्तीसगढ की वेदमती शैली की प्रमुख पंडवानी गायिका प्रभा यादव एवं दृश्यकला के अंतर्गत पुणे, महाराष्ट्र के चित्रकार चिंतामणी हसबनीस को उनकी कलासाधना और अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 1 फरवरी 2026 को ठाणे (महाराष्ट्र) में एक भव्य समारोह में अखिल भारतीय 'भरतमुनि सम्मान 2025' से अलंकृत किया जाएगा। इन दोनों नामों की घोषणा करते हुए संस्कार भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अश्विन दलवी ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा दिया जानेवाला यह 'अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान' भारत में पंचम वेद के नाम से विख्यात नाट्य शास्त्र के रचियता महर्षि भरतमुनि को समर्पित है। ऐसे विशिष्ट कलासाधकों को सम्मानित करते हुए हम गौरवान्वित हैं तथा इनकी समाजोन्मुखी कला साधना से अभिभूत भी हैं। इस पुरस्कार के लिए इन कलाकारों का चयन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सुप्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना व पूर्व राज्यसभा सदस्य विदुषी सोनल मानसिंह (पद्म विभूषण) द्वारा तथा संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजुनाथ की उपस्थिति में यह सम्मान 01 फरवरी 2026 को गडकरी रंगायतन, ठाणे, महाराष्ट्र में आयोज्य समारोह में दिया जाएगा। इसमें सम्मान स्वरुप एक स्मृति चिह्न, प्रशस्ती पत्र एवं रुपए 1,51,000 की राशि भेंट की जाएगी। कार्यक्रम में दोनों ही कलासाधकों के कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी।संस्कार भारती के अ. भा. महामंत्री अश्विन म. दलवी द्वारा प्रेषित उक्त जानकारी संस्कार भारती के उत्तर बिहार प्रान्त के प्रचार प्रमुख डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने दी है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में संलग्न विद्वानों को प्रेरणा मिलेगी।

# निजी अस्पताल भेजने के विवाद के बीच विधायक ने किया रक्सौल अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सख्त रुख अपनाया है। मरीज को अपने निजी अस्पताल ले जाने के विवादित मामले को गंभीरता से लेते हुए रक्सौल एसडीएम ने जो चार सदस्यीय जांच कमिटी गठित की थी उसने कल मंगलवार को औपचारिक रूप से अस्पताल पहुँच कर अपनी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जांच टीम के अस्पताल पहुंचते ही परिसर में अफरातफरी का माहौल देखने को मिला था। टीम के सदस्यों ने पीड़ित महिला के पिता से बयान दर्ज किया और संबंधित चिकित्सकीय प्रक्रिया, दस्तावेज व स्टाफ की भूमिका की जानकारी ली थी। यह मामला उस वक्त सुर्खियों में आया जब आरोप लगा कि एक गर्भवती महिला को कथित तौर पर सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल ले जाने का दबाव बनाया गया। इधर इस घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है। इसी कड़ी में आज दोपहर उन्होंने अनुमंडल अस्पताल का अपने स्तर से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. स्वाति सपन, पीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव रंजन सहित चिकित्सक, नर्सें एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने सभी के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा मानकर निभाया जाए। उपाधीक्षक से लेकर आशा कार्यकताओं तक बेहतर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि मरीजों को इलाज के लिए भटकना न पड़े। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अस्वीकार्य बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई तय है।विधायक ने कहा, ह्लहमारा संकल्प है कि रक्सौल के हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। निजी अस्पताल भेजने जैसे मामलों पर सख्ती से जांच होगी और स्वास्थ्य व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।ह्व एक ओर जहां जांच शुरू होने से दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद जगी है, वहीं औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में भी जवाबदेही बढ़ी है। आम लोगों को उम्मीद है कि इन कदमों से रक्सौल की स्वास्थ्य व्यवस्था में ठोस सुधार देखने को मिलेगा।

# एस एम नेट यूनिसेफ की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी आई.एम.आई. हॉल में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में एस.एम. नेट, यूनिसेफ, मोतिहारी का "वार्षिक समीक्षा सह कार्ययोजना" बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वी चम्पारण के एस.एम. नेट टीम स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रही विभिन्न योजना नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व जाँच सहित पोलियो, ए.ई.एस. कोरोना, बाढ पूर्व तैयारी सहित आपातकाल में यूनिसेफ हमेशा कुशल सहयोगी के रूप में कार्य करती रही है। उन्होंने एस.एम. नेट के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नये उर्जा के साथ भविष्य में कार्य करते रहने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मोतिहारी सिविल सर्जन, डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. एस.एन. सत्यार्थी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डॉ. शरत चन्द्र शर्मा, आई.एम. आई. अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शरण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ठाकुर विश्वमोहन, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी, मो. अमानुल्लाह, निधि कुमारी, डा. कुमार अमृतांशु, डॉ. मनोज कुमार तुमाराडा, सुश्री गुंजन, पीरामल के मुकेश कुमार, यू. एन.डी.पी. के रूपेश कुमार मिश्रा, पी.सी.आई. के राजेश नाथ तिवारी, चाई के चन्दन कुमार, आयुष चिकित्सक संघ के डॉ. मनिष कुमार सहित एस.एम. नेट, यूनिसेफ के बी.एम.सी. गण उपस्थित थे।

**Name Change**

I, hitherto, known as Ritik Roshan Kumar s/o Sunil Paswan, vill- Sakri, PS- Sakri, Distt. - Kaimur( Bhabhua) Bihar, PIN- 821108 have changed my name and shall hereafter be known as Ritik Raushan Kumar.

**Affidavit**

I NESAR AHMAD S/O Serajoddin Ahmad, R/o+Vill-ward 4, Ujranarayanpur Belsara District- Gopalganj, P.o-Mirganj Bihar-841438 hereby affirm and declare as follows as Affidavit No. 13, Date: 16.12.2025 That ZAINAB SERAJ is my daughter. That in ZAINAB SERAJ 10th all educational certificate my name mistakenly mentioned as NESHAR AHMAD. That in my Aadhar card my name mentioned as NESAR AHMAD. That I shall be known as NESAR AHMAD for all purposes.

CMYK

## एक नजर

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने महुआ धाम के समीप से शराब के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान औरंगाबाद जिले के रामाबांध गांव निवासी बबलू कुमार, यमुनानगर निवासी रामजी चौधरी, बड़हरा गांव निवासी सुदय कुमार तथा अदमा गांव निवासी निर्मला देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि तस्कर अलग-अलग दो बाइक पर शराब के साथ झारखंड की तरफ से आ रहे थे। इसी क्रम में पुलिस के हत्थे चढ़ गये। जांच के दौरान तस्करों के पास से 32 लीटर मैहर रॉयल झारखंड डीलक्स लीटर अंग्रेजी शराब, महुआ निर्मित शराब 20 लीटर तथा तीन लीटर देसी टनाका शराब समेत कुल 55 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि संशोधित मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शहर के न्यू एरिया निवासी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के जयकांत वत्स की 96 वर्षीय माता कपिलन देवी का निधन 25 दिसंबर 2025 को प्राकृतिक कारणों से हो गया। मंगलवार की रात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी संतोषानंद जी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभा के दौरान लगभग 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। स्वामी संतोषानंद जी ने जीवन और मृत्यु के दर्शन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता और संगठन की भावना पर जोर दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 'सुनहरे 1000 दिन' और 'बाल विवाह मुक्ति' पर दिया गया जोर

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले के मोदनगंज प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों (कोड: 85, 17, 34 एवं 103) पर गोदभराई सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी एवं जेंडर स्पेशलिस्ट श्री शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को 'सुनहरे 1000 दिन' की महत्ता समझाते हुए बताया गया कि गर्भधारण से लेकर बच्चे के दो वर्ष का समय उसके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस क्रम में महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच, आयरन की गोलियों के सेवन और संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। केंद्र सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना जिसके तहत 0–3 माह की कन्याओं और 2.5 से 3 वर्ष की पूर्ण टीकाकृत बालिकाओं के बीच बेबी किट का वितरण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और उनके बेहतर भविष्य के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। मीरा कुमारी ने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु में बेटी की शादी करना कानूनन अपराध है। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों और लाभार्थियों ने बाल विवाह न करने और इसे रोकने के लिए समाज को जागरूक करने की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में अविनाश कुमार गुप्ता (प्रखंड समन्वयक), कुमारी किरण (महिला पर्यवेक्षिका) सहित संबंधित आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जॉब कैंप का आयोजन 13 जनवरी को

**जहानाबाद।** बिहार सरकार युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, जहानाबाद के द्वारा 13 जनवरी 2026 को जिला नियोजनालय, जहानाबाद परिसर में जॉब कैम्प का किया आयोजन किया जा रहा है। ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के द्वारा पिकर और पैकर के लिए 50 रिक्तियों अधिसूचित की गई है, जिसमें शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास उम्र 18-35 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं इस पद के लिए मासिक वेतन 14600 से 19000 अन्य सुविधाएँ जैसे एक माह हॉस्टल, बस और कैंटिन की सुविधा दी जाएगी। कंपनी के द्वारा जॉब स्थान राजपुरा, अम्बाला, पंजाब और हैदराबाद में है, उसे निर्धारित किया गया है। चयन हेतु उम्मीदवारों का पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है, एवं जॉब कैम्प की सारी प्रक्रिया निःशुल्क है। जॉब कैम्प का समय पूर्वाहन 10.30 बजे से अपराहन 04.00 बजे तक रहेगी।

### अधिक से अधिक किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** किसानों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल के तहत जिले में "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान को मिशन मोड में व्यापक, सघन एवं चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत डिजिटल एग्रीकल्चर (नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान–कृषोन्नति योजना) के तहत जिले के सभी प्रखण्डों में पंचायत एवं हल्का स्तर पर कैम्प एवं शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से जिले के सभी रैयत किसानों का फार्मर आईडी निर्माण एवं ई-केवाईसी की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसका उद्देश्य किसानों का एक समेकित, प्रामाणिक एवं अद्यतन डिजिटल डेटाबेस तैयार करना है, ताकि कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, फसल बीमा, ऋण सुविधा एवं अन्य कल्याणकारी लाभों का वितरण सही एवं वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके। इस अभियान के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पंचायत राज संस्थाओं तथा अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मध्य सुदृढ़ समन्वय स्थापित किया गया है। प्रत्येक प्रखण्ड में पंचायत एवं टोला, वार्ड स्तर तक कैम्प, शिविर तथा घर-घर अभियान के माध्यम से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी की महत्ता से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक किसानों को इस डिजिटल प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा ने किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**क्षेत्रीय विकास को लेकर कई घोषणाएं**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पंचायत निधि से निर्मित पंचायत भवन एवं चौरसिया भवन के ऊपर बनाए गए सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा, ओबरा पंचायत की मुखिया सीमा अग्रवाल और पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सीमा अग्रवाल ने की, जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल और पुष्कर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ प्रकाश चंद्र मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, प्रमोद भगत, बिजय सेनडीक, सुबोध अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की भी भागीदारी रही। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनी सलीम, अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक, थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार, अवर निरीक्षक निधि कुमारी, प्रखंड सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी मनोज कुमार, पूर्व परीक्षा अध्यक्ष मणि प्रसाद गुप्त, साहित्यकार, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं वार्ड सदस्य शामिल थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने कहा कि नए वर्ष के अवसर पर पंचायत भवन और चौरसिया भवन के ऊपर बनाए गए इस सामुदायिक भवन से ओबरा के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि यदि देव में नगर पंचायत का गठन होता है, तो ओबरा को भी नगर पंचायत बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र का चौमुखी विकास संभव हो सकेगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पुष्कर अग्रवाल ने छठ घाट पर हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग रखी, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मांग उनके ध्यान में पहले से है। विधायक ने क्षेत्रीय विकास को लेकर और भी घोषणाएं कीं। उन्होंने बेल बराही रोड में चपरी गांव के पास अदारी नदी पर पुल निर्माण की घोषणा की। साथ ही कहा कि जून-जुलाई माह तक ओबरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई किरण दिखाई देगी। इस अवसर पर मुखिया सीमा अग्रवाल और मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल ने जानकारी दी कि पंद्रहवीं वित्त योजना के तहत पंचायत भवन और चौरसिया भवन के ऊपर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है।

# वार्ड पार्षद ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कम्बल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले में बढ़ते ठंड के बीच बुधवार को मखदुमपुर नगर पंचायत के वार्ड नं 16 में वार्ड पार्षद मोहम्मद अख्तर और सामाजिक कार्यकर्ता नेहाल अख्तर की ओर से मखदुमपुर डीह स्थित कार्यालय में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जरूरतमंदों और वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुहल्ले के सैकड़ो गरीब असहाय लोगो के बीच तीन सौ से ज्यादा कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अख्तर और मोहम्मद मुख्तार ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गत वर्ष की तरह इस साल भी जरूरत मंदों और वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। इस मौके पर मोहम्मद परवेज, यूनुस अख्तर, मोहम्मद राजू, मोहम्मद गुड्डू समेत अन्य लोग मौजदू रहें।

# कृषि विभाग का विशेष अभियान, अधिकारियों ने किया पंचायत का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत कचनामा में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिकारियों ने निरीक्षण एवं पंचायत भ्रमण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी संभावना एवं सहायक निदेशक (प्रक्षेत्र) राम लखन ठाकुर ने कचनामा सहित डकरा, पूर्वी सरीन सहित अन्य पंचायतों का भ्रमण कर कैंप की प्रगति का जायजा लिया। जिले के लगभग सभी पंचायतों में किसान निबंधन एवं ई-केवाईसी का कार्य कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 6 जनवरी से 9 जनवरी तक चलाया जा रहा है। बुधवार को अभियान के दूसरे दिन अधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों में जाकर संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ किसानों को नियमित एवं निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए ई-केवाईसी और फार्मर आइडी बनवाना अनिवार्य है। इसी को लेकर सभी राजस्व कर्मचारी एवं कृषि विभाग के पंचायत स्तरीय कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे पंचायत भवन में उपस्थित रहकर किसानों को जागरूक करें और अधिक से अधिक किसानों का ई-केवाईसी एवं फार्मर आईडी बनवाएं। अधिकारियों ने बताया कि फार्मर आईडी किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके माध्यम से कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सरल और पारदर्शी होगा। इस आईडी में किसान द्वारा ली गई एवं भविष्य में ली जाने वाली सभी कृषि योजनाओं का पूरा विवरण सुरक्षित रहेगा। इस दौरान किसानों को आवश्यक जानकारी देते हुए बताया गया कि कैंप में आते समय वे आधार कार्ड, ऑनलाइन भूमि रसीद एवं मोबाइल फोन अवश्य साथ लाएं, ताकि ई-केवाइसी एवं फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो। वहीं जिला कृषि कार्यालय, जहानाबाद द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कंबल की राहत पाकर खिले सैकड़ों चेहरे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** स्थानीय पश्चिमी गांधी मैदान स्थित रेडक्रॉस भवन के सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला इकाई के द्वारा चयनित अत्यंत गरीब व जरूरतमंद ढाई सौ लोगों के बीच बुधवार को कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण होने से अत्यंत गरीब परिवार के लोगों को कंपकपाती ठंड में थोड़ी राहत मिली है। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डा. सत्येन्द्र कुमार की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम में मौके पर वाइस चेयरमैन इबरार अहमद, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, एग्जीक्यूटिव कमिटी के वरीय सदस्य रंजन कुमार सहित कई अन्य सदस्य भी मौके पर गरीबों को राहत दिलाने के काम में सक्रिय रहे। कंबल मिलने के बाद कड़ाके की ठंड में मुरझाए गरीबों के आभा मंडल पर रौनक साफ-साफ झलक रही थी। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी सह सोसइटी के वाइस प्रेसिडेंट राजीव रंजन सिन्हा, चेयरमैन डा. सत्येन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार व रंजन कुमार ने सैंकड़ों जरूरतमंद लोगों को कम्बल प्रदान किया। बताया गया कि रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति के सदस्यों ने पहले ही जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए चिन्हित किया था। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ.सत्येंद्र कुमार ने मौके पर अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी पीड़ित मानवता की सेवा के अपने परम लक्ष्य को लेकर सदैव जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहता है। हर साल ठंड के मौसम में सोसाइटी गरीब व असहायों को कंबल देकर उन्हें राहत दिलाने का काम करती है। इसके अलावा भी सोसाइटी प्राकृतिक आपदा यथा बाढ़ व आगजनी से पीड़ित होने के बाद असहायों की मदद के लिए उन्हें जरूरी उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराती रहती है। रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि आगे भी रेडक्रॉस सोसायटी समाज के जरूरतमंद व गरीब तबके की सेवा में तत्परता के साथ काम करती रहेगी। चेयरमैन डा. कुमार ने सोसाइटी के संचालन में संवेदनशीलता के साथ सहयोग करने के लिए वाइस प्रेसिडेंट सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग से जिले में रेडक्रॉस अपने सामाजिक सेवा के काम को बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी जरूरतमंद लोगों के सेवार्थ बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। ठंड के मौसम में एकदम ठीक समय पर संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को कम्बल दिया जा रहा है,जो इस बात का द्योतक है कि रेडक्रॉस के पदाधिकारी और प्रबंध समिति के सदस्य पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि रेडक्रॉस सोसायटी हर जरूरत के मौके पर लोगों की सेवा इसी तत्परता के साथ भविष्य में भी करेगा।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा बुधवार को व्यापक तरीके से अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर परिषद टीम के साथ नगर पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख और व्यस्त इलाकों में कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ओल्ड जीटी रोड स्थित पीएनबी मंडल से लेकर रमेश चौक, सब्जी मंडी होते हुए मस्जिद तक चला। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान खासकर सड़क के डिवाइडर के अंदर और मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से दुकान, ठेला और अस्थायी गुमटी लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर परिषद की बुलडोजर जैसे ही मौके पर पहुंची, तभी दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कई फुटपाथी दुकानदार अपनी दुकान और सामान समेटकर इधर-उधर भागते हुए नजर आए। कुछ स्थानों पर नगर परिषद की टीम ने जबरन दुकान हटवाकर सड़क को खाली कराया। सड़क के अंदर लगाए दुकानों को जब्त भी किया गया। हालांकि, जुर्माना नही लगाया गया है। नगर परिषद की असिस्टेंट टाउन प्लानर निकिता ने बताया कि लंबे समय से सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण शहर में जाम की समस्या गंभीर रूप ले चुकी थी। सुबह और शाम के समय एंबुलेंस, स्कूल बस और आम वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ी है, जिससे यातायात सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान आम जनता को भी परेशानी झेलनी पड़ी। अभियान के कारण कई स्थानों पर घंटों तक जाम लगा रहा। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ और आर्थिक नुकसान हुआ। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। सड़क पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाएं और सड़क, नाली व फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखें। नगर थाना की पुलिस टीम ने पूरे अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस की मौजूदगी के कारण किसी तरह का बड़ा विवाद या विरोध देखने को नहीं मिला। हालांकि कुछ जगहों पर दुकानदारों और अधिकारियों के बीच नोकझोंक की स्थिति भी बनी। शहरवासियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाना जरूरी है, लेकिन इसके लिए स्थायी समाधान और वैकल्पिक व्यवस्था भी होनी चाहिए। छोटे दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन की व्यवस्था की जाए, ताकि वे रोजी-रोटी भी कमा सकें और सड़क भी जाम न हो। इस अभियान में नगर परिषद के सफाई पर्यवेक्षक शुभम कुमार, कनीय अभियंता अंकित कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर गौरव कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ पर खुले में बिकता है मांस-मछली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले में कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय में औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ पर इन दिनों खुले में मांस व मछली बेची जा रही है। बता दें कि यहां करीब 10 वर्षों से खुले में मांस एवं मछली की दुकानें लगती है। मांस-मछली बाजार से 100 मीटर की दूरी पर धार्मिक स्थल मां सतबहिनी मंदिर है। बता दें कि पूर्व में मछली बाजार अंबा के नबीनगर रोड में लगाया जाता था। नबीनगर के लोगों के विरोध के बावजूद तत्कालीन बीडीओ ने नबीनगर रोड के नाला एवं नदी किनारे ले जाने का आदेश दिया था। आदेश के तहत ही मछली बाजार को नबीनगर रोड से हटाकर इस रोड में दूसरे स्थान पर लगाया जाना था परंतु कुछ महत्वपूर्ण लोगों ने बाजार को एक धार्मिक स्थल के समीप ले आया। बता दें कि प्रखंड के नागरिकों का मानना है कि जिस स्थान पर मांस मछली बाजार को स्थापित किया गया है वह कानूनी सामाजिक एवं स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से काफी घातक है। औरंगाबाद-हरिहरगंज रोड पर मांस-मछली का दुकान चलाना कानूनी रूप से दंडनीय मना गया है। धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थल के पास मांस मछली बाजार नहीं रहेगा परंतु यहां उसका कोई असर नहीं है। कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाए तो खुले में मांस-मछली बेचना भारतीय कानून एवं स्थानीय नियमों के तहत प्रतिबंधित है। इसके लिए सख्त नियम और इंड का प्राविधान है। धार्मिक स्थलों के पास इसकी बिक्री नहीं होती है। दुकानों में स्वच्छता एवं वेंटिलेशन जैसे सख्त निमय लागू किए गए हैं जिसका उल्लंघन करने पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्राविधान है। इसके बावजूद अंबा में उपरोक्त नियम कहीं लागू नहीं दिख रहा है। यहां तक कि इसे हटाने के प्रति अधिकारी भी गंभीर नहीं है।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक – 48/न0प0, दिनांक – 06.01.2026

**आम–सूचना**

नगर परिषद बिश्रामपुर में प्रशासक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों /नगरवासियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य बोर करने हेतु नगर परिषद्, बिश्रामपुर में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतु सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 5000.00 (मो0 पाँच हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उनपर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 10000.00 (मो0 दस हजार रूपये मात्र) एवं डीप बोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है।

**निबंधन तिथि :– दिनांक 16.01.2026 से 28.01.2026 तक।**

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1. बोरवेल वाहन निबंधन की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुषण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. वाहन मालिक/चालक अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।
7. निबंधन हेतु 50000/– (पचास हजार रूपये) का भुगतान कार्यालय के QR Code (भुगतान की छायाप्रति) अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा, को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2026 से 31.03.2027 तक मान्य होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर।

PR.NO.370198 District(25-26):D



## कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
## जेलहाता मेदिनीनगर (पलामू)

फोन न०:–9431138224 ईमेल आई०डी:–civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक.......................मेदिनीनगर ,दिनांक ......................

**Walk in Interview**

निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखण्ड रॉची के पत्रांक –1256 (D)(RCH) दिनांक 15-04-2015 के आलोक में National Urban Health Mission कार्यक्रम के अन्तर्गत नव स्थापित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर वार्ड नं0–34 मेदिनीनगर, भाहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडीला खुर्द वार्ड नं0–08 रेहला बिश्रामपुर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नई मुहल्ला वार्ड नं0–23 मेदिनीनगर पलामू हेतु अंश कालीन चिकित्सक की आव यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी जो निम्न अहर्ता रखते हैं, दिनांक–16.01.2026 को 11.00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय पलामू के सभा कक्ष में Walk – In - Interview हेतु ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

1. Qualification :- MBBS from Institution Recognised by Medical Council of India
2. Age :- Maximum 67 yrs.
3. Type of Engagement :- Contractual (Part Time)
4. Honorarium :- Rs. 35,000.00
5. Gender :- Male/Female
6. Duty Hours : - 2.00 P.M. to 6.00 P.M.(Monday to Saturday)
7. Desirable :- Experience of Working in Government Facilities would be anadded Advantage
8. No. of Post :- 03(Three)

इच्छुक उम्मीदवार **Walk in Interview** के लिए अपना बायो डाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो प्रतियों में छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार, पलामू में दिनांक 16.01.2026 को 11.00 बजे उपस्थित होना होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.370230 District(25-26):D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**-: वितीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत डीप बोरिंग/वर्मी कम्पोस्ट की योजना में चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना :-**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2024–25 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि डीप बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2025 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु अब तक 11 माह के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनान्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में 15 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल नम्बर पर भी दी गई है एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वैसे लाभुकों को सूचित किया जाता है कि डीप बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट का कार्य कराकर लाभुक के साथ बोरिंग/वर्मी कम्पोस्ट का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग/वर्मी कम्पोस्ट का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके।

चयनित लाभुकों द्वारा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके।

डीप बोरिंग योजना में चयनित लाभुकों की सूची जो लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं और ना ही बोरिंग अभी तक करायें हैं, वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं–

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुनाथ यादव | महेश यादव | चुकरू | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 8002854956 | 455393471985 |
| 2 | हिमांशु कुमार सिंह | देववंश सिंह | जोरकट | कौड़िया | सदर मेदिनीनगर | 7979931712 | 236142901228 |
| 3 | नागेन्द्र कुमार | नरेश राम चन्द्रवंशी | सतौवा | सतौवा | पाटन | 8210761567 | 320244057196 |
| 4 | अजमेरून निशा | मो0 नेजामुदीन अंसारी | ब्रहमोरिया | कॉंके कला | पाटन | 9308223114 | 984709655274 |
| 5 | सोनू कुमार रवि | राजेन्द्र राम | कुन्दरी | पाल्हे कला | पाटन | 9142593919 | 636862020082 |
| 6 | बाबूलाल राम | सुरेन्द्र राम | सतहे | सतौवा | पाटन | 9835250140 | 836689476799 |
| 7 | दिलीप कुमार शर्मा | स्व0 रामप्रवेश शर्मा | कुकही | कुकही | हैदरनगर | 8789790802 | 890224619255 |
| 8 | अनुज कुमार सिंह | स्व0 इश्वरधन सिंह | चेचरिया | खरगड़ा | हैदरनगर | 7479605551 | 244583721358 |
| 9 | रविता कुमारी | विकाश यादव | झरहा खुर्द | भण्डार | विश्रामपुर | | 223660078724 |
| 10 | मे0 जुबेर असांरी | स्व0 सेराज अंसारी | फुलवरीया | सकलदीपा | पांकी | 7781031585 | 629540413412 |
| 11 | संजू देवी | मनोज राम चन्द्रवंशी | मुरमा कला | मुरमा कला | उंटारीरोड | 9631347240 | 880322458478 |
| 12 | पवन कुमार गुप्ता | रामकिशुन गुप्ता | सलैया | सलैया | हरिहरगंज | 9304242630 | 404863095010 |
| 13 | संजू सिंह | संजय कुमार सिंह | पिपरा | पिपरा | पिपरा | 7667540133 | 333035322536 |
| 14 | शिवकुमार सिंह | त्रिलोकी सिंह | बानालात | उलडण्डा | रामगढ़ | 6206009898 | 761657625312 |
| वर्मी कम्पोस्ट योजना में चयनित लाभुकों की सूची जो लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं और ना ही अभी तक कार्य करायें हैं– | | | | | | | |
| 1 | शोशिला देवी | बद्रीनाथ महतो | मझिगावां | मझिगांवा | चैनपुर | 9304720509 | 642520345595 |

उक्त के आलोक में लाभुक अंशदान की राशि जमा कर डीप बोरिंग/वर्मी कम्पोस्ट का कार्य शत् प्रतिशत पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो हस्तलिखित अधोहस्ताक्षरी को आवेदन देना चाहेंगे ताकि दूसरे लाभुक को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 370169 Animal Husbandry (25-26)_D

# मुंगेर विश्वविद्यालय आयोजित करेगा राष्ट्रीय युवा सप्ताह

## 12 से 19 जनवरी तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आयोजन 12 जनवरी से 19 जनवरी तक किया जाएगा। यह ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह 12 जनवरी से 19 जनवरी तक एनएसएस कैलेंडर के अनुसार आयोजित किया जाता है। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। एनएसएस का ध्येय वाक्य 'नॉट मी, बट यू' अर्थात 'निःस्वार्थ सेवा' स्वामी विवेकानंद के विचारधारा से प्रेरित है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के कार्यक्रम में 12 जनवरी, 2026 को उद्घाटन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा आरडी एंड डीजे कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। 13 जनवरी को सभी



एनएसएस इकाइयों द्वारा कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 15 जनवरी को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 16 जनवरी को पौधारोपण अथवा ब्लड डोनेशन कैंप या हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। 17 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 19 जनवरी को सभी एनएसएस इकाइयों द्वारा कॉलेज में समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। 12 जनवरी के कार्यक्रम को सफल आयोजन करने के लिए तीन सदस्य सांस्कृतिक कमेटी का गठन किया गया है जिसमें डॉ कुंदन लाल, डॉ राजेश कुमार सिंह और डॉ संजय मांझी है। बीआरएम कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वंदना कुमारी और जेएमएस कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी मो तबारक अंसारी को इवेंट कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन जेसीजे कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार द्वारा किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को राष्ट्रीय एकता शिविर हेतु चयनित किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा साथ ही साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मान भी प्राप्त होगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं के प्रतिभाओं को निखारा जाएगा। इससे एकेडमिक गतिविधि के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया जाएगा। एनएसएस कार्यालय कर्मी सौरव शांडिल्य और सुमन कुमार ने अपनी तैयारियां शुरू कर दिए ताकि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा सके।

# रोजगार कैम्प में 142 युवा चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के आईटीआई परिसर में युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत बुधवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया। उक्त कैम्प में निजी कंपनी वीआईएसपीएल के द्वारा सुजुकी मोटर के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनके प्रतिनिधि गुलशन कुमार के द्वारा कैम्प में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 250 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 183 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 142 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही राणा अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। नेशनल करियर सर्विस द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं एवं इसके उपयोग के बारे में कनीय सांख्यिकी सहायक राहुल कुमार एवं यंग प्रोफेशनल पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य सतीश चंद्र वियोगी, उप प्राचार्य कार्तिकेय कुमार, प्लेसमेंट कोर्डिनेटर सुजीत कुमार, जिला कौशल प्रबंधक सामंत कुमार, रंजय सिंह देव, सतीश पटेल उपस्थित थे।

# मंत्री के क्षेत्र भ्रमण को सफल बनाने को लेकर भाजयुमो की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा में भाजयुमो की बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अजीत कुमार कुशवाहा एवं संचालन मनीष पाठक के द्वारा किया गया। बैठक में स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के प्रस्तावित क्षेत्र भ्रमण को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच विचार विमर्श किया गया। बैठक में समसा पंचायत स्थित मॉडल स्कूल को डिग्री कलेज में परिणत करने, जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार एवं विभिन्न जनसमस्याओं के निदान हेतु माननीय मंत्री का ध्यान आष्ट कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर महामंत्री दीपक कानू, पूर्व महामंत्री कपिल देव पोद्दार, सरपंच बाबू साहेब कुंवर उर्फ पंकज कुमार, मुकेश महतो, विकाश कुमार, प्रभु ठाकुर, अर्जुन साह,संगीता देवी, राम पुकार गोस्वामी, राजेश महतो, राजीव पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के लिये यूडीआईडी कार्ड बनाने को लेकर लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड के बीआरसी में बुधवार को दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगों ने शिविर में आकर निर्धारित प्रपत्र में सूचना अंकित कर प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। शिविर में यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने के साथ उनके लिए सभी तरह के

**सुविधा**

समुचित लाभ दिव्यांग को मिलने की बात कही गई। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने कहा कि इस कार्ड के बन जाने के बाद दिव्यांगों को सरकारी सहायता लेने में आसानी होगी। शिविर में मानसिक मंदता के, अस्थि निशक्तता के, मूक बधिर का प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही यूडीआईडी कार्ड के लिए प्रपत्र जमा किया गया। इस संबंध में समावेशी शिक्षा के बीआपी कमल कुमार मौर्य ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगों की पहचान, स्वास्थ्य सुविधा व विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादन सुनिश्चित करना है। मौके पर पीएचसी प्रभारी डा. दिलीप कुमार, अर्थोपोडिक सर्जन डा. गौरव कुमार, नेत्र सहायक नेहा रानी, हेल्थ मैनेजर आशुतोष गांधी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भोजपुर।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बुधवार को भोजपुर जिले का भ्रमण कर उर्वरक व्यवस्था की स्थिति का औचक निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कोईलवर प्रखंड अंतर्गत किसान सेवा केंद्र, सकड़ी तथा मां खाद एवं बीज भंडार, कायमनगर स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कृषि मंत्री ने संबंधित प्रतिष्ठानों को सख्त निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में उर्वरकों की अधिक मूल्य पर बिक्री, कृत्रिम अभाव अथवा कालाबाजारी बर्दाश्त



नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्धारित दर पर समयबद्ध, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। कृषि मंत्री ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखते हुए निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। कालाबाजारी, जमाखोरी और किसी भी प्रकार की अनियमितता के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक मिल सके। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान कल्याण और पारदर्शी व्यवस्था के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुशासन की प्रतिबद्धता के अनुरूप बिहार सरकार किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उड़नदस्ता दल और जिला स्तरीय निगरानी समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। 07 जनवरी 2026 तक राज्य में 2.09 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.45 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.20 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.35 लाख मीट्रिक टन एमओपी तथा 1.09 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का भंडार उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि रबी मौसम 2025-26 में 07 जनवरी 2026 तक उर्वरक से संबंधित अनियमितताओं के विरुद्ध 38 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 104 उर्वरक प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किए गए हैं।

# सड़क दुर्घटना में साला-बहनोई समेत तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एनएच- 31 पर हरपुर ढाला के समीप बुधवार को कार और बाइक की टक्कर में साला-बहनोई समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे में शामिल तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रिफाइनरी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुकेश कुमार और हरदेव पासवान की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है, जबकि प्रमोद कुमार का इलाज सिंघौल स्थित ग्लोकल हस्पिटल में चल रहा है। घायलों की पहचान बरौनी थाना क्षेत्र के निंगा पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर चांदलदौरा वार्ड नंबर-14 निवासी गेंडोरी पासवान के पुत्र सुकेश कुमार (26 वर्ष) और हरदेव पासवान (41 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं तीसरे घायल की पहचान समस्तीपुर जिले के हसनपुर बड़गांव वार्ड नंबर-12 निवासी बाबूलाल पासवान के पुत्र प्रमोद कुमार (43 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि तीनों एक ही परिवार से जुड़े हैं। प्रमोद कुमार पासवान का ससुराल गेंडोरी पासवान के यहां है और वह ससुराल में रहकर अपने साले के साथ रिफाइनरी में मजदूरी करता था। रोज की तरह आज सुबह भी तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकले थे। तभी हैरपुर ढाला के पास यह हादसा हो गया। एक ही घर के तीन लोगों के सड़क हादसे का शिकार होने से परिजनों में कोहराम मच गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार व बाइक को जब्त कर लिया। घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में अफराद्दतफरी का माहौल बना रहा। रिफाइनरी थाना अध्यक्ष ने बताया कि कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी का इलाज जारी है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग, परिजन सहित रिफाइनरी कर्मी व मजदूर भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और आक्रोश में सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण एनएच- 31 पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मजदूरों और स्थानीय लोगों को समझा- बुझाकर स्थिति को शांत कराया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया और यातायात को पुनः बहाल कराया गया। फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संघ द्वारा निर्मित कलेंडर पहुंचा विद्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने नए सदसयों से मिलने व संघ के द्वारा तैयार किए गए कैलेंडर बलिया नगर व प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के मूल्यांकन परिषद् अध्यक्ष मो सलीमउद्दीन एवं सचिव सुधीर सिंह, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य अरूण कुमार हरि, अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर, प्रखंड सचिव बलिया अविनाश शांतनु के नेतृत्व में जीडीआर उच्च बिद्यालय बड़ी बलिया, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बलिया, एस ए एस उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलिया, उच्च विद्यालय सादीपुर दियारा, उच्च विद्यालय गोखले नगर विष्णुपुर, उच्च विद्यालय परमानंदपुर पहुंचकर शिक्षकों से मिले। सभी नए शिक्षकों का परिचय प्राप्त किया सबसे कुशलक्षेम पूछा, संघ संगठन को लेकर उनको जानकारी दी। साथ ही सभी को संघ द्वारा वार्षिक कैलेंडर, अवकाश तालिका विवरण दिया व विद्यालय में भी कैलेंडर, अवकाश तालिका विवरण लगाया। संघ के मूल्यांकन परिषद अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन एवम सचिव सुधीर सिंह, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य अरूण कुमार हरि, अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर ने विद्यालयों में नए शिक्षकों से कहा सरकार जिस सोच से आप शिक्षकों की नियुक्ति किया है उसमें आपलोग भी बेहतर कर के दिखाइए ताकि किसी को बोलने का मौका नही मिले, बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है उसी से हमारी पहचान है। विद्यालय में आपसी भाईचारा बनाते हुए अपना कार्य करें ताकि अभिभावकों से कोई शिकायत नही हो। उसके बाद संघ संगठन से जुड़कर संघ को मजबूत बनाए रखे।

# अंतर-महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुंवर सिंह महाविद्यालय बना चैंपियन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लहेरियासराय।** दिनांक 6 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक चंद्रमुखी भोला महाविद्यालय, घोघरडीहा, मधुबनी में आयोजित अंतर-महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुंवर सिंह महाविद्यालय, लहेरियासराय, दरभंगा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में कुंवर सिंह महाविद्यालय की टीम ने 3 सेट जीतकर स्वर्गीय बिश्वनाथ सिंह शर्मा महाविद्यालय, बेगूसराय की टीम (1 सेट) को पराजित किया, जो प्रतियोगिता की उपविजेता रही। कुंवर सिंह कॉलेज की विजेता टीम में काजल कुमारी, दीपाली कुमारी, ब्यूटी कुमारी, रोमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, राजनंदनी, सरिता कुमारी, पिंकी कुमारी, भारती कुमारी एवं मुस्कान कुमारी शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शम्भु कुमार यादव ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की मजबूत खेल परंपरा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। महाविद्यालय के क्रीड़ा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, टीम भावना और आत्मविश्वास ने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर महाविद्यालय का मान बढ़ाएँगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ. रामावतार प्रसाद, डॉ. जय कुमार झा, डॉ. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संदीप झा, डॉ. प्रदीप झा, डॉ. स्वाति कुमारी, डॉ. कंचन कुमारी तथा महाविद्यालय के प्रधान सहायक हर्षवर्धन कुमार ने विजेता टीम को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेमयू ने दिया धरना

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** खेतिहर मजदूर यूनियन एवं बिहार राज्य किसान सभा के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को भगवानपुर में मजदूर-किसान प्रदर्शन सह धरना का आयोजन किया गया। उक्त धरना दोपहर 12 बजे से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए किसान नेता विनोद कुमार चौधरी ने कहा कि मनमोहन सरकार में जो मनरेगा कानून बनाया गया उससे महत्मा गाँधी का नाम हटाकर बी बी जी रामजी कानून के माध्यम से रोजगार गांरटी का कानूनी अधिकार समाप्त करना चाहती है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु छह दिवसीय प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ऋषि कांत के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। बालसा, पटना के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण डीएलएसए भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय के सचिव करूणा निधि प्रसाद आर्य कर रहे हैं। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 100 दिनों तक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें पराविधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) एवं अधिकार मित्र अहम भूमिका निभाएंगे।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के लिए पैनल अधिवक्ताओं एवं पराविधिक स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का भी सहयोग प्राप्त है। मौके पर डीएलएसए सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्य ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर कानूनी अपराध है, जिसके लिए दोषियों को 6 महीने तक की जेल या 2 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह में केवल माता-पिता ही नहीं, बल्कि टेंट संचालक, हलवाई, पंडित एवं आयोजन से जुड़े अन्य लोग भी दोषी माने जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तुरंत स्थानीय थाना या जिला प्रशासन को सूचित करें। अधिकार मित्रों एवं स्वयंसेवकों से आह्वान किया गया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और बेगूसराय जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर पीएलवी हरेराम दास, नंदकिशोर दास, शांतनु कुमार, मुरारी कुमार, प्रभात कुमार सिन्हा, पिंकी कुमारी, जया कुमारी, मोहन कुमार, शैलेश कुमार, विवेक कुमार सिन्हा, रेखा कुमारी, रूबी कुमारी, पैनल अधिवक्ता कन्हैया कुमार, पंकज कुमार, विष्णु देव भगत, विनोद कुमार, वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार झा, राम भूषण राय, डीएलएसए सहायक इंद्रसेन शर्मा, संगम मिश्रा, शशि कुमार, उदय कुमार, सौरभ कुमार, आलोक अजीत, माला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत डीएम पहुंचे मटिहानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत मटिहानी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन डीएम श्रीकांत शास्त्री ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया, इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रखंड में एक मडल विद्यालय बनाने हेतु चिन्हित करने का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायतों में सभी खराब पड़े सोलर स्ट्रीट लाईट को ठीक कराने का निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में खराब पैडल रिक्शा एवं ई-रिक्शा की मरम्मति कराने का निर्देश पंचायती राज पदाधिकारी को दिया। साथ ही लक्ष्य के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर सोखता निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक एलएसबीए को दिया।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी स्वीत एचडब्लूसी, एपीएचसी को यथाशीघ्र चालू करने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। राशन कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों को ससमय निशपादन करने का निर्देश एमओ को दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की एवं उनकी समस्याओं को सुना।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2026/बी/7063052, दिनांकः 02.01.2026,** सहायक पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती हैः **वस्तु श्रेणी**ः सेवाओं के लिए कस्टम बिड-हावड़ा स्टेशन ओल्ड कॉम्प्लेक्स प्लेटफॉर्म 1 से 15 एवं संबंधित क्षेत्रों की 2 वर्ष या 730 दिनों की अवधि के लिए परिणाम आधारित रैग पिकिंग सहित यंत्रचालित सफाई एवं निर्धारित कचरापेटी में गंदगी को उठाना, **समान श्रेणी**ः सफाई, स्वच्छता एवं कीटाणुरोधन सेवा-परिणाम आधारित। **अनुमानित बिड मूल्य** : रु.7,32,42,563.17, **ईएमडी विवरणः एडवाइजरी बैंक**ः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि** : रु.5,16,220/-, **अनुबंध अवधि**ः 2 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** दिनांक 23.01.2026 को 14.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समयः** दिनांक 23.01.2026 को 14.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का)**ः रु.367 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई हैः** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया**ः नहीं। **बिड का प्रकार** : दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय** : 2 दिन। **मूल्यांकन पद्धति :** कुल मूल्यवार मूल्यांकन। **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%)** : 5.00

HWH-517/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-सुखदेव-हाल्ट-25, दिनांकः 05.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-सुखदेव-हाल्ट-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल की बैण्डेल-कटवा शाखा में दाँईहाट और कटवा जंक्शन स्टेशनों के बीच सुखदेव हाल्ट का निर्माण। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 79,08,788.06, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 1,58,200/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 05.01.2026 को 18.23 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 14.01.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-514/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप का किया निरीक्षण, किसानों से लिया फीडबैक

## चार दिनों तक चलेगा कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विभिन्न पंचायतों में चार दिवसीय किसानों की डिजिटल आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। ऐसे में इस विशेष कैंप का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन, ने बुधवार को पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत मराँची गांव में इसका निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त समीर सौरव के साथ जिला कृषि पदाधिकारी शामिल रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में चल रहे चार-दिवसीय ई केवाईसी-फार्मर रजिस्ट्रेशन विशेष कैम्प का निरीक्षण किया गया। कैम्प में किसान बंधुओं की भागीदारी, कृषि फार्मर निबंधन के तहत जमाबंदी, बकेट क्लेम एवं सत्यापन के प्रतिशत का लक्ष्य तथा



इसके विरूद्ध अद्यतन कृत कार्रवाई, फार्मर रजिस्ट्री आईडी निर्माण में प्रगति की स्थिति, तकनीकी मामलों इत्यादि की गहनतापूर्वक जांच की गई। पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत स्थित मराँची गाँव का भ्रमण कर पंचायत में चल रहे ई केवाईसी-फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से भी फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर आईडी काफी उपयोगी है। इसके लिए हर पंचायत में विशेष कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प में अधिक-से-अधिक किसान भागीदारी करें, फार्मर आईडी बनवाएँ एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा चेकलिस्ट के अनुसार समर्पित किए जाने वाले जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जनहित में आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता को और सुदृढ़ करने के लिए समय-समय पर योजनाओं की जाँच की जा रही है। विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान मसौढ़ी एसडीएम अभिषेक कुमार एवं पुनपुन बीडीओ उदय कुमार एवं ममता कुमारी के साथ अन्य सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# शिक्षण प्रक्रिया में पीयर लर्निंग को बढ़ावा देंगे शिक्षक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** समग्र शिक्षा वार्षिक कार्य योजना में पीयर-टू-पीयर लर्निंग एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में शामिल किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है और इसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। ऐसे में बुधवार में संत मेरीस विद्यालय में +2 प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के 30 छात्राएँ अपने शिक्षकों संग (पंकज कुमार, अर्चना गुप्ता, संजना कुमारी एवं अजीत कुमार) के साथ समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत पीयर-टू पीयर लर्निंग हेतु आये। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर चर्चा कि साथ ही संत मेरीस विद्यालय की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्युटर लैब का मुआयना किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य पी. बासकर आये हुए छात्राओं और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों को एक दूसरे के करीब आने का अवसर मिलता है जो उनके समग्र विकास में सहायक होगा, साथ ही उन्होंने यह आशा प्रकट कि, भविष्य में ऐसे और अवसर बने जिससे अन्य विद्यालय भी एक-दूसरे के अपसी सहयोग से लाभान्वित हो सकें। इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। छात्रों को एक-दूसरे से सीखने के लिए प्रोत्साहित करना, जिससे उनकी समझ बेहतर हो और वे प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखें। यह शिक्षकों को भी अपने सर्वोत्तम अभ्यासों और शिक्षण सामग्री को साझा करने में मदद करता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पूर्वी भारत की ऊर्जा ...

गया। जिला प्रशासन ने जिलाधिकारी के नेतृत्व में भूमि पुनर्वर्गीकरण और शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया। प्रगति मंच के तहत हस्तक्षेप के बाद 162 एकड़ शेष भूमि अधिग्रहण और 16 प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की समयसीमा तय की गई जिससे परियोजना को नई गति मिली। निरंतर समन्वय के परिणामस्वरूप परियोजना की अंतिम इकाई का वाणिज्यिक संचालन 3 जून 2022 को शुरू हुआ और परियोजना शत-प्रतिशत पूर्ण हुई। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में परियोजना ने डेढ़ लाख से अधिक पौधारोपण, दो जलाशयों के पुनर्जीवन और शुद्ध जल के पुनः उपयोग जैसे कदम उठाए। अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल बॉयलर, ड्राई ऐश हैंडलिंग सिस्टम और फ्लाई ऐश उपयोग योजना से पर्यावरणीय प्रभाव भी कम किया गया। सामाजिक स्तर पर स्थानीय युवाओं को सिपेट हाजीपुर में प्रशिक्षण, परियोजना प्रभावित परिवारों को कृषि, वर्मी कम्पोस्टिंग, मधुमक्खी पालन और सिलाई प्रशिक्षण दिया गया। नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना आज ऊर्ज़ा सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक विकास का सफल उदाहरण बनकर उभरी है।

### भगवान राम के नाम ...

मजबूत करने और रोजगार का माध्यम और ज्यादा सृजित करने के लिए यह बिल लाया गया है। हमलोग इसका स्वागत करते हैं। वहीं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष दुष्प्रचार कर रहा है जबकि 'जी राम जी' अधिक दिनों तक रोजगार मुहैया कराएगा। उन्होंने कहा कि पहले जहां 100 दिन की गारंटी थी वहीं अब इस नए कानून में 125 दिन की गारंटी दी गई है। इस कानून से पारदर्शिता आएगी और इसके कारण मजदूरों को लाभ मिलेगा लेकिन विपक्ष बेवजह भ्रम फैला रहा है। रोजगार के अधिकार को कम करने का विपक्ष का आरोप निराधार और पूरी तरह से भ्रामक है। मनरेगा के तहत जहां 100 दिन रोजगारी की गारंटी दी जाती थी। वहीं अब वीबी जी राम जी बिल के तहत साल में 125 दिन रोजगार की गारंटी दी गई है। यह बिल मजदूरों के हित में है। प्रेस वार्ता में मौजूद लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 रुपये जब केंद्र भेजता है तो 10 रुपये ही गरीबों के पास पहुंचता है। मनरेगा में भी कई तरह के भ्रष्टाचार थे लेकिन इस नए कानून में उस पर नियंत्रण लगेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी जानी चाहिए।

# सीएम के संभावित दौरे को लेकर डीएम ने मरांची और नदवां खेल मैदान का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी 26 जनवरी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित कार्यक्रम को लेकर पटना जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने अपनी पूरी टीम के साथ बुधवार को पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत के मरांची गांव स्थित महादलित टोला का स्थल निरिक्षण किया, उसी दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उसके बाद धनरूआ प्रखंड के नदवां खेल मैदान का भी जायजा लिया, इस मौके पर उप विकास आयुक्त समीर सौरभ, अनुमंडल पदाधिकारी मसौढी अभिषेक कुमार समेत सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं अन्य कई पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। दरअसल बताया जाता है कि आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर महादलित टोलों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शिरकत किया जाएगा। हालांकि अभी तक दो जगह में से किसी जगह में फाइनल नहीं हुआ है लेकिन तैयारी जोरों पर चल रही है किसी एक जगह पर फाइनल होते ही स्थानीय प्रशासन जोर शोर में तैयारी में जुटेगें।

# महाविद्यालय के संस्थापक बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा (एस0 यू0 कॉलेज) के संस्थापक, महान समाजसेवी, दार्शनिक और शिक्षा प्रेमी विष्णु प्रकाश उदासीन उर्फ 'झक्कड़ बाबा' की 52वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में नेकी की दीवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता कर मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाना था। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह एवं एनएसएस



कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने संयुक्त रूप से नेकी की दीवार का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि झक्कड़ बाबा न केवल एक महान शिक्षाविद् थे, बल्कि वे त्याग, तपस्या और सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने कहा कि बाबा विष्णु प्रकाश ने भिक्षाटन कर महाविद्यालय के निर्माण का संकल्प पूरा किया और अपने नाम पर महाविद्यालय का नाम न रखकर अपने गुरु श्रीचंद जी के नाम पर इसका नामकरण किया। मौके पर वितेक्षक डॉ पीसी चौरसिया, प्रो. अरविंद कुमार, डॉ घनश्याम कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ शिव प्रसाद ठाकुर, डॉ सम्राट सरकार, डॉ संदीपा इंद्रा, डॉ अश्विनी कुमार झा, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ पंकज कुमार सिंह, राजमणि प्रसाद, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन सिंह, एकाउंटेंट रोनित रॉय, आलोक कुमार सिंह, कुमार पवन, जलेंद्र कुमार, सचिव शैलेश कुमार,कंप्यूटर सहायक मधुसूदन कुमार, छात्र संघ प्रतिनिधि रिशु पटेल, मुनील कुमार, बीरेंद्र कुमार, चिंटू कुमार, राजा कुमार, नवीन कुमार, सनोज मालाकार, सुनीती देवी, गनौरी प्रसाद, गुड्डू, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# हाईस्कूल के पास यात्री शेड निर्माण का विरोध, काम पर लगी रोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज नगर पंचायत द्वारा हाईस्कूल के समीप दुर्गा मंदिर के पास यात्री सेड का निर्माण कराया जा रहा था। इस निर्माण का नगर बाजार के लोगों ने विरोध किया और पालीगंज एसडीओ को आवेदन देकर काम पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही आरसीडी पथ विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की गई। नगरवासी संदीप गुप्ता ने कई लोगों के हस्ताक्षर युक्त अपने आवेदन में कहा कि हाईस्कूल के पास यात्री सेड बनने से छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि कौन से उचित नहीं है। शिकायत मिलने के बाद आरसीडी पथ विभाग के एसडीओ रमेश पावन और कनीय अभियंता राहुल कुमार मंगलम पालीगंज पहुंचे और निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने तुरंत निर्माण कार्य बंद करा दिया। इस संबंध में आरसीडी विभाग के एसडीओ ने बताया कि यात्री सेड का निर्माण सड़क विभाग की जमीन पर किया जा रहा था और इसके लिए विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी नहीं लिया गया था। जब तक एनओसी नहीं मिलती, तब तक कोई निर्माण कार्य नहीं होगा। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र बैठा ने बताया कि नगर वासियों के जनहित में यात्री सेड का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन एनओसी नहीं ली गई थी। इसी कारण निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

# कागजातों के सही रख-रखाव के दिए गए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को धनरूआ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आरटीपीएस काउंटर का अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली ने निरीक्षण किया। मौके पर धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी, धनरूआ अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी शामिल रही। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई, वेब कैमरा, काउंटर के समय सीमा का निर्धारण, संचिकाओं व कागजात के रखरखाव की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, काउंटर पर बिचौलियों की सक्रियता इत्यादि बिदुओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था को संतोषप्रद पाया। उन्होंने



बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आरटीपीएस कार्यालय एवं काउंटरों की जांच की गई। जिसमें आरटीपीएस अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का दीवार पर स्पष्ट लेखन है या नहीं, अधिसूचित सेवाओं के संबंध में सूचनाएं प्रदर्शित है या नहीं, संबंधित संचिका पंजी व कागजात का रखरखाव उचित है या नहीं इसको देखा गया। काउंटर पर दीवाल लेखन किया गया है। संचिकाओं के रखरखाव की व्यवस्था है। आरटीपीएस के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों को हस्तलिखित प्राप्त करने का प्रावधान है। प्रिंटेड आवेदन कतई स्वीकार नहीं करना है। प्रिटेड आवेदन बेचने वाले दुकानों पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रायः देखा जाता है कि आरटीपीएस काउंटर पर सेवा प्रदान करने के नाम पर बिचौलिए हावी रहते हैं। जांच के दौरान इस तरह का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया। आरटीपीएस काउंटर पर वेब कैमरा आज ही अधिष्ठापित किया गया है। जांच के दौरान देखा गया कि वेब कैमरा काम कर रहा है। आरटीपीएस काउंटर पर आवेदकों के बैठने व शेड की व्यवस्था का प्रावधान है। काउंटर पर शेड लगा हुआ है। जांच के दौरान जो कमियां सामने आई हैं उन्हें दूर करने निर्देश दिया गया है। काउंटर पर कार्यरत कर्मियों से भी व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली गयी।उन्होंने कहा कि आरटीपीएस सेवाओं का उद्देश्य आम जनता को प्रमाण-पत्र एवं अन्य सेवाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराना है।

# मंत्री लखेन्द्र पासवान का मसौढी में किया गया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान का बुधवार को मसौढ़ी के सरवां रेलवे गुमटी के पास दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगो का अभिवादन स्वीकार कर आभार व्यक्त किया और नववर्ष की शुभकामना दी। स्वागत, वही अपने सभी समर्थ को से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी अनुसूचित जनजाति एवं जनजाति को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में जागरूकता फैलाएं एवं उन्हें जागरूक भी करें मौके पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव, मंतोष पासवान, राकेश कुमार ,मुन्ना पासवान, अजय कुमार शर्मा, मुकेश पासवान, लखन सिंह चंदेल समेत कई समर्थक शामिल रहे।

## बाधित रहेगी बिजली

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढी ग्रीड से जुड़े 5 फिडरों का आज यानी गुरुवार को 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी जो सुबह 09 बजे से 11:30 बजे तक रहेगी। 132/33 के वी ग्रिड उपकेंद्र मसौढ़ी में 132 के. वी. मैनबस का शीतकालीन अनुरक्षण कार्य किया जाना है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.**
**SEE-GSUBLT-25-26-01**

CAO/CON/RSP/MHX भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली ई –निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 29.01.2026 को 15:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है। **Name of Works :** At BGS :- Provision of Ballast less track at all platform lines of Begusarai (BGS) Station., **Approx. Cost (in Rs.) :** 13,18,11,402.04, **Earnest Money (in Rs.) :** 8,09,100.00. उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। **उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/1578/एसईई–जीएस/जीएस/टी/25–26/28


# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंद शर्मा के आकस्मिक निधन हो जाने पर धनरूआ शिक्षक संघ के द्वारा बीआरसी प्रागंण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड स्तर के सभी शिक्षक शामिल हुए। शोक सभा में शिक्षक संघ धनरूआ के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार हिमांशु, श्रीनिवाश, अमित प्रकाश, रबिंद्र कुमार, संजय कुमार, अशोक कुमार, ललन कुमार, मृत्युंजय कुमार, अनिल कुमार, वंदना कुमारी, शीला देवी, ज्योति कुमारी, राकेश कुमार, अभय कुमार, धनंजय कुमार, अमृता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# मजदूरों को दी जाएगी ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रोजेक्ट 'उन्नति' का उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों के कौशल को बढ़ाकर उनकी आजीविका में सुधार करना है, ताकि वे आंशिक रोजगार से पूर्णकालिक रोजगार की ओर बढ़ सकें और मनरेगा पर अपनी निर्भरता कम कर सकें।ऐसे में मसौढी में मनरेगा में मजदूरी करने वाले मजदूरों को काम के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा. जिसको लेकर ग्रामीण विकास विभाग के अग्रणी पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा 18 वर्ष से 50 वर्ष के आयु के युवक युवतियों को अपनी इच्छा अनुसार उनके विषय में प्रशिक्षण दिया जाना है।. जिससे मनरेगा मजदूर मजदूरी के साथ-साथ नई व्यवसाय की ट्रेनिंग लेने के बाद अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे. जिससे उन्हें अब काम की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा. इसके अलावा ट्रेनिंग के दौरान उन्हें पैसों का भुगतान भी किया जाएगा। जीवीकोपार्जन विशेषज्ञ जीविका के युसूफ सिद्दीकी ने कहा कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को प्रोजेक्ट उन्नति योजना चलाई जा रही है जिससे उन्हें काम की तलाश नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जो मजदूर सौ दिन तक मनरेगा में काम कर चुके हैं और उनके पास जॉब कार्ड भी है. ऐसे मजदूरों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा. इस योजना के जरिए उनकी एक सूची तैयार कर कौशल विकास मिशन और आरसेटी के तहत अलग-अलग व्यवसाययों की फ्री ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। इस दौरान मनरेगा मजदूर सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग और पशुपालन समेत कई अन्य व्यवसाययों की फ्री ट्रेनिंग लें सकेगे। वहीं इस दौरान उन्हें मनरेगा मजदूरी के हिसाब से ट्रेनिंग के दिनों का पैसा भी दिया जाएगा। मौके पर राजू कुमार सीनियर फैसिलिटी पीएनबी बैंक के साथ इंद्रजीत कुमार मौजूद रहे।

# लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने फार्मर आईडी कैंप का किया निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फार्मर आईडी रजिस्ट्री को लेकर मसौढ़ी प्रखंड में पंचायत स्तर पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। मसौढी प्रखंड के चार पंचायतो में कैंप का आयोजन किया गया आगामी 9 जनवरी तक प्रत्येक दिन चार पंचायत में यह कैंप को लगाया जाएगा जहां पर किसानों के फार्मर आईडी का केसीसी सत्यापन किया जाना है इसी बीच बुधवार धनरूआ प्रखंड के देवधा पंचायत में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली एवं अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने कैंप का निरीक्षण किया और किसानों से फीडबैक लिए वही मसौढी प्रखंड के देवरिया एवं लखनौर बेदौली के पंचायत सरकार भवन में लगे हुए विशेष कैंप का अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह ने निरिक्षण लिया जहां मौके पर कृषि कोऑर्डिनेटर विजय कुमार किसान सलाहकार और अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। किसान कोऑर्डिनेटर विजय कुमार ने बताया कि 65 किसानों का केवाईसी किया गया और 29 किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया गया है। वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह ने बताया कि किसानों का डिजिटल आईडी बनाना बेहद जरूरी है किसानों को अब सरकार की सभी योजनाओं का लाभ इससे मिलेग। उन्होंने किसानों से अपील किया है कि वह साथ समय अपने-अपने पंचायत में लगे हुए शिविर में जाकर अपना फार्मर आईडी बनवा लें अन्यथा किसने की सूची से उनका नाम कट जाएगा, फिर सरकार के अन्य योजनाओं को लाभ लेने से वंचित हो जाएंगे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/41/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्त्तो को पूरा करते हों, उनसे निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/41/2025–26, क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम : शेड्यूल–A :–** JAJ के 33/11 kV सब–स्टेशनों और BXR, RJPB, PPTA, GZH और KIUL के 11/0.415 kV सब–स्टेशनों में इलेक्ट्रिकल एसेट्स को मजबूत करना। **शेड्यूल–B :–** PRP, दीघा में पुराने 11 kV स्विच रूम कंट्रोल को मुख्य 11/0.415 kV सब–स्टेशन में शिफ्ट करना।, **क्र.सं. :** 2, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,87,87,009.00/–, **क्र.सं. :** 3, **अग्रधन राशि :** ₹ 3,43,900/–, **क्र.सं. :** 4, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 30.01.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है।, **क्र.सं. :** 5, **उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा./ का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो, तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.), पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/1579/डीएनआर/वि./टी/25–26/48


# बासगित पर्चा देकर भी बसाना भूल गई सरकार

## हुराडी गांव के 8 पर्चाधारी 15 वर्षों से कर रहे इंतजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बसेरा अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां पर सरकार ने उन सभी भूमिहीनों को जमीन का पर्चा तो दे दी लेकिन आज तक उन सभी भूमिहीन परिवारों को दखल दहानी नहीं किया गया है। नतीजन आज भी उन भूमिहीनों के निगाहें सरकार की ओर टीकी हुई है कि कब हम सब लोगों को वह दखल कब्जा दिलायेंगे, और कब हम अपना आशियाना बनाएंगे। दरअसल मामला मसौढ़ी प्रखंड के नूरा पंचायत के हुडारी गांव का है, जहां



तकरीबन आठ भूमिहीन परिवारों को वर्ष 2009- 10 की योजना में बासगित पर्चा दिया गया था, उस पर्चा में खाता संख्या, खेसरा संख्या, रखवा सभी अंकित है। लेकिन लेकिन वह जमीन कहां है किसी को पता नहीं। वहीं अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पासवान एवं संजय पासवान ने अंचल प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन बासगित पर्चाधारियों को जमीन पर कब्जा नहीं दिलाएंगे तो अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बासगित परचाधारियों में गोविंद मांझी पिता ललित मांझी, राजू मांझी पिता बाबू चांद मांझी, गणेश मांझी पिता रामजीवन मांझी, विजेंद्र मांझी पिता द्वारिक मांझी, बिंदेश्वरी मांझी पिता दुलारचंद मांझी, प्रमोद मांझी पिता फूलचंद मांझी, उर्मिला देवी पति रामप्यारी मांझी, मिथुन मांझी पिता देवेंद्र मांझी आदि हैं। इस पूरे मामले में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया उन सभी बासगित परचाधारियों को जल्द ही जमीन चिह्नित करते हुए दखलदहानी कराई जाएगी। उस पंचायत के राजस्व कर्मी को निर्देशित किया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम एवं स्थान :** बिहटा–अनुग्रह नारायण रोड प्रस्तावित नई लाइन, बिहटा ROR, बख्तियारपुर–फतुहा और पुनारख–बाढ़–बख्तियारपुर सेक्शन के बीच तीसरी–चौथी लाइन और CEE/C/S/MHX के तहत किसी भी अन्य स्थान के अलाइनमेंट में आने वाले SBPDCL/ अन्य अथॉरिटी की HT (33/11KV) और LT ओवरहेड बिजली लाइनों को हटाने और अन्य बिजली से जुड़े कामों के लिए चालू अनुबंध। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/05/25-26., **क्रम सं. :** 2, **अनुमानित कार्य की लागतः** रू. 26,69,37,773.19/–, **क्रम सं. :** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. :** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय :** 24 माह, **क्रम सं. :** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 27.01.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. :** 6, **वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। :** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईटः **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना– 800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण–।।/दक्षिण पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना**

पीआर/1572/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/नि./टी/25–26/40

# निर्धारित समय पर पूर्ण हो उत्तर कोयल नहर परियोजना का कार्य : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा बुधवार को उत्तर कोयल नहर परियोजना के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण एवं हवाई सर्वेक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा गया एवं औरंगाबाद जिले की सीमा पर स्थित आमस क्षेत्र में परियोजना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में अपेक्षित तेजी लाने तथा परियोजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा परियोजना की अद्यतन स्थिति, भौतिक प्रगति एवं शेष कार्यों के संबंध में मुख्य सचिव को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात मुख्य सचिव द्वारा देव एवं मदनपुर क्षेत्र में उत्तर कोयल नहर परियोजना का हवाई निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नहरों में जल जमाव की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए जल संसाधन विभाग के पदाधिकारियों को डिवाटरिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कर्मा मसूद एवं अहमदनगर में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मुख्य सचिव ने उत्तर कोयल नहर परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित गति से कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया।

# लगातार हार से कांग्रेस नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ा : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कांग्रेस आज विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होते हुए भी पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। लगातार मिल रही चुनावी हार के कारण कांग्रेस नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्हें यह तक समझ नहीं आ रहा कि क्या बोलना है और क्या बोल रहे हैं। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में शरजील इमाम के समर्थन में छात्र संगठनों द्वारा लगाए गए राष्ट्रविरोधी नारों का समर्थन कर कांग्रेस नेताओं ने निंदनीय कार्य किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पहले भी देश में हुई आतंकी घटनाओं पर नरम रुख अपनाती रही है, जो अब उसकी आदत बन चुकी है। पूर्व सांसद ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति से भारत के राष्ट्रपति की तुलना करना और भारत के प्रधानमंत्री के अमेरिका द्वारा अपहरण किए जाने जैसे बयान देना कांग्रेस नेताओं के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह समझना चाहिए कि भारत आज विश्व की प्रमुख वैश्विक शक्तियों में शामिल है और जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2026 के अंत तक भारत के तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक का सबसे खराब रहा है, जिससे पार्टी के नेता हताश और विचलित हो गए हैं। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी चुनाव में कांग्रेस की स्थिति पहले से ही कमजोर बनी हुई है। धान खरीदारी में किसानों को हो रही परेशानियों पर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष चावल का भंडार आवश्यकता से अधिक है, इसी कारण सरकार ने खरीद लक्ष्य कम कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने सहकारिता मंत्री से बातचीत कर भारत सरकार को पत्र भेजने का आग्रह किया है, ताकि खरीद लक्ष्य बढ़ाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कई पैक्स ऐसे हैं, जिन्हें मिला खरीद लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकारी व्यवस्था की लापरवाही के कारण असिंचित पंचायतों का खरीद लक्ष्य बढ़ा दिया गया है, जबकि सिंचित पंचायतों का लक्ष्य घटा दिया गया है। इसके अलावा डिफाल्टर पैक्स से जुड़े किसानों को पास की पंचायत में टैग करने के बजाय 20 से 25 किलोमीटर दूर भेजा जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने जिला प्रशासन को भी जानकारी दी है, जिसके बाद कुछ सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पारदर्शी तरीके से धान की खरीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर पूर्व सांसद ने कहा कि इस वर्ष बारिश शुरू होने से पहले कुटकू डैम में लोहे का फाटक लगाए जाने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ अनुकूल रहा तो किसानों का वर्षों पुराना सपना साकार होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है, जिसमें राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस शामिल हैं, इसके बावजूद भारत सरकार इस परियोजना में गहरी रुचि ले रही है और झारखंड सरकार ने भी सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यह देश में पहली बार हो रहा है जब एक ही जमीन का दो बार मुआवजा दिया जा रहा है। इससे लगभग 50 लाख किसान प्रभावित हो रहे हैं और उनके हित में यह निर्णय लिया गया है। किसानों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लगातार चल रही है। औरंगाबाद बाईपास निर्माण को लेकर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 में निर्माण कार्य शुरू होने की पूरी उम्मीद है। प्रेस वार्ता में शिक्षाविद सूर्यपत सिंह, भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा, मोनिंद्र कुमार, जिला प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़कों के विकास को लेकर ग्रामीण कार्य मंत्री से मिले विधायक प्रकाश चन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओबरा।** ओबरा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री डॉ अशोक चौधरी और ओबरा के विधायक डॉ प्रकाश चन्द्रा के बीच एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक मुलाकात हुई। यह बैठक नव वर्ष की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ शुरू हुई, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक डॉ प्रकाश चन्द्रा ने ओबरा विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण, साथ ही अत्यावश्यक मरम्मत योग्य सड़कों से संबंधित एक विस्तृत सूची मंत्री को सौंपी। सूची में ग्रामीण क्षेत्रों की उन सड़कों और पुलों को शामिल किया गया है, जिनकी स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है और जिनके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ अशोक चौधरी ने सूची का अवलोकन करते हुए आश्वासन दिया कि जिन सड़कों और पुलों की आवश्यकता सर्वाधिक है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के बाद सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर निविदा जारी की जाएगी और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता है।

# नक्सली ठिकाने से हथियार व विस्फोटक बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद एवं गया जिले के नक्सल प्रभावित सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को जंगल में छिपाकर रखे गए दो कमांड आइइडी मिले, जिनका वजन ढाई-ढाई किलो बताया जा रहा है। इसके अलावा एक देसी बंदूक, एक देसी कट्टा, एक जिंदा राउंड कारतूस और अन्य नक्सली उपयोग की सामग्री भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई डुमरिया प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा थाना क्षेत्र के पचरुखिया जंगल में की गयी है। इससे साफ है कि किसी बड़ी नक्सली वारदात की फिराक में थे। सुरक्षाबलों का मानना है कि बरामद विस्फोटकों का इस्तेमाल किसी बड़े हमले में किया जा सकता था। इसी को देखते हुए जिला पुलिस और केंद्रीय बलों ने नक्सली गतिविधियों से जुड़े इनपुट के आधार पर अति संवेदनशील और जंगली इलाकों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की है। डॉग स्क्वाड, मेटल डिटेक्टर और आधुनिक उपकरणों की मदद से लगातार निगरानी रखी जा रही है, साथ ही नियमित रूप से सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान बरामद किए गए दोनों कमांड आईईडी को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया, जिससे किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की आशंका टल गई। हथियार और सामग्री को जब्ती सूची में दर्ज कर स्थानीय थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। औरंगाबाद स्थित सीआरपीएफ 47वीं बटालियन के कंपनी कमांडेंट अवधेश कुमार सिंह के निर्देशन में यह ऑपरेशन चलाया गया। जबकि स्थानीय स्तर पर कमांडेंट धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई सफलतापूर्वक हुई। कंपनी कमांडेंट ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के अमरपुरा पश्चिम में संदिग्ध अवस्था में एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने रफीगंज पुलिस को दी। मृतका की पहचान अमरपुरा पश्चिम निवासी बिनेश्वर यादव की पत्नी रीना देवी उर्फ अलखी देवी के रूप में की गई है। प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि एक महिला की संदिग्ध व्यवस्था में मौत हो गई है। एसआई उमेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेजा गया है। परिजनों के अनुसार महिला की बीमारी के कारण मौत होने की जानकारी दी गई है लेकिन पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर निगाहें लगाई हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 12 साल पहले महिला की शादी हुई थी उनके पति कृषि एवं मजदूरी का कार्य करते हैं।

# सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के सुरजन बिगहा और भूसौली गांव के समीप एक थार की चपेट में आने से जख्मी 25 वर्षीय युवक की मौत बुधवार को बनारस के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान तेंदुआ भुसौली गांव निवासी परशुराम ठाकुर के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि पवन भूसौली गांव के समीप अपना सैलून चलाकर परिवार का भी भरण-पोषण होता था। सोमवार की शाम वह अपने घर से सैलून जाने के लिए निकला था। सैलून के पास ही वह सड़क किनारे खड़ा होकर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित थार की चपेट में आने से जख्मी हो गया। हालांकि घटना के बाद भाग रहे थार को स्थानीय लोगों ने जब्त कर लिया और पुलिस को सुपूर्द कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा पवन को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन ट्रामा सेंटर बनारस लेकर चले गए जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे। इसके बाद नवीनगर पुलिस गांव में पहुंची और परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया। जब्त थार के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## आसनसोल को हरा औरंगाबाद बना विजेता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित गेट स्कूल के मैदान में रविवार से आयोजित हो रहे औरंगाबाद गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का चौथा मुकाबाला मेजबान औरंगाबाद व पश्चिम बंगाल के आसनसोल टीम के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन राजद नेता सह विरासत बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, कैमूर फुटबाल संघ के अध्यक्ष विरेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद खुर्शीद अहमद आदि ने किया। सत्येन्द्र यादव ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। मैच आरंभ से ही एकतरफा रहा। औरंगाबाद की टीम पूरी तरह पूरे मैच में आसनसोल की टीम पर हावी रही। मैच शुरू होते ही औरंगाबाद के रामू प्रसाद ने आठवें मिनट जबकि 46वें मिनट पर औरंगाबाद टीम के इजतराइ ने दूसरा गोल कर अपनी टीम को मजबूती स्थिति में पहुंचा दिया। इस प्रकार औरंगाबाद की टीम को 2-0 से विजेता घोषित किया गया।

# डोर-टू-डोर अभियान चलाकर बनाया जा रहा है फार्मर आईडी कार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के किसानों को डिजिटल पहचान दिलाने के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' किसान की डिजिटल पहचान अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर कैंप मोड में किसानों का फार्मर आईडी कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से पात्र किसानों का फार्मर आईडी कार्ड बनाया जाए ताकि कोई भी किसान इस योजना से वंचित न रह सके। फार्मर आईडी कार्ड निर्माण कार्य के अनुश्रवण एवं किसानों को आ रही समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां प्राप्त शिकायतों का ससमय निष्पादन किया जा रहा है। बुधवार 7 जनवरी को जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। वहीं 8 एवं 9 जनवरी को भी इसी प्रकार शिविरों के माध्यम से तथा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर फार्मर आईडी कार्ड निर्माण का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा जिले के समस्त किसानों से इस अभियान का लाभ लेने की अपील की गई है।

# एनटीपीसी में नए श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नबीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनटीपीसी) में चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन उप मुख्य श्रम आयुक्त सचिन कुमार एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी एम. पी. सिंह तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा तथा महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) अनिल कुमार टी. सी. द्वारा उप मुख्य श्रम आयुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी का स्वागत किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एनटीपीसी नबीनगर के वरिष्ठ अधिकारीगण, मुख्य ठेकेदारों के अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं श्रमिकों ने सहभागिता की। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य नए श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इन संहिताओं में किए गए प्रमुख विधायी परिवर्तनों की जानकारी साझा करना था। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने चारों श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभाव एवं कार्यान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों एवं प्रबंधन को नए श्रम कानूनों की बेहतर समझ प्राप्त हुई जिससे भविष्य में उनके प्रभावी अनुपालन में सहायता मिलेगी। एनटीपीसी नबीनगर प्रबंधन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाता है जिससे सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अपने अधिकारों की जानकारी मिलती रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# रोजगार का लालच देकर की जालसाजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रोजगार देने के नाम पर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को एक दर्जन के अधिक महिलाएं औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास पर पहुंची और उनसे कार्रवाई कराने की मांग की। इस दौरान कुटुंबा प्रखंड के सिमरा गांव की शीला देवी, शोभा देवी, रूखसाना खातून, रेखा देवी आदि ने बताया कि सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराईन गांव निवासी सतरंजन ठाकुर की पत्नी पूनम देवी ने एक साल पहले साड़ी बाइडिंग का काम देने के नाम पर खाता खुलवाया और उस पर लोन निकाल लिया। इसकी जानकारी उन्हें तब मिली जब इसी खाते में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये आया था और उसे निकालने बैंक गया तो बताया गया कि उनका खाता बंद कर दिया गया है। महिलाओं ने पूर्व सांसद से इस दिशा में कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं ने पूर्व सांसद को बताया कि आरोपी महिला पूर्व में भी धोखाधड़ी के आरोप में जेल जा चुकी है। महिलाओं ने बताया कि कजपा, मुर्गी बिगहा गांव की महिलाओं को भी साड़ी बैंडिंग का काम देने के नाम पर खाता खुलवाया गया और धोखाधड़ी की गयी। पूर्व सांसद ने कहा कि वे महिलाओं की फरियाद पर साइबर थाना के अधिकारियों से बात कर मामले की जांच करने का आग्रह किया है। जांच के बाद ही सही गलत का पता चलेगा। अगर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हुई होगी तो निश्चित ही इसमें कार्रवाई होगी।

## कडाके की ठंड में इफको बना ज़रूरतमंदों का सहारा




**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बढ़ती ठंड को लेकर इफको द्वारा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बारून प्रखंड क्षेत्र के सतुआही में किया गया। इफको के क्षेत्रीय अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि लगातार कई दिनों से शीतलहर और कनकनी के कारण ठंड काफी बढ़ गया है। गरीब असहाय लोगों को कंबल सहित ठंड से बचने के लिए उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि हर किसी को आगे आकर गरीबों की मदद करने चाहिए। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि सर्दी से बचाव के लिए गरीबों को यथासंभव मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर एसएफए राज पाठक, राहुल कुमार, विक्रम कुमार राजा कुमार, रामबालक मेहता, बिजेंद्र सिंह के साथ अन्य 75 लोग मौजूद रहे।

